# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025



8 फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ





मैट्रो
14 अधिवक्ता अधिनियम संशोधन के ..


श्रीअवध प्रोफाइल, एग्रो इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर और लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने 'हरिभूमि' से कहा


# नए निवेश से प्रदेश में बड़े उद्योगों की सैकड़ों सहायक औद्योगिक कंपनियां भी खुलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में निवेश का नया माहौल बना है और वैश्विक उद्योग जगत ने मध्यप्रदेश को अपनी विस्तार योजनाओं में प्राथमिकता मिल रही है। राजधानी के लिए हर्ष का विषय है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 भोपाल में आयोजित होने जा रही है। समिट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

भोपाल इसे उत्सव के रूप में मनाने के लिए तैयार है। इस समिट से मध्य प्रदेश के इंडस्ट्रियल सेक्टर में तेजी आएगी और मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। यह बात मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित श्रीअवध प्रोफाइल और एग्रो इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर और लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने 'हरिभूमि' से कही।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 प्रदेश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

## बाजारों में पैसे का प्रवाह भी बढ़ेगा

गुप्ता ने कहा कि भोपाल औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राजधानी के पास पहले से ही औद्योगिक विकास के लिए मजबूत आधार मौजूद है। अतः समिट में होने वाले एमओयू और इसके धरातल पर उतरने से बाजारों में पैसे का प्रवाह भी बढ़ेगा। यह भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम भी साबित होगा। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे व्यापारिक माहौल और अधिक अनुकूल बनेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में निवेश को आकर्षित करने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने और शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### वर्ल्ड क्लास लेटेस्ट टेक्नोलॉजी भी आएगी

गुप्ता ने कहा कि यह समिट औद्योगिक विकास के आधार को मजूबत करेगी। नए निवेशों से प्रदेश में बड़े उद्योगों की सैकड़ों सहायक औद्योगिक कंपनियां भी खुलेंगीं, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे। विदेशी कंपनियों के आने से मध्य प्रदेश में वर्ल्ड क्लास लेटेस्ट टेक्नोलॉजी आएगी, जिससे प्रदेश के लोकल उद्योगों को भी लाभ होगा। मध्यप्रदेश देश का केंद्र होने के कारण आवागमन के आलवा भौगोलिक हिसाब से यहां इंडस्ट्री का आना काफी लाभदायक होगा। मध्यप्रदेश में जिस तरह से सुविधाएं (रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर्स) हैं वह काफी सराहनीय हैं। *इंपैक्ट फीचर*

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार देगी 5 लाख लिमिट वाला क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छोटे कारोबार को बढ़ावा दे रही है। लोन के लिए बजट में क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने का ऐलान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम उद्यम पोर्टल पर रजिस्टर्ड माइक्रो यानी सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की सीमा वाले विशेष कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि पहले वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे।



### धनश्री ने चहल से मांगी 60 करोड़ की एलिमनी?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा अब साथ नहीं हैं। दोनों का तलाक हो गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया जाने लगा कि युजवेंद्र चहल को तलाक के बाद धनश्री को 60 करोड़ रुपए की एलिमनी देनी पड़ी है। हालांकि, ये सच नहीं है। इस बता की पुष्टि धनश्री के परिवार के एक सदस्य ने की है। धनश्री के परिवार के सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर एक इंटरव्यू में कहा कि हम गुजारा भत्ता के बारे में प्रसारित किए जा रहे निराधार दावों से बहुत नाराज हैं। मैं स्पष्ट कर दूं, हमने न कभी एलिमनी मांगी और न ही सामने से हमे एलिमनी ऑफर की गई।



### हाथरस भगदड़ कांड में भोले बाबा को क्लीन चिट

**लखनऊ।** हाथरस कांड की न्यायिक जांच की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है। फिलहाल राज्य सरकार ने रिपोर्ट के तथ्यों का सार्वजनिक नहीं किया है। सूत्रों की मानें तो रिपोर्ट में भोले बाबा को आरोपी नहीं ठहराया गया है, जिससे उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आयोग ने पुलिस की जांच को सही पाया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के सुझाव भी दिए हैं।



हमने देवी-देवता नहीं देखे, लेकिन माता-पिता में दोनों को पा सकते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को जारी की लैपटॉप राशि

प्रत्येक विद्यार्थी को पहुंचे 25-25 हजार रूपए, अपनी पसंद से ले सकेंगे लैपटॉप

# सफलता के लिए दृढ़ इच्छा, लक्ष्य के प्रति ध्यान, सतर्कता व स्फूर्ति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार का दिन विशेष रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी स्थित प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप लेने के लिए 224 करोड़ की राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रूपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार, अपनी इच्छानुसार स्थान से लैपटॉप लें और लैपटॉप खरीदने की रसीद अपनी शाला में आवश्यक रूप से जमा कराएं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के पांच गुणों को दर्शाने वाले श्लोक कग चेष्टा, बको ध्यानं, स्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी, गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणं का उल्लेख करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा, लक्ष्य के प्रति ध्यान, सतर्कता, स्फूर्ति और मोह रहित रहते हुए अपने उद्देश्य के प्रति समर्पण जैसे गुण विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित सभी व्यवसाय के लोगों में होने चाहिए।

योजना के तहत कुल 224 करोड़ रूपए की राशि की गई जारी

2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले मेधावी विद्यार्थियों को यह लैपटॉप राशि दी गई

महापुरुषों के जीवन से सीख लेने की सलाह देते हुए सीएम ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा सब प्रकार से समर्थ होता है और वह कठिन से कठिन कार्य कर सकता है।



### भारत में गुरुकुल परंपरा जातियों और वर्ग भेद से मुक्त थी

डॉ. यादव ने कहा कि भारत में विद्यमान गुरुकुल परंपरा जातियों और वर्ग भेद से मुक्त थी। सभी को समान रूप से सभी व्यवस्थाओं के लिए अधिकार देकर और प्रतिभाओं को निखार कर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता था। इसी की निरंतरता में प्रदान किया जा रहे लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन तकनीक का उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन और कौशल विकास में मदद मिलेगी।

## सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर तबके का अधिकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिवार परंपरा में मां द्वारा अपने बच्चों को पुष्पित, पोषित करने में प्राप्त आनंद का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, वह वर्णनातीत है, यह जीवन भर याद रहने वाली अनुभूति है। जैसे परिवार में सदस्यों का सभी संसाधनों पर अधिकार होता है, उसी प्रकार राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का अधिकार है।



### यह भी रहे उपस्थित

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल के प्रभारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, रवींद्र यती सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे।

मप्र हाई कोर्ट का रेप पीड़िता को लेकर अहम फैसला

## अब 24 सप्ताह तक का गर्भ होने पर पॉक्सो कोर्ट ही करेगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶जबलपुर( मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने रेप पीड़िताओं के गर्भपात को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इंदौर और जबलपुर बेंच की एकलपीठों द्वारा अलग-अलग दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, जिसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि अगर पीड़िता का गर्भ 24 सप्ताह या उससे कम अवधि का है, तो संबंधित जिले की पॉक्सो कोर्ट में मामला पेश करना होगा। पॉक्सो कोर्ट तीन दिन के भीतर गर्भपात पर फैसला लेगी। पीड़िता को बिना किसी आवेदन के मेडिकल बोर्ड भेजा जाएगा और परिजनों की अनुमति लेकर गर्भपात की प्रक्रिया करवाई जाएगी। लेकिन 24 सप्ताह से अधिक के गर्भ पर हाईकोर्ट की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।अगर गर्भ 24 सप्ताह से अधिक का है, तो जिला कोर्ट मामला हाईकोर्ट को भेजेगा। हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए तेजी से मामले का निपटारा करेगी। मेडिकल विशेषज्ञों की राय के आधार पर गर्भपात की अनुमति दी जाएगी। दोनों ही स्थितियों में हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण को सुरक्षित रखना जरूरी होगा, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में इसका उपयोग किया जा सके।

## हाई कोर्ट ने भोपाल में पदस्थ रहे सभी सीजेएम से मांगा स्पष्टीकरण

- 1997 में हुए कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा हत्याकांड से जुड़ा बहुचर्चित मामला
- स्टे न होने के बावजूद प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित रखने का आरोप

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने सीजेएम, भोपाल की कोर्ट से स्थगन न होने के बावजूद एक प्रकरण को अनावश्यक रूप से दीर्घ अवधि तक लंबित रखने के रवैये को आड़े हाथों लिया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए सात नवंबर, 2019 से 21 मई, 2024 के बीच भोपाल में पदस्थ रहे सभी सीजेएम को इस संदर्भ में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिए हैं कि उक्त सभी सीजेएम से स्पष्टीकरण तलब कर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। हाई कोर्ट ने 10 दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। यह मामला वर्ष 1997 में हुए कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा हत्याकांड से जुड़ा है। वर्तमान में सीजेएम भोपाल के समक्ष लंबित है।

**हाई कोर्ट में याचिका दायर कर की गई थी सीबीआई जांच की मांग :** मृतिका के भाई अनुराग मिश्रा ने 2018 में हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि पुलिस ने सही से जांच नहीं की है, इसलिए मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। विगत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भोपाल के पुलिस कमिश्नर को तलब किया था। सुनवाई के दौरान कमिश्नर हरिनारायण चारी हाजिर हुए। राज्य शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली और यश सोनी ने अवगत कराया कि पुलिस ने सात नवंबर, 2019 को अंतिम खातमा रिपोर्ट पेश कर दी थी। याचिकाकर्ता ही सीजेएम कोर्ट में यह कहता रहा कि मामला हाई कोर्ट में लंबित है। हाई कोर्ट ने 21 मई, 2024 को सीजेएम कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई थी। हाई कोर्ट ने इस रवैये पर आश्चर्य जताया कि खातमा रिपोर्ट पेश होने और स्टे होने के बीच संबंधित सीजेएम ने कार्रवाई क्यों नहीं की। हाई कोर्ट ने उक्त निर्देश के साथ पूर्व में लगाई रोक समाप्त कर दी। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को कहा कि वे इस आदेश की प्रति भोपाल सीजेएम को भेजें।

आरोपः थाने में शिकायत की तो पुलिस ने भी पीटा

बुधवार की घटना गुरुवार रात 1 बजे रिपोर्ट दर्ज की

## सिंगरौली में ऑर्केस्ट्रा डांसर से जंगल में गैंगरेप, छह गिरफ्तार

**सिंगरौली।** ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। 22 साल की युवती एक कार्यक्रम में डांस करने के बाद साथी के साथ लौट रही थी। रास्ते में बाइक सवार छह बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। साथी के साथ मारपीट की। युवती को जंगल में घसीटकर ले गए। आरोपी कार्यक्रम में मौजूद थे, वे डांस कर रही लड़कियों पर कमेंट कर रहे थे। इसके बाद पीछा करने लगे। घटना बुधवार देर रात की है। पीड़िता के साथी का आरोप है कि पुलिस ने जंगल में युवती को तलाश करने के बजाए उसे थाने में बैठाए रखा और मारपीट की। गुरुवार को पीड़िता माड़ा पुलिस थाने पहुंची। रात करीब 10 बजे केस दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शितूल गांव के रहने वाले देव कुमार शाह के घर बुधवार को छठी (बारहो संस्कार) कार्यक्रम था। इसके लिए सरई इलाके से ऑर्केस्ट्रा बुलाया गया था। इसमें अपनी बहन के साथ पीड़ित और अन्य युवती भी पहुंची थी। रात तकरीबन 10 बजे से 1 बजे तक डांस प्रोग्राम चला। तीनों एक साथ रात करीब डेढ़ बजे चार साथियों के साथ चार बाइक से घर के लिए निकले।



### लिफ्ट लेकर घर पहुंची पीड़िता

*सुबह 6 बजे आरोपी युवती को उसी हालत में छोड़कर भाग गए। पीड़िता ट्रक ड्राइवर से लिफ्ट लेकर घर पहुंची। उसने बड़ी बहन को पूरी घटना बताई। इसके बाद ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाले साथियों और बहन के साथ थाने पहुंची। रात करीब 11 बजे के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया।*

*महाकुंभ में 'महापापियों' पर एक्शन*

## महिलाओं के नहाते हुए बनाए वीडियो, 103 सोशल मीडिया हैंडल्स पर ताला, 13 पर केस

एजेंसी ▶▶प्रयागराज

स्नान करती महिलाओं के वीडियो डार्क वेब पर भी बेचे गए

टेलीग्राम चैनल्स पर भी वीडियो की खरीद-फरोख्त

प्रयागराज पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं का चोरी से वीडियो बनाकर डार्क वेब (अश्लील साइट) और दूसरे सोशल मीडिया पर बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में 13 एफआईआर दर्ज की है। साथ ही 103 सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक्शन लिया है।

दरअसल, प्रयागराज महाकुंभ में अधर्म की एक ऐसी खबर आई, जिसने सभी को परेशान कर दिया है। पुलिस से लेकर डुबकी लगाने वाले लोग तक परेशान हैं। क्योंकि कुछ गंदी सोच वाले महाकुंभ में डुबकी लगा रही महिलाओं के वीडियो बना रहे हैं।



इलाहाबादिया पर भड़के अनिरुद्धाचार्य

## कथावाचक बोलेः नालायक, मां-पिता के रिश्ते में पुत्र का भला क्या हस्तक्षेप?

*रणवीर और रैना महाराष्ट्र साइबर सेल से संपर्क में*

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना, आशीष चंचलानी और अपूर्वा मखीजा इडियाज गॉट लैटेंट के एक एपिसोड की वजह से विवादों में घिर गए थे। तीनों पर कई एफआईआर दर्ज हुई थीं जिसके बाद पुलिस ने सभी को पूछताछ के लिए बुलाया। अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी ने जहां अपना बयान दर्ज करा दिया है वहीं रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को 2 बार समन मिलने के बाद भी पुलिस के पास नहीं पहुंचे हैं। समय रैना देश से बाहर हैं और उन्होंने समय मांगा है, दूसरी तरफ रणवीर ने पुलिस से घर पर आकर बयान दर्ज करने को कहा था मगर पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी। अब जो नई जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक रणवीर और समय दोनों ही महाराष्ट्र साइबर सेल से संपर्क में हैं और जल्द ही अपना बयान दर्ज करा सकते हैं। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने रणवीर इलाहाबादिया को नालायक कहा है और बोले रणवीर ने अपने माता-पिता के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल किया है। सोचिए, आज की पीढ़ी यहां जा रही है।



अपनी विदाई के वक्त भी सर्दी तमतमाई, जाते हुए गुलाबी सी ठंडक


## पहाड़ों की ठंडी हवाओं ने फिर 'गिराया' पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सर्दी के मौसम की विदाई शुरु हो गई है, हालांकि पहाड़ी इलाकों का बर्फ पिघलने से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में दो से तीन डिग्री का उतार-चढ़ाव चल रहा है, जिससे कभी गर्मी तो कभी हल्की ठंड महसूस हो रही है। हालांकि, यह उतार-चढ़ाव अब ज्यादा दिन नहीं रहेगा। इसलिए, गर्मी के तेवर झेलने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि मार्च के पहले हफ्ते में ही दिन का तापमान 38 से 40 डिग्री तक जा सकता है। शुक्रवार को प्रदेश में मंडला में दिन का तापमान सबसे अधिक 34 डिग्री सेल्सियस रहा।

सूबे के पश्चिमी जिलों में गिरा दिन और रात में दो डिग्री तक तापमान

### पूर्वी क्षेत्र में बढ़ोतरी शुरु, आगे दिन और रात में बढ़ेगा तापमान



### क्यों बदला मौसम?

*शुक्रवार से दिन-रात का पारा फिर से लुढ़कने लगा है। मौसम विभाग ने तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। भोपाल-ग्वालियर में बादल छा सकते हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन में आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार फरवरी के आखिरी दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। वर्तमान में उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है।*

# डीजीपी और प्रमुख सचिव ने लिया प्रयागराज का जायजा, एंट्री-एग्जिट पॉइंट पर रखें विशेष नजर

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

प्रयागराज में महाकुंभ अब अपने अंतिम पड़ाव की तरफ अग्रसर हो रहा है। दुनिया के इस सबसे बड़े मेले का आखिरी अमृत स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा और इसके साथ ही इस महाकुंभ का समापन हो जाएगा। संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार सड़क और रेल मार्ग प्रयागराज पहुंच रही है। महाशिवरात्रि पर तो प्रयागराज में जबरदस्त भीड़ जुटेगी ही लेकिन महाशिवरात्रि से पहले शनिवार और रविवार को वीकेंड पर भी भारी भीड़ होने की संभावना है। भारतीय रेलवे भी अलर्ट मोड पर है। प्रयागराज के साथ-साथ दिल्ली-हावड़ा रेल रूट के सर्वाधिक व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में शुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भी वीकेंड को रेलवे हाई अलर्ट है।

### 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसें चलेंगी, साथ ही 750 शटल बसें चलाई जाएंगी



महाकुंभ के अंतिम चरण के सफल संचालन को योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। बसों का क्षेत्रवार आवंटन किया गया है,। सरकार ने भीड़ को देखते हुए बसों की पूर्ति के लिए यह निर्णय लिया है। महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं।

## वीकेंड पर उमड़ेगी भारी भीड़, पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट, 58 करोड़ से ज्यादा ने किया स्नान



### सभी वीआईपी पास रद्द

आखिरी वीकेंड पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा उपाय किए हैं। सभी वीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं और नए वाहन पास जारी करना बंद कर दिया गया है। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि अगर इस वीकेंड में भी भीड़ बढ़ती है तो सबसे पहले रेलवे स्टेशन के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट को एकल किया जाएगा भीड़ अगर और ज्यादा बढ़ती है तो अलग-अलग दिशा के यात्रियों के लिए अलग-अलग होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।



वैज्ञानिक ने दावों को नकारा

### गंगाजल अब भी पूरी तरह से शुद्ध

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे हैं। देश के जाने-माने



पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। 5 घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु के स्नान के बाद भी शुद्धता ठीक है।

सीएम सरमा ने डुबकी लगाई

### सनातन को बताया 'दुनिया का भविष्य'

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और



इस बात पर प्रकाश डाला कि सनातन संस्कृति प्रमुखता से उभरी है। मैं स्नान करके बहुत भाग्यशाली हूं। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी थीं। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औरप्रशासन को धन्यवाद देता हूं।

## खबर संक्षेप

### सूरत में फिरौती मांग रहे एनएसयूआई के 5 'कैद'


**सूरत।** सूरत के सारोली थाना पुलिस ने कॉलेज संचालकों के मालिकों को फिरौती के लिए



धमकी देने के मामले में पांच एनएसयूआई से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मीडिया को बुलाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर और सोशल मीडिया में कॉलेजों के खिलाफ वीडियो बना तीनों निजी कॉलेजों को बदनाम किया था। संचालकों को धमकी दी थी।

### शाह करेंगे पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक


**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को महाराष्ट्र के पुणे में 27वीं पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद



की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच विवादों का समाधान निकालना और सहकारी संघवाद को मजबूत करना है। बैठक में बुनियादी ढांचे, खनन, जल आपूर्ति, पर्यावरण,वन जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

### न्यू इंडिया बैंक घोटाला हिरासत 28 तक बढ़ी

**मुंबई।** न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक



अपराध शाखा ने बैंक के पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोअन (45) को गिरफ्तार किया है। 2008 से वह बैंक से जुड़े हुए थे। वे शुरुआत में बैंक के आईटी के वाईस प्रेसिडेंट थे। उन्हें और पहले गिरफ्तार आरोपी हितेश मेहता और धर्मेश पौन की हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ा दी गई है।

### भगवान भी रातों-रात नहीं सुधार सकते जाम

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान से इन दिनों राज्य की



राजनीति गरम है। उन्होंने कहा है कि भगवान भी बेंगलुरु में जाम और बुनियादी संरचना की समस्या का रातोंरात समाधान नहीं कर सकते हैं। बेंगलुरु को 2-3 साल में नहीं बदला जा सकता। इसे तभी बदला जा सकता है जब उचित योजना बने और क्रियान्वित भी हो।

### सुप्रीम कोर्ट का अब्बास केस में आदेश वापस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर



एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिन के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने सुनवाई 6 मार्च को तय की है।

## वादों को पूरा करने में जुटी दिल्ली की रेखा सरकार

संकल्प के संबंध में नई सरकार ने मंथन करना शुरू कर दिया

# होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे साथ ही 10 सिलेंडर 500 रुपए में देगी सरकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में नई सरकार का गठन हो चुका है और गुरुवार रात को पहली कैबिनेट बैठक भी हो गई। अपने वादों को पूरा करने को लेकर सरकार में मंथन शुरू हो गया है। इस बीच जानकारी है कि दिल्ली वालों को होली-दिवाली में फ्री सिलेंडर देने की तैयारी करने में सरकार जुट गई है। कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि दो दिन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा। साथ ही साल के अन्य 10 सिलेंडर 500 रुपए की कीमत पर उपलब्ध कराने का खाका तैयार किया जा रहा है। नई सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी प्राथमिकता तय कर दी। 30 दिन में दिल्ली के एक लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग नागरिक भी शामिल हैं। महिला सम्मान निधि अगले महीने अलग से बजट मिलने के साथ लागू कर दी जाएगी।

### कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि जल्द ही इस पर फैसला ले लेंगे

#### सभी डिस्पेंसरी बनेंगी आरोग्य मंदिर

सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नगर निगम और राज्य सरकार की डिस्पेंसरी अपग्रेड करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-पीएचसी में बदली जाएंगी। पहले 30 दिन में 11 डिस्पेंसरी का लक्ष्य है। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के कुल 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर किए गए हैं। अभी 553 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाएगा और बाकी 413 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे।



#### फ्लैट पर भी पीएम आवास का लाभ मिलेगा

शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है।

#### मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच



दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को लेकर बेठक हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों की जांच कराई जाएगी। वहीं दवाइयों की कमी से लेकर डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन तक की जांच की जाएगी। पंकज सिंह ने साफ कहा कि अगर कोई गड़बड़ी मिलती है तो इसमें कार्यवाही की जाएगी।

#### पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट होगी पेश

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से एक्शन मोड में हैं। सूत्रों के हवाले खबर है कि दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने विधानसभा का सत्र बुलाया है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा। इस सत्र में कैग रिपोर्ट को पेश किया जा सकता है। गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

#### पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ की सेवाएं समाप्त

दिल्ली की नवगठित सरकार ने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सभी व्यक्तिगत स्टाफ को नौकरी से हटा दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। दिल्ली सरकार सेवा विभाग ने एक आदेश जारी कर इसकी सूचना दी है।

लवली होंगे सदन में प्रोटेम स्पीकर

#### 24 से शुरू होगा दिल्ली विधानसभा का सत्र

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सिंह लवली सदन के प्रोटेम



स्पीकर होंगे। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस पर चर्चा हुई है। 24 फरवरी को दिल्ली सत्र की शुरुआत होगी और 25 को लंबित 14 सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा। सदन का पहला सत्र 27 फरवरी तक चलेगा।

### सीएम रेखा का आतिशी पर जोरदार हमला

## हमने पहली बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी, 'आप' पार्टी की चिंता करें


दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी के बयान पर सीएम रेखा गुप्ता ने जोरदार पलटवार किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 15 साल कांग्रेस का राज



रहा 13 साल आप ने राज किया, अपना कार्यकाल देखें हमें 1 दिन में प्रश्न करने वाले ये कौन लोग हैं? आतिशी ने कैबिनेट की पहली बैठक में महिला सम्मान योजना को लेकर कोई फैसला न लिए जाने को लेकर सीएम रेखा गुप्ता पर निशाना साधा था। कैबिनेट बैठक के एक दिन बाद शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 15 साल कांग्रेस का राज रहा 13 साल आप ने राज किया, अपना कार्यकाल देखें हमें 1 दिन में प्रश्न करने वाले ये कौन लोग हैं? जिन्होंने दिल्ली का सर्वनाश कर दिया, जनता के अधिकारों को हनन किया और काम नहीं किया वे एक दिन में हम पर अंगुली उठाएंगे? ये हम हैं जिन्होंने पहले दिन शपथ लेते ही, कैबिनेट की बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी। इन्हें हमसे सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है दिल्ली की चिंता अब हम करेंगे।

### भाजपा ने महिलाओं को धोखा दिया: आतिशी

दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक के बाद आतिशी ने सवाल खड़े किए थे। आतिशी ने कहा था कि भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं को धोखा



दिया। आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार की आज कैबिनेट की पहली बैठक हुई लेकिन इसमें महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की योजना का एलान नहीं किया गया। आतिशी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह समेत पूरी भाजपा ने वादा किया था कि पहली ही कैबिनेट बैठक से वो महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देना शुरू कर देंगे। यह बेहद ही दुख की बात है कि एक महिला मुख्यमंत्री ने दिल्ली की महिलाओं से किए गए वादे को तोड़ दिया। दिल्ली चुनाव से पहले भाजपा ने तीन संकल्प जारी किए थे।

### 2 हादसों में 10 की मौत

## प्रयागराज जा रहे तीर्थयात्रियों की गाड़ी टकराई, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

प्रयागराज जा रहे कर्नाटक के तीर्थयात्रियों की गाड़ी ट्रक से टकरा गई। इस घटना में 6की मौत हो गई, जबकि 5 घायल हैं। बीदर से 11



लोग क्रूजर गाड़ी से तीर्थयात्रा पर निकले थे। इन्होंने श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया और महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे पर रूपापुर गांव के पास सुबह 7बजे चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार क्रूजर सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई।

#### पप्पू यादव की रिश्तेदार समेत 4 की गई जान

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार डॉ. सोनी कुमारी यादव सहित 4 की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिर्जापुर के पास इनकी बेलेनो कार ट्रक में घुस गई।

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा

## गहलोत नाराज, इंदिरा पर स्तरहीन टिप्पणी ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।




उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार सदन चलाना ही नहीं चाहती। उनके मंत्री और विधायक अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अविनाश गहलोत ने देश के लिए शहादत देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर स्तरहीन टिप्पणी की है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

#### पूर्व मुख्यमंत्री माथुर का भी अपमान किया

गहलोत ने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर पर गंभीर आरोप लगाए थे। शर्मा ने माथुर पर किरोड़ीलाल मीणा और हरीश शर्मा के एनकाउंटर की साजिश रचने का दावा किया था, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेताओं द्वारा ऐसे आरोप लगाना अपमानजनक है।

## हिमाचल की पहाड़ियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**मौसम खुलते ही दिखा खूबसूरत नजारा**

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। शुक्रवार को मौसम खुलते ही बर्फ से लदी पहाड़ियां चांदी की तरह चमकीं। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी, कांगड़ा व सिरमौर जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बुधवार रात से गुरुवार देररात तक बारिश-बर्फबारी दर्ज की गई।

### मोदी ने किया अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन

# इसे भाषा तक सीमित नहीं,आजादी की लड़ाई का सार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है।

## सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा

### मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला



उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं।

#### मराठी भाषी व्यक्ति ने ही रखी थी आरएसएस की आधारशिला

पीएम ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की इस धरती पर एक महान मराठी भाषी व्यक्ति ने 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीज बोए थे।

#### दिल्ली में 71 वर्षों के बाद मनेगा जश्न

प्रधानमंत्री के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 71 वर्षों के बाद मराठी साहित्य सम्मेलन मराठी साहित्य की कालातीत प्रासंगिकता का जश्न मनाएगा और समकालीन विमर्श में इसकी भूमिका तलाशेगा।इस सम्मेलन का उद्देश्य आज के सामाजिक संवाद के संदर्भ में मराठी साहित्य को सम्मानित करना और तलाशना है।

#### शरद के आमंत्रण पर मुझे यह अवसर मिला

पीएम मोदी ने कहा किराकांप प्रमुख शरद पवार के आमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है। इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से भली-भांति परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का निरंतर प्रयास किया है।

### प्रधान का स्टालिन पर प्रहार

## छात्रों के हित के लिए राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठ सुधार करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को लेकर



विवाद पर आरोप लगाया कि वे राजनीतिक एजेंडे को बनाए रखने शैक्षिक सुधारों को खतरे में डाल रहे हैं। प्रधान ने पत्र में लिखा,उन्हें राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि नई शिक्षा नीति छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक होगी। स्टालिन ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजा था।

#### उनका पत्र सहकारी संघवाद की भावना के विपरीत


स्टालिन ने आपत्ति जताई थी कि केंद्र द्वारा शुरू किए गए समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री स्कूल जैसी योजनाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने इसे मूल रूप से अस्वीकार्य करार दिया था। प्रधान ने लिखा कि पीएम को भेजा गया पत्र सहकारी संघवाद की भावना के विपरीत है।

जबलपुर
शनिवार, 22 फरवरी 2025
■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष - 10
■ वर्ष : 19, अंक : 289
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 32
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### कूनो के खुले जंगल में 12 चीते भर रहे रफ्तार



## मादा चीता और उसके चार शावकों को छोड़ा

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क के खजूरी वन क्षेत्र में शुक्रवार को चार शावकों को अपनी मां ज्वाला के साथ छोड़ा गया है। अभी तक ये पांचों चीते बाड़े में बंद थे। जिन्हें कूनो पार्क के अधिकारियों की मौजूदगी में बाड़ों से आजाद करके खुले जंगल में छोड़ा गया है। जबकि सात चीते पहले से ही खुले जंगल में घूम रहे हैं।

## दो अलग खबरें

### चोर की चिट्ठी से ग्वालियर पुलिस हैरान

# हमें शांति से चोरी करने दो नहीं तो सब मरेंगे, लोगों में 'दहशत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ एक साल से पॉश कॉलोनी पर चोरों का धावा

एक अज्ञात चोर ने शहर की एक पॉश कॉलोनी वासियों को एक चिट्ठी भेजकर चेतावनी दी है कि मैं एक चोर हूं। मुझे चोरी करने दो नहीं तो सबको मार डालूंगा। हमें शांति से चोरी करने दो नहीं तो सब मरेंगे। चोर की धमकी भरी चिट्ठी के बाद कॉलोनी के लोगों ने पुलिस से मदद मांगी है। पुलिस चिट्ठी और अज्ञात चोर की जांच पड़ताल में जुटी है। ग्वालियर शहर की पॉश कॉलोनी सूर्य विहार में पिछले एक साल से अज्ञात चोरों का आतंक बना हुआ है।

**कॉलोनी की सुरक्षा बढ़ा दी गई**

इस मामले में पुलिस का कहना है कि अज्ञात चोर के द्वारा भेजी गई धमकी भरी चिट्ठी की जानकारी उन्हें मिली है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सीएसपी राजीव जांगले का कहना हैं कि किसी अज्ञात चोर ने यह चिट्ठी भेजी है। पूरी कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा यह भी जांच की जा रही है कि चिट्ठी लिखने वाला कौन है और इसके पीछे की कहानी क्या है।

### नवविवाहिता ने पति को बताया पांच साल पहले हुआ था रेप

# न्याय दिलाने पति ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिले से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने साथ हुई घटना को पांच साल तक छिपाए रखा। लेकिन, अब उसने अपने पति को सारी सच्चाई बताई है। इसके बाद दोनों पुलिस के पास आरोपी के खिलाफ शिकायत करने के लिए पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

पीड़िता ने अपने पति को बताया कि पांच साल पहले जब वह नाबालिग थी, तब उसके साथ रेप हुआ था।



■ 15 फरवरी, 2020 को बलात्कार किया गया था

डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि नवविवाहित महिला के अनुसार, उसके साथ 15 फरवरी, 2020 को बलात्कार किया गया था, जब वह इंदौर के बाहरी इलाके में रह रही थी। उस दिन, अपनी बहन से बहस के बाद, वह गुस्से में घर छोड़कर अपने घर से लगभग 3 किमी दूर देवगुराड़िया मंदिर चली गई थी। उसे पता नहीं था कि एक पड़ोसी उसका पीछा करते हुए आ रहा है।

**पड़ोसी ने पीछा किया और रेप किया**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि डर के चलते वह कई साल तक चुप रही। हालांकि, वह दुष्कर्म के आरोपी को न्याय के कठघरे में लाना चाहती थी। जब उसने शादी की, तो उसे लगा कि उसे अपने पति का समर्थन मिलेगा और उसने उस पर विश्वास करने का फैसला किया। दंपती पुलिस के पास गए, जिन्होंने बलात्कार और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया और आरोपी की तलाश कर रहे हैं। खुडेल पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही उसे हिरासत में ले लेंगे।




## खबर संक्षेप

### फ्रांस के स्टीफन का खंडवा में अंतिम संस्कार



**खंडवा।** सनातन धर्म की गहरी जड़ों से जुड़ा यह शहर एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और सेवा भाव के लिए चर्चा में है। फ्रांस निवासी स्टीफन, जो हिंदू संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रति विशेष आकर्षण रखते थे, ओंकारेश्वर में हृदयाघात से मौत हो गई थी। परिवार की स्वीकृति के बाद किशोर कुमार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### कच्छ में भीषण टक्कर 7 लोगों की गई जान



**गुजरात।** कच्छ जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक प्राइवेट बस और ट्रक के बीच टक्कर में करीब सात लोगों की मौत हो गई। जबकि, कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 7 महीने बाद जेल से छूटे देवेंद्र यादव



**रायपुर।** बलौदा बाजार आगजनी केस में गिरफ्तार किए गए कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की शुक्रवार को जेल से रिहाई हो गई। वे रायपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस विधायक को जमानत पर रिहा करने के आदेश जारी किए थे। भिलाई नगर विधानसभा से विधायक को शुक्रवार शाम छोड़ दिया गया। वे 7 महीने 4 दिन से जेल में बंद थे।

### नया बवाल : चुनाव में यूएस फंडिंग वाले डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

# हमारे मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक, हम जांच करा रहे

**यह कहा था ट्रंप ने?**

*हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर (करीब 175 करोड़ रु.) देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडेन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए।*

*ट्रंप के इस बयान ने भारत में कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या अमेरिका ने सच में भारत के चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की? और अगर हां, तो कौन सी सरकार के दौरान यह हुआ?*

» ट्रंप के रिश्वत योजना वाले बयान से भारत में सियासी तूफान

» भाजपा और कांग्रेस में शुरू हो गई इस मामले में नई जंग

» कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर श्वेत पत्र जारी कर सफाई दे



रणधीर जायसवाल



डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है।

भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है।

**ट्रंप का आरोप : यह पैसा भारत के किसी नेता को जिताने के लिए दिया गया**

वॉशिंगटन डीसी में रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन की बैठक में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि हम भारत में मतदान की चिंता क्यों कर रहे हैं? हमें खुद अपने देश के मतदान की फिक्र करनी चाहिए। भारत को 21 मिलियन डॉलर देने का मतलब क्या है? मुझे नहीं पता कि वे इसे किस पर खर्च करते हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका मतलब होता है रिश्वत। यह पैसा भारत के किसी नेता को जिताने के लिए दिया गया था।

**अमेरिकी सरकार की डीओजीई रिपोर्ट में क्या कहा गया?**

*एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने हाल ही में रद्द किए गए अमेरिकी फंडिंग प्रोजेक्ट्स की एक सूची जारी की। इसमें साफ तौर पर लिखा था कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च किए जाने थे, लेकिन इस योजना को रद्द कर दिया गया। इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बांग्लादेश में राजनीतिक सुधारों के लिए 29 मिलियन डॉलर भेजे गए थे। डीओजीई ने इसे अमेरिकी करदाताओं के पैसे की बर्बादी बताया और कहा कि ऐसे फंडिंग प्रोग्राम को बंद करना चाहिए।*

**भाजपा का दावा**
**यह गहरी साजिश थी**

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल डीप-स्टेट (छिपी हुई सत्ता) को बनाए रखने के लिए किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ लोग अमेरिकी फंडिंग के जरिए सरकारों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। अब यह साफ हो गया है कि अमेरिका से आया यह पैसा भारत की राजनीति को प्रभावित करने के लिए था, और ट्रंप ने इसे रिश्वत कहा है।

**कांग्रेस का पलटवार**
**क्या भाजपा को 2014 में इसी पैसे से जीत मिली?**

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर मोदी सरकार इतनी मजबूत है, तो 21 मिलियन डॉलर भारत में कैसे आ गए? जब सरकार से पूछा गया कि यह पैसा कब आया, तो उन्होंने कहा कि यह 2012 में यूपीए सरकार के दौरान आया था। तो क्या भाजपा 2014 का चुनाव इसी पैसे से जीती थी? कांग्रेस ने सवाल किया कि अगर मोदी सरकार की एजेंसियां इतनी मजबूत हैं, तो उन्हें पता क्यों नहीं चला कि यह पैसा भारत में आ रहा था?

### यह दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना

# प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को 9.80 करोड़ किसानों के खातों में डालेंगे 22 हजार करोड़ रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ बिहार के भागलपुर में होगा कार्यक्रम

कृषि मंत्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के खाते में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ रुपए की राशि जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' ने छोटे किसानों की जिंदगी बदली है।

**कांग्रेस ने कभी सहायता देने का काम नहीं किया**

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक सरकार चलाई लेकिन किसानों के खाते में सीधे सहायता देने का काम कभी नहीं किया। हम बिहार में मखाना बोर्ड स्थापित कर रहे हैं। इसके लिए मैं 23 फरवरी को दरभंगा में मखाना किसानों से चर्चा करूंगा। मखाना उत्पादक किसानों को हम अधिक सुविधाएं प्रदान कर सकें, इसको लेकर भी हम विचार-विमर्श करेंगे

### डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने किसे दिखाई आंख?

# मुझे 'हल्के' में मत लेना तांगा पलट दूंगा, इशारा जिसे समझना हो, वह समझ ले

एजेंसी ▶▶ मुंबई



» सीएम देवेंद्र फडणवीस कैंप में मची हलचल

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के ताजा बयान ने एक बार फिर से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। कहा जा रहा है कि उनका ताजा बयान देवेंद्र फडणवीस से संबंधित है। उन्होंने कहा कि उन्हें हल्के में लेने की जरूरत नहीं है।

शिंदे ने कहा कि उन्हें 2022 में हल्के में लिया गया था, तब उन्होंने सरकार बदल दी। इसलिए उन्हें हल्के में न लिया जाए। ये तो मैंने पहले ही कहा है, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है। मैं एक सामान्य कार्यकर्ता हूं लेकिन बालासाहेब और दिघे साहब का कार्यकर्ता हूं। ये समझकर मुझे सबने लेना चाहिए। और इसलिए जब हल्के में लिया तो 2022 में तांगा पल्टी कर दिया, सरकार को बदल दिया। आम लोगों के मन की सरकार वहां पर लेकर आए और जो लोग चाहते थो डबल इंजन की सरकार चली। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा के भाषण में जो मैंने पहले कहा था कि मैं और देवेंद्र जी 200 से ज्यादा सीटें लाऊंगा, 232 सीटें आई हैं। इसलिए मुझे हल्के में मत लेना, यह इशारा जिसे समझना है वो समझ ले। मैं मेरा काम करता रहूंगा।

### शादी के लिए दबाव बनाना पड़ा महंगा

# शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर जमीन में दफनाया

**कब्रिस्तान से युवती का शव बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया



भगुवापुरा गांव में रहने वाली युवती का गांव के रहने वाली शादीशुदा युवक से अफेयर चल रहा था। 13 फरवरी को अचानक युवती लापता हो गई थी जिसके बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। युवती को उसी शख्स ने मौत के घाट उतारकर कब्रिस्तान में दफना दिया जिसके साथ वो शादी के सपने देख रही थी।

**बदनामी के डर से रची हत्या की साजिश**

आरोपी शंकर ने पूछताछ में बताया कि वो शादीशुदा है और उसका युवती से बीते 2-3 साल से अफेयर चल रहा था। बीते कुछ दिनों से युवती शादी करने का दबाव बनाने लगी थी और धमकी देती थी कि अगर शादी नहीं की तो बदनाम कर देगी और पुलिस में शिकायत करेगी। इसी कारण उसने युवती की हत्या की साजिश रची। वो 13 फरवरी को घुमाने के बहाने युवती को अपने साथ ले गया।

### विकिपीडिया के चार संपादकों पर मामला दर्ज

# आपत्ति के बाद भी संभाजी महाराज पर विवादास्पद कंटेंट को नहीं हटाया



**विकिमीडिया फाउंडेशन ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र साइबर विभाग ने कैलीफोर्निया स्थित विकिमीडिया फाउंडेशन को नोटिस भेजकर विकिपीडिया से इस सामग्री को हटाने का अनुरोध किया था। विकिमीडिया फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विकिपीडिया का संचालन करता है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने विकिपीडिया पर छत्रपति संभाजी महाराज से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री को न हटाने के मामले में चार संपादकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र साइबर एजेंसी ने अपने नोटिस में उल्लेख किया था कि विकिपीडिया पर प्रकाशित जानकारी गलत और भ्रामक है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है।

### जिला कोर्ट ने शुक्रवार को दी आयकर के आवेदन को मंजूरी

# अब शिकंजा और कसा...लोकायुक्त ईडी के बाद जेल में सौरभ, चेतन और शरद से आयकर करेगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



◆ आयकर को तीनों से पूछताछ करनी है कि इतनी मात्रा में गोल्ड- कैश कहां से आया?

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा उसके सहयोगी चेतन और पार्टनर रहे शरद जायसवाल से आयकर विभाग के अफसर जेल में पूछताछ कर सकेंगे। इसके लिए जिला कोर्ट ने शुक्रवार को इसकी अनुमति दे दी है। आयकर विभाग के आवेदन पर गुरुवार को स्पेशल जज राम प्रताप मिश्र की कोर्ट में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को आईटी के आवेदन को मंजूरी का आदेश जारी कर दिया।

**40 संपत्तियों पर भी होगी पूछताछ**

अब आयकर को तीनों से पूछताछ करनी है कि इतनी मात्रा में गोल्ड और कैश कहां से आया? साथ ही लोकायुक्त के छापे में जो 40 प्रॉपर्टी जब्त हुई यह किस तरीके से अर्जित की गईं और आय का स्त्रोत क्या था? इस तरह से कई मामलों में पूछताछ की जानी है। साथ ही चेतन के मोबाइल से ट्रांजेक्शन के कई साक्ष्य मिले हैं। मनीट्रेल के संबंध में भी पूछताछ की जानी है।

**20 दिन की पूछताछ की मांगी थी अनुमति**

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान आयकर विभाग के वकील ने 20 दिन तक पूछताछ की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने समय सीमा तो तय नहीं की है। वहीं, जेल मैन्युअल के आधार पर विभाग के अफसरों को पूछताछ की इजाजत दी है। इसके संबंध में केंद्रीय जेल के अधीक्षक ने भी निर्देश जारी कर दिए है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान आयकर विभाग की ओर से वकील हर्षवर्धन टोपरे वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े थे। उनके सहयोगी इकराम खान और जांच अधिकारी पायल प्रकाश भी अदालत में उपस्थित हुए। कोर्ट के पूछने पर आईटी में दर्ज केस के संबंध में भी डिटेल्स दी थी

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की व्यवस्था में बदलाव

# विशेष दर्शन में स्लॉट सिस्टम लागू अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन

मनोज त्रिवेदी ▶▶ ओंकारेश्वर

26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन की व्यवस्था में मंदिर प्रशासन ने बदलाव किए गए हैं। ऑनलाइन विशेष दर्शन (शीघ्र दर्शन) में स्लॉट सिस्टम लागू किया गया है। अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे। आधार नंबर से टाइम स्लॉट जनरेट होगा। माध्यान्ह भोग दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो घंटे के लिए कोई स्लॉट नही मिलेगा। दर्शन टिकट अब केवल ऑनलाइन बुक होंगे। तो वहीं शनिवार, रविवार विशेष दर्शन बुकिंग बंद रहेगी। विशेष दर्शन करने के लिए बुकिंग सिर्फ मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट www.shriomkareshwar.org से होगी।



## औद्योगिक भविष्य को आकार देने आगे आएंगी बड़ी कंपनियां

# मुख्यमंत्री ने कहा, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में देश का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा मप्र

### जीआईएस-25 बनेगा औद्योगिक बदलाव का ऐतिहासिक मंच

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र न केवल आदर्श निवेश स्थल बन कर उभर रहा है, बल्कि ऑटोमोबाइल और ईवी इंडस्ट्री के एडवांस इरा की नई परिभाषा लिख रहा है। 21वीं सदी में मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भारत का फ्यूचर हब बनकर उभर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2025 इस बदलाव का एक ऐतिहासिक मंच बनेगा, जहां दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियां मध्यप्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देने के लिए आगे आएंगी। यह सिर्फ निवेश आकर्षित करने का अवसर नहीं, बल्कि भारत में ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी और ई-मोबिलिटी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मंच है।



**स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर प्रदेश**

भारत को एक वैश्विक ऑटोमोबाइल रिसर्च और टेस्टिंग सेंटर बनाने के विजन के तहत मप्र इसकी स्पीड लैब बनने की ओर अग्रसर है। एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड परीक्षण ट्रैक, 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो-विशिष्ट प्रयोगशालाओं के साथ राज्य दुनिया के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए एक वैश्विक परीक्षण केंद्र बन रहा है। ईवी बैटरी टेस्टिंग, हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन के लिए मप्र अब भारत के प्रमुख अनुसंधान केंद्रों में गिना जाएगा।

### प्रदेश की नीतियों ने दिलाया निवेशकों को विश्वास

व्यवसाय समर्थक नीतियां, तेज अनुमोदन प्रक्रिया और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया है कि मप्र ही अगला ऑटोमोबाइल सुपर हब बनने अग्रसर है। यहां पहले से ही 30 से अधिक ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्यूफेक्चरर्स, 1 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां आदि कार्यरत हैं।

### 'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक इन एमपी' का अध्याय

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 सिर्फ एक इन्वेस्टमेंट समिट नहीं, बल्कि एक वायदा है, भारत में ऑटोमोबाइल और ईवी सेक्टर को मध्यप्रदेश की धरती से नई ऊंचाई तक पहुंचाने का। इस मंच से अग्रणी कंपनियां अपने नए विनिर्माण संयंत्रों और निवेश योजनाओं की घोषणाएं करेंगी। मध्यप्रदेश सरकार ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियों के साथ उद्योग-विशेष समझौते करेगी। क्लीन और स्मार्ट मोबिलिटी के लिए वैश्विक विशेषज्ञों के साथ साझेदारी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक इन एमपी' के नए अध्याय को परिभाषित कर रहा है।*

कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा

# पीएम मोदी के विजन के अनुरूप है मध्यप्रदेश की 'बॉयो फ्यूल योजना'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बॉयो फ्यूल योजना-2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' (एलआईएफई) अभियान के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन पर जोर दिया गया है। यह योजना प्रदेश की कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा देगी।

**व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सृजित होंगे रोजगार**

प्रदेशवासियों के लिए हरित और समृद्ध भविष्य के साथ, योजना से प्रदेश में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बॉयो ऊर्जा संयंत्र, फीड स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। योजना से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

### हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन की पहल

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि 'बॉयो फ्यूल योजना-2025' राज्य की आर्थिक समृद्धि, हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन के लिए क्रांतिकारी पहल है। इस योजना से प्रदेश में कृषि एवं जैव अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा, जिससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन का उत्पादन किया जा सकेगा और राज्य हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। नवकरणीय ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए योजना को मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है।*

### सप्लाई चैन विकसित करने का प्रावधान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि बॉयो फ्यूल योजना में मुख्यतः बॉयो सीएनजी, बॉयो मास ब्रिकेट एवं पेलेट और बॉयो डीजल जैसे ईंधन शामिल हैं। यह बॉयो फ्यूल उत्पादन के सभी पहलुओं को कवर करती है, जिसमें फीडस्टॉक खेती, उत्पादन तकनीक, वितरण और उपयोग जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। योजना में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं बॉयो ऊर्जा संयंत्रों को कई लाभ प्रदान किए जाएंगे, साथ ही किसान संस्थाओं को कृषि उपकरण के लिए सब्सिडी, बॉयो मास एवं खाद की बिक्री सुनिश्चित करने और सप्लाई चैन विकसित करने के प्रावधान भी शामिल हैं।

### बुनियादी निवेश प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि योजना के तहत बॉयो फ्यूल यूनिट को 200 करोड़ रुपए तक का बुनियादी निवेश प्रोत्साहन (बीआईपीए) उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही बिजली, पानी, गैस पाइप लाइन, सड़क, जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली (ईटीपी, एसटीपी, प्रदूषण नियंत्रण उपकरण) के विकास के लिए 50 फीसदी प्रोत्साहन (अधिकतम 5 करोड़ रुपए तक की सहायता) प्रदान की जाएगी। विद्युत शुल्क एवं ऊर्जा विकास उपकर में 10 साल तक की छूट दी जाएगी और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा 500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर अनुकूलित पैकेज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जैविक खेती पर कार्यशाला का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 फरवरी को सुबह 10:30 बजे राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरखेड़ी कलां में जैविक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में किसान कल्याण, पर्यावरण और उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कृषि में रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जैविक कपास, फल एवं सब्जियां एवं अन्य फसलों के लिए के लिए जैविक खेती पद्धति एवं उत्पादों की मूल्य श्रृंखला विकसित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश के विकास के लिए रणनीति तैयार की गई। कार्यशाला में केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक आदि भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### आठ माह बाद जारी हुए वेतन भुगतान के आदेश

**भोपाल।** जनजाति कार्य विभाग के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारियों को आठ माह बाद वेतन मिलने जा रहा है। विभाग के आयुक्त ने आठ माह से लंबित वेतन भुगतान 25 फरवरी तक करने के आदेश जारी किए है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि मंच ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वेतन भुगतान न करने के संबंध में लिखित जानकारी दी थी। इसके बाद प्रमुख सचिव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए लंबित वेतन भुगतान तत्काल करने के आदेश आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को दिए हैं। अब 25 फरवरी को लंबित वेतन भुगतान मिलने जा रहा है।

### डॉक्टरों, स्टाफ का ब्यौरा ऑनलाइन पोर्टल पर

**भोपाल।** एनएसयूआई की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मध्यप्रदेश में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक कर दी है। एनएसयूआई ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जानकारी ऑनलाइन करने की मांग की थी। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि प्रदेश के निजी अस्पतालों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से हटा दी गई थी। यह कदम गड़बड़ी और अनियमितताओं को छिपाने के लिए उठाया गया। परमार ने कहा कि फर्जी अस्पताल संचालकों, भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### जीआईएस-2025 भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम

# जीआईएस की तैयारियां अंतिम चरण में विशिष्ट मेहमानों की सूची लगभग फाइनल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किनाफांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

**देश-विदेश की ख्यात कंपनियों ने दिखाई प्रदेश में निवेश की रुचि**



### कई देशों के प्रतिनिधिमंडल करेंगे साझेदारी

जीआईएस में शामिल होने वाले रूस के उल्यानोवस्क क्षेत्र के गवर्नर रुस्किख अलेक्सई युरेविच रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापारिक नेतृत्व शामिल हैं। जिम्बाब्वे के उद्योग और वाणिज्य उप मंत्री राज मोदी अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो मध्यप्रदेश और अफ्रीका के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग का संकेत है। जर्मनी 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक प्रमुख भागीदार के रूप में साथ आ रहा है।

### तीस देशों के मेहमानों की होगी मेहमानवाजी

शहर के मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें 30 से अधिक देशों के उद्योगपति, उद्यमी और अधिकारी शामिल होंगे। दो दिवसीय समिट में 15 हजार उद्योगपतियों को पहले दिन प्रवेश दिया जा सकता है, वहीं अधिकारियों का कहना है कि कंपनी के वार्षिक टर्नओवर के हिसाब से उद्योगपतियों को प्रवेश दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि जीआइएस में शामिल होने के लिए 30 हजार पंजीयन हुए हैं।

### महिला प्रतिनिधि

समिट में शामिल होने वालों में उद्योगपति, निवेशक, एमएसएमई और स्टार्टअप के प्रमुखों में महिला निवेशक में पारले एग्रो की सीईओ शौना चौहान, वर्धमान टेक्सटाइल्स की वाइस प्रेसिडेंट और जाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर आदि शामिल हो सकती हैं।

### विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण

*जीआईएस भोपाल में विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीआईएस में विश्व बैंक का नेतृत्व कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे कर रहे हैं। उनके साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल परिवर्तन के वरिष्ठ विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त निवेश संवर्धन एजेंसियों के संगठन (डब्ल्यूएआईपीए) का प्रतिनिधित्व उप कार्यकारी निदेशक दुष्यंत ठाकोर करेंगे। जीआईएस में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसियों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें महानिदेशक हिरोयुकी कितामुरा के नेतृत्व में जेट्रो (जापान), निदेशक सुश्री सीमा भारद्वाज के प्रतिनिधित्व में जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट और इन्वेस्ट ओटावा का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में इतालवी व्यापार एजेंसी, कनाडा की व्यापार आयुक्त सेवाएं, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया) और मैट्रेड (मलेशिया) का भी प्रमुख प्रतिनिधित्व है, जो मध्यप्रदेश में मजबूत क्रॉस-महाद्वीपीय निवेश रुचि को दर्शाता है।*

### द्विपक्षीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन

समिट को द्विपक्षीय चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन मिला है, प्रबंध निदेशक स्टीफन हालुसा के नेतृत्व में इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर भारत-जर्मन आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण विशेषज्ञता लेकर आए हैं। सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया जाता है। इसके अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी हैं, जो प्रौद्योगिकी और निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जीआईएस की विविध द्विपक्षीय भागीदारी में चेयरमैन रमेश अय्यर के नेतृत्व में कोरिया में भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसीके), अध्यक्ष जेजे सिंह के प्रतिनिधित्व वाले इंडो-पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईपीसीसीआई) और इंडिया जिबूती चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) शामिल हैं।

जीआईएस में सहकारिता विभाग का होगा विशेष सत्र

# सहकारिता में निवेश और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में सहकारिता विभाग के विशेष सत्र की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सारंग ने इस अवसर पर सहकारिता क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पब्लिक को-ऑपरेटिव पार्टनरशिप (पीसीपी) मॉडल को अपनाने के साथ देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ एमओयू कर पैक्स द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए।

सारंग ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पीसीपी मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मॉडल में सहकारी समितियों को उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इससे प्रदेश के किसान, सहकारी संस्थाएं और उपभोक्ता सीधे लाभान्वित होंगे।

### 25 फरवरी को आयोजित होगा विशेष सत्र

*सारंग ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 25 फरवरी को सहकारिता विभाग का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र में सहकारिता क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं, नवाचार आधारित सहकारी मॉडल, आत्मनिर्भर सहकारिता और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से व्यवसाय में वृद्धि जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। देशभर के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों, निवेशकों और सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञों को इस सत्र में आमंत्रित किया गया है, जो अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे।*

### सीबीजी प्लांट स्थापित करने की अपार संभावनाएं

सारंग ने कहा कि प्रदेश में सीबीजी प्लांट स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। इन संयंत्रों की स्थापना में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसान अपने फसल अवशेषों और अन्य जैविक कचरे का उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। सारंग ने बैठक में सहकारी समितियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि देश की प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू किए जाएं, जिससे पैक्स के माध्यम से तैयार किए गए उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले।

### सहकारी चीनी मिलों को बढ़ावा देने की योजना

सहकारिता मंत्री सारंग ने पीसीपी मॉडल में सहकारी चीनी मिलों के विस्तार और उनके आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी मिलों के उन्नयन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपेक्स बैंक के प्रभारी प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता, बीज संघ के प्रबंध संचालक महेंद्र दीक्षित उपस्थित रहे।

चार दिनों से लापता था परसा निवासी युवक

# युवक का कुए में मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में लापता एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव को हत्या के बाद कुए में फेंका गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।

इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक का नाम मुन्ना राम था। वह ग्राम परसा गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि, 17 फरवरी को पंचायत चुनाव के दिन से लापता था। परिजनों और स्थानीय लोगों ने खोजबीन के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज लापता युवक की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान लापता युवक की लाश कुएं में मिली। वहीं घटना की शुरुआती जांच में पता चला है कि, हत्या में एक से अधिक लोगों की शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही है।

धमतरी के सांकरा का मामला, पुलिस कर रही जांच

# सड़क किनारे खड़ी महिला को कार ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

धमतरी जिले के सांकरा में एक तेज रफ्तार स्वीप्ट कार ने रोड किनारे खड़ी महिला को अपनी चपेट में लिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, मृत महिला सोंढूर की तरफ से आने वाली बस से उतरकर रोड किनारे खड़ी थी, तभी एक तेज रफ्तार कार ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला के नाम पते की कोई जानकारी नहीं है। बताया जा रहा कि, कार उमरगांव निवासी तुलसी सार्वा की है उनके नाबालिक पुत्र गाड़ी को धुलवाने के लिए ले गया था। इसी दौरान सांकरा के नंदी चौक के पास खड़ी एक अधेड़ महिला को ठोकर मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई।

- मृतका की पहचान के प्रयास कर रही पुलिस

### बस की चपेट में आने से बच्चे की मौत

*वहीं 20 फरवरी को बालोद जिले से तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। यहां पर एक बस ने मासूम बच्चे को रौंद दिया था। इस दौरान मौके पर ही मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही थी। वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करते हुए बस ड्राइवर की पिटाई भी कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला रनचीराई थाना क्षेत्र का है। जहां पर तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से 3 साल के मासूम जाहिद भारती की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। वहीं इस दौरान बुधवार देर रात तक हंगामा चलता रहा। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया। वहीं पुलिस ने आरोपी बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।*

जन्मदिन कार्यक्रम में आया था आरोपी

# रिश्ते के नाना ने बच्चे के साथ किया कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही



पेंड्रा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले रिश्ते में नाना लगने वाले एक शख्स ने 10 साल के मासूम बच्चे के साथ कुकर्म किया। पीड़ित और परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बच्चे का जन्मदिन था और इसमें शामिल होने के लिए आरोपी (उम्र 30 साल) उनके घर आया हुआ था। रात को देर हो जाने के कारण वह घर में ही रुक गया। इस दौरान पीड़ित बच्चा आरोपी के साथ ही एक बिस्तर पर सो गया था, जबकि मां दूसरे कमरे में सोई हुई थी। आरोपी ने रात को बच्चे के साथ कुकर्म किया। जिसके बाद बच्चे ने रोते हुए मां को सारी बात बताई। परिजनों ने पेंड्रा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अविवाहित है और मेहमान बनकर आया हुआ था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

नक्सलियों के मददगारों के खिलाफ भी लिया जाएगा सख्त एक्शन

# माओवादियों की प्रोफाइल तैयार, जल्द चलेगा ज्वॉइंट ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ का बस्तर नक्सल प्रभावित जिला है। यहां पर जवान लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन चला रहे हैं, जिसमें उन्हें सफलता भी मिल रही है। वहीं बस्तर आईजी ने बताया कि, अब निर्णायक लड़ाई शुरू हो चुकी है। सीपीआई माओवादी संगठन के सभी बड़े लीडरों की प्रोफाइल तैयार कर ली गई है जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि, सभी प्रतिबंधित माओवादी संगठनों को बड़े कैडर्स की प्रोफाइल तैयार कर ली गई है। ये सारी प्रोफाइल जिले के सभी थानों के पुलिस से साझा की जाएगी जिससे कि, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसके लिए पड़ोसी



राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, आंध्र प्रदेश सभी इंटरस्टेट पुलिस के साथ मिलकर नक्सलियों के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी। चार राज्यों के बीच आपसी सहमति बनी है जिसके तहत ज्वाइंट ऑपरेशन किए जाएंगे। जो संगठन के लिए दवाई, खाना, हथियार और जरूरी सामान पहुंचाते हैं ऐसे लोगों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

### सर्चिंग पर निकली जवानों की टीम पर हमला

**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर थाना क्षेत्र में जवानों की टीम नक्सलियों की सूचना पर सर्चिंग पर निकली थी, जहां एक जवान आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए रायपुर भेजा गया। बता दें कि 21 फरवरी को जिला नारायणपुर के थाना छोटेडोंगर से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी सड़क सुरक्षा ऑपरेशन के लिए निकली हुई थी, अभियान के दौरान लगभग दो बजे के लगभग तोयमेटा और कवानार के बीच जंगल में आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान की हालत अभी खतरे से बाहर है। घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया जा रहा है जिसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा जा रहा है।



**आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल, रायपुर रेफर**

## रसीद है तो 2 हजार नहीं है तो 5 हजार रूपये

नगर निगम कर्मियों का कारनामा

# पुराने नल कनेक्शन को तोड़कर वसूला जा रहा पैसा

हरिभूमि, जबलपुर।

नगर निगम तो भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय ऐसे ही नहीं कहा जाता है, इसके पीछे अनेक कहानियां होती हैं। यहां पर कब आपदा को अवसर में बदल लिया जाए कहा नहीं जा सकता है। ऐसा ही एक मामला हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर में देखने को मिल रहा है,जहां पर नगर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा नाली और सड़क का निर्माण किया जा रहा है, परंतु नाली के कारण वहां पर रहवासियों के नल कनेक्शन तोड़ दिए गए हैं। अब निगम का जल विभाग रहवासियों से 2-5 हजार रूपये लेकर नल कनेक्शन लगा रहा है।

बताया जाता है कि महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड में नगर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा नाली व सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। नाली निर्माण के दौरान वहां के निवासियों का नल कनेक्शन को तोड़ दिया गया है। स्थानीय निवासियों का नल कनेक्शन लोनिवि के ठेकेदार द्वारा तोड़े गए, परंतु जल विभाग द्वारा उन कनेक्शनों को जोड़ने की बजाय उनसे पैसे लिए जा रहे हैं इतना ही नहीं सामग्री भी स्थानीय निवासियों से ली जा रही है।



### ठेकेदार को करना है यह कार्य

बताया जाता है कि जो भी ठेकेदार कार्य करता है उसको ही यह टूट फूट को सही करके देना होता है, परंतु ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर जल विभाग अपनी मनमानी करते हुए एक तो पैसा वसूल रहा है, दूसरा स्थानीय निवासियों से सामग्री भी बुला रहा है। जबकि स्थानीय निवासियों का कहना है कि हम सामग्री दे रहे हैं तो पैसा किस बात का लिया जा रहा है।

### लेबर चार्ज के नाम पर 450 रूपये

स्थानीय निवासियों के मुताबिक जल विभाग के समयपाल पंकज पटेल द्वारा जिसके पास पुरानी रसीद नहीं है तो उनसे 5 हजार रूपये व जिसके पास पुरानी रसीद है उससे दो हजार रूपये या जैसा जो मिल रहा है उससे पैसा लिया जा रहा है। जबकि पंकज पटेल का कहना है कि लेबर चार्ज तो हमें लगेगा ही, इसके लिए हम 450 रूपये ले रहे हैं इसकी रसीद भी दे रहे हैं।

### किसी को नहीं दी रसीद

स्थानीय निवासियों के मुताबिक जो भी पैसा लिया जा रहा है, उसकी किसी प्रकार की कोई रसीद नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं जो लेबर कार्य कर रही है, उसको भी दो से तीन सौ रूपये अलग से देना पड़ रहा है। जिससे आम नागरिकों में आक्रोश भी नजर आ रहा है।

### आप पीडब्ल्यूडी ननि से बात कर लें

नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है, नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्हें बदला जा रहा है, लेबर चार्ज के रूप में 450 रूपये लिए जा रहे हैं, हालांकि यह कार्य ठेकेदार को करना होता है, आप पीडब्ल्यूडी नगर निगम से बात कर लें।

**पंकज पटेल**
**समयपाल**
**जल विभाग नगर निगम**



# छात्र-छात्राओं का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

जबलपुर।

बच्चे देश के भविष्य हैं, निगम के सभी छात्र-छात्राओ को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जायेगीं। आप सबको बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए हमारे द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। इस दिशा में महापौर गुरूकुल के माध्यम से बच्चों को और बेहतर पठन पाठन की सुविधाएँ व उन्हें प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा। छात्र जीवन हमारे जीवन की प्रथम पाठशाला है जिसमें हम जीवन का पाठ सीखते हैं। नगर निगम विद्यालय की छात्र-छात्राएं किसी भी विद्यालय से कम नहीं है, उनमें अपार प्रतिभा है और आपके शिक्षकगण आपको नित मार्गदर्शन प्रदान करते हैं जो कि आपके जीवन को कामयाबी प्रदान करता है। उक्त उद्गार नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदगज के कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं की विदाई एवं के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर जगत बहादुर सिंह “अन्नू” ने बच्चों को महापौर गुरूकुल के माध्यम से उनके यशस्वी जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए व्यक्त किये। आयोजन के प्रारंभ में महापौर जगत बहादुर अन्नू जी एवं निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज रिंकू जी पार्षद कविता रैकवार के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# जबलपुर के एसपी आदेश का पालन करें या वीसी के जरिए हाजिर हों

**हाई कोर्ट ने आरक्षकों की अवमानना याचिका पर दिए सख्त निर्देश**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पूर्व सैनिक, जो वर्तमान में पुलिस विभाग में पदस्थ है उनके संबंध में पारित पूर्व आदेश का पालन करें। आदेश का पालन न होने पर अगली सुनवाई के दौरान जबलपुर के पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें। याचिका पर अगली सुनवाई तीन मार्च को निर्धारित की गई है।याचिकाकर्ता एपी शुक्ला आरक्षक बरेला चौकी, अरुण कुमार द्विवेदी आरक्षक गोरा बाजार, कौशल प्रसाद पटेल आरक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह पूर्व में भारतीय सेना में कार्यरत थे। सेना का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद जिला पुलिस बल जबलपुर में पदस्थ हो गए। याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि सेना की सेवा अवधि तथा वर्तमान सेवा अवधि को जोड़कर उन्हें वेतन वृद्धि प्रदान की जानी चाहिए थी। इसके विपरीत उन्हें वर्तमान सेवा अवधि के आधार पर वेतन वृद्धि दी गयी है। जिसके विरुद्ध उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक को तीन माह के अंदर याचिकाकर्ताओं के आवेदन पर नियमानुसार निर्णय लेने आदेश जारी किए गए थे। निर्धारित समय अवधि गुजर जाने के बावजूद भी आवेदन का निराकरण नहीं किए जाने कारण अवमानना याचिका दायर की गई थी। याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व में हाई कोर्ट दो बार नोटिस जारी कर चुका है परंतु कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसे गंभीरता लेते हुए हाई कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किए हैं।

## रात में मवेशियों के झुंड से गढ़ा फाटक से निकलना दुश्वार

**जबलपुर।** एक ओर शहर को साफ स्वच्छ बनाने और सड़कों पर आवारा मवेशियों के उचित प्रबंधन के दावे किये जा रहे हैं, दूसरी तरफ पालतू मवेशी सड़कों पर तांडव मचा रहे हैं। एक तरफ दिन में जहां ट्रैफिक जाम से लोग परेशान हैं, तो वहीं रात में पालतू मवेशी दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। आम नागरिक शिकायतों के मुताबिक रात में पुरानी चरहाई से लेकर बड़ी महाकाली गढ़ा फाटक के आगे तक पालतू मवेशियों को रात में छोड़ दिया जाता है. जिसमें ज्यादातर गौवंश सड़कों पर झुंड लगाकर खड़े रहते हैं। मवेशियों की संख्या इतनी अधिक है कि वाहन से निकलना मुश्किल हो जाता है. हार्न बजाने पर मवेशी इधर उधर भागते हैं, जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

जनहित याचिका : मानक निर्धारित न होने को चुनौती

# हाई कोर्ट ने पैथालाजी केंद्रों में अमानक कैमिकल को लेकर मांगा जवाब

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने पैथालाजी केंद्रों में अमानक कैमिकल प्रयुक्त किए जाने के आरोप संबंधी जनहित याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में केंद्र शासन सहित अन्य को तीन सप्ताह की मोहलत दी गई है।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि यह मामला वर्ष-2015 से लंबित है। इसके जरिए व्यापक जनहित का बिंदु रेखांकित किया गया है। दरअसल, पैथालाजी में विभिन्न परीक्षणों के लिए कैमिकल का उपयोग किया जाता है।



परीक्षणों की शुद्धता के लिए यह अनिवार्य है कि कैमिकल उच्च यानि मानक गुणवत्ता के हों। इनके अभाव में परीक्षण रिपोर्ट की विश्वसनीयता कठघरे में चली जाती है। 2009 में इस सिलसिले में गठित आयोग को मानक तय करने थे। लेकिन इतने वर्ष गुजरने के बावजूद मानक निर्धारण नदारद है। नतीजतन पैथालाजी केंद्रों में अमानक कैमिकल से जांच किए जाने पर अपेक्षाकृत विरोधाभासी रिपोर्ट सामने आ जाती हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है।

एनएबीएल से सम्बद्धता भी नाममात्र ने ली : अधिवक्ता गुप्ता ने अवगत कराया कि पैथालाजी केंद्रों को एनएबीएल से सम्बद्धता लेनी होती है। लेकिन आलम यह है कि मप्र में 2017 की स्थिति में सात करोड़ के बीच मात्र 17 पैथालाजी एनएबीएल से सम्बद्ध थीं। कालांतर में यह संख्या 17 से बढ़कर सिर्फ 49 हुई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी कितनी बड़ी संख्या में असम्बद्ध पैथालाजी केंद्र संचालित हैं। लिहाजा, एनएबीएल से उठाए गए कदमों की जानकारी तलब की जानी चाहिए।

# त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दण्डाधिकारी ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी और कलेक्टर दीपक सक्सेना ने महाशिवरात्रि, रमजान माह, होलिकोत्सव, चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर, और हनुमान जयंती जैसे आगामी त्यौहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और अगले दो महीने तक प्रभावी रहेगा।

प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार, किसी भी आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के होने वाले आयोजनों को अवैध माना जाएगा और आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, जिले में दो पहिया वाहन रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

आदेश में यह भी कहा गया है कि प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में किसी भी धर्म या वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले नारे या शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। यदि ऐसा पाया जाता है, तो आयोजनकर्ताओं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही, आदेश में यह निर्देश भी दिए गए हैं कि लोग अपने पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें और न ही उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर लाने दें।

घरेलू और व्यावसायिक नौकरों को रखने से पहले संबंधित थाने में सूचना देना अनिवार्य होगा। होटल, लॉज और धर्मशालाओं के संचालकों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने मेहमानों से पहचान पत्र लें और उनकी सूची प्रतिदिन थाने में जमा करें।इसके अलावा, यदि मकान मालिक अपने घर में पेइंग गेस्ट रखते हैं, तो इसकी सूचना भी संबंधित थाने को देना आवश्यक होगा। किरायेदार रखने के मामले में भी मकान मालिक को थाने को लिखित सूचना प्रदान करनी होगी।

इस आदेश में व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आपत्तिजनक, साम्प्रदायिक या उत्तेजक संदेश, फोटो या वीडियो भेजने, फॉरवर्ड करने, लाइक करने या कमेंट करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोशल मीडिया के ग्रुपों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिला दण्डाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि इन आदेशों का उल्लंघन किया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अवकाश में खुले रहेगें नगर निगम के कैश काउंटर

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहलृ की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए आज शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर खुले रहेगें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि सभी करदाता शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें, किरायेदारी दर्ज कराएँ एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# कक्षा 5 और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी

**परीक्षा व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश**

जबलपुर।

राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा।

### दिशा-निर्देश

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये। परीक्षा की समय-सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गयी है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए सिटीजन फीडबैक प्रारंभ

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए सिटीजन फीडबैक शहर में प्रारंभ हो चुका है। इस महतवपूर्ण घटक को ध्यान में रखते हुए, आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव शहर हित में जबलपुर वासियों से सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया साथ ही निगमायुक्त ने अपने सन्देश में कहा की हमारा शहर हमारी जिम्मेदारी है, जिसको हम सब को मिलकर निभाना होगा । निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नागरिकों से आसान सवालों का जवाब पूछा जायेगा, जिसका जबाव साकारात्मक देने पर शहर का मान बढ़ेगा। आप सभी गणमान्यजन फीडबैक देकर राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर का मान बढ़ा सकते हैं। सकारात्मक सुझाव देने के लिए नागरिकों के पास स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की टीम पहुंचेगी जिनके द्वारा निर्धारित प्रपत्र में नागरिकों से सवाल किए जाएंगे एवं उनके जवाब दस्तावेज एवं डिजिटल माध्यम से पंजी—त किए जाएंगे। फीडबैक के लिए फोन कल भी आएगा जिसपर आपको सकारात्मक जबाव देना है।उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत जबलपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। शहर की सड़कों, मुख्य बाजारों, रहवासी क्षेत्रें के अलावा सभी निर्धारित स्थानों पर स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है, इसके अतिरिक्त नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने अधिकारियों द्वारा उनके साथ निरन्तर संवाद भी किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छता के कार्यों का पर्यवेक्षण करने अधिकारियों की टीमों का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत वार्ड सुपरवाईजर, नागरिकों के घर घर जाकर सर्वे करेगें तथा फीडबैक प्राप्त करेगें।

## आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बंद कर दी जांच

टिमरी हत्याकाण्ड

# संरक्षण के आरोप का जवाब अभी बाकी

हरिभूमि, जबलपुर।

पाटन क्षेत्रातंर्गत संस्कारधानी के इतिहास के सबसे जघन्तम नरसंहार में शुमार हो चुके टिमरी का सामूहिक हत्याकांड सुर्खियों में रहा है। इस हत्याकांड को लेकर राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप लगे। जिसके केंद्र बिन्दु में एक भाजपा विधायक के करीबी युवा मोर्चा के पदाधिकारी रहे। उन पर कांग्रेस के पूर्व विधायक ने आरोपियों की मदद करने और पैसे ट्रांसफर करने के गंभीर आरोप लगाए। उसके बावजूद पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही, लेकिन पुलिस ने अब तक इन आरोपों पर चुप्पी साध रखी है। राजनीतिक दबाव में घटना की जांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद लगभग बंद सी हो गई है। नरसंहार मामले में कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब आना अभी बाकी है। विशेषकर यह सवाल की किसके राजनीतिक संरक्षण में हत्याकांड के आरोपी इतने फल फूल गये की बीच सड़क पर चार लोगों को बेरहमी से काटने का दुस्साहस कर सके। यह सवाल का जवाब इसलिये भी जरूरी है ताकी संरक्षण देने वालों को भी पकड़ा जाए और भविष्य इस तरह के खौफनाक अपराध न हों।



गौरतलब है कि 27 जनवरी को पाटन के टिमरी में चार लोगों की हत्या कर दी गई थी. जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। कांग्रेस विधायक विनय सक्सेना ने आरोप लगाया था कि इस पूरे मामले में भाजपा का एक नेता शामिल है। जिसने आरोपियों की हर तरह से मदद की। लेकिन आज की तारीख तक पुलिस ने तो इस आरोप का खंडन किया है ओर न इस आरोप की पुष्टि की है। अब आरोप लग रहे हैं कि राजनीतिक दबाव में पुलिस जांच ठंडे बस्ते में चली गई है, यह सब उक्त नेता को बचाने के लिये किया जा रहा है।

### क्या था आरोप

जबलपुर के टिमरी में जमीनी विवाद को लेकर हुई चार लोगों की हत्या मामले को लेकर कांग्रेस पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने पत्रकारवार्ता करते हुए भाजपा नेता श्रीकांत कुक्की के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था की जिन 4 लोगो की हत्या हुई उसमे हत्या के आरोपियों की मदद भाजपा नेता श्रीकांत उर्फ कुक्की वर्मा के द्वारा की गई। वहीं पूर्व विधायक ने भाजपा के एक वर्तमान विधायक पर भी इस मामले में कई गंभीर आरोप लगाए थे।

### क्या है पूरा मामला

जुआ खेलने से मना करने की बात पर हुए विवाद के बाद पाटन के ग्राम टिमरी में 27 जनवरी सुबह फरसा, तलवार और चाकुओं से लैस टिमरी निवासी नारायण साहू उर्फ पप्पू उर्फ कालू, चन्द्रभान साहू उर्फ चंदू, दिनेश साहू उर्फ दिन्नू, मनोज साहू, सर्वेश साहू, विवेक साहू, अमित साहू, प्रदीप साहू और संदीप नामदेव उर्फ लाली उर्फ लुलिया ने दो सगे भाईयों सतीश पाठक (40), चंदन पाठक उर्फ मनीष (34) समेत समीर दुबे (20) और अनिकेत दुबे (25) की हत्या कर दी थी। वहीं मुकेश दुबे और विपिन दुबे वारदात में बुरी तरह जमी हो गए थे। पुलिस उक्त सभी आरोपियों को पचमढ़ी से गिरतार किया था। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा नेता श्रीकांत उर्फ कुक्की वर्मा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी सफाई पेश की थी और कांग्रेस के विधायक विनय सक्सेना पर पलटवार किया था। कुछ दिन मामला गर्माया और फिर दोनों पक्षों के साथ-साथ पुलिस भी शांत पड़ गई।

## हाई कोर्ट ने निरस्त कर दी निजी स्कूल की याचिका

# 12 की जगह 10 माह के ईपीएफ ईएसआई अंशदान को माना गलत

### शेष दो माह का भी अंशदान वसूलने दिए गए निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की एकलपीठ ने जबलपुर के एक निजी स्कूल द्वारा कर्मचारियों का 12 की जगह 10 माह का ईपीएफ-ईएसआई अंशदान जमा करने के रवैये को सर्वथा अनुचित करार दिया। इसी के साथ निजी स्कूल की वह याचिका निरस्त कर दी, जिसके जरिए दो माह शिक्षण बंद होने के आधार पर 12 के स्थान पर महज 10 माह के दायित्व का दावा किया गया था। कोर्ट ने जिम्मेदार विभाग को निर्देश दिया कि निजी स्कूल से शेष दो माह का अंशदान वसूलने निर्देशित कर दिया। याचिकाकर्ता स्कूल असेम्बली आफ गॉड, रसल चौक की ओर से दलील दी गई कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भोपाल व अपीलीय प्राधिकरण का वह आदेश चुनौती के योग्य है, जिसके जरिए ग्रीष्मावकाश के दौरान कर्मचारियों के ईएसआई अंशदान की राशि जमा न करने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। ग्रीष्म अवकाश के दौरान दो माह स्कूल में शिक्षण कर्मचारियों द्वारा अध्यापन न करने के कारण शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। लिहाजा, वे ईएसआई अंशदान जमा करने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। इस तर्क को नामंजूर कर अंशदान जमा करने का आदेश दिया गया।



इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा। प्रतिवादी ईएसई और विभाग की ओर से अधिवक्ता संजीव तुली ने दलील दी कि ग्रीष्मावकाश के दौरान भी कर्मचारी सेवा में थे। वे आजीविका कमाने के लिए अनयत्र नौकरी नहीं कर रहे थे। इसकी अनुमति भी नहीं थी। लिहाजा, दो माह गैर कार्य अवकाश के कारण वेतन देने से इनकार नहीं किया जा सकता। अवकाश के दौरान केवल कक्षाएं स्थगित की जाती हैं, लेकिन नियोक्ता-कर्मचारी संबंध जारी रहता है। विद्यालय परिसर में शिक्षण व अन्य स्टाफ द्वारा समर कैंप जैसी गतिविधियां जारी रहती हैं। आगामी शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया भी चलती है। सेवा में कोई नियमित या कृत्रिम अवकाश नहीं है। इसलिए 12 माह का ईपीएफ व ईएसआई अंशदान अनिवार्य है।

## अतिथि विद्वानों के लिए च्वाइस फिलिंग भरने की अनिवार्यता पर रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने आयुक्त उच्च शिक्षा के उस आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके जरिए महाविद्यालयों में पदस्थ अतिथि विद्वानों को च्वाइस फिलिंग भरने की अनिवार्यता की गई है। कोर्ट ने इस सिलसिले में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. वर्षा जैन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा 17 जनवरी, 2025 को जारी आदेश के तहत इन अतिथि विद्वानों को निर्देश दिया गया है कि प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की पदस्थापना के अनुसार उन्हें अन्य स्थानों पर स्थानांतरण के लिए फार्म भरना होगा। जैसे ही यह फार्म भरा जाएगा, सभी अतिथि विद्वान फालेन आउट की श्रेणी में आ जाएंगे। याचिकाकर्ता विगत डेढ़ से दो दशक से कालेज में पढ़ा रहे हैं। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद अंतरिम राहत दे दी।



## शासकीय महाविद्यालय सिहोरा में आयोजन

# प्रदेश स्तरीय रोज़गार मेले में कम्पनियों ने किया 69 उम्मीदवारों का चयन

हरिभूमि सिहोरा।

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय कैरियर अवसर मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें इन क्षेत्रों की मांग के अनुरूप तैयार करना था। साथ ही यह मेला युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### विद्यार्थियों को करना चाहिए कौशल का विकास

महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने उद्घाटन समारोह में कहा कि विद्यार्थियों को वर्तमान बाजार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने कौशल का विकास करना चाहिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि छोटे स्तर से शुरू किया गया कार्य भी समय के साथ अनुभव और कौशल के विकास से बड़ा बन सकता है। इसी क्रम में आइ.क्यू.ए.सी.संयोजक डॉ.सुनु आर.के.मैथ्यू ने कैरियर मेले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जहाँ विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां स्वयं रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए महाविद्यालय में उपस्थित हैं।

### अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियों ने किया चयन

कार्यक्रम के दौरान डॉ.अर्चना नामदेव ने विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों के प्रोफाइल और साक्षात्कार प्रक्रियाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एस.के.मेहरोलिया ने बताया कि रोजगार मेले में कई प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया और 69 उम्मीदवारों का चयन विभिन्न जॉब प्रोफाइल्स के लिए किया गया।प्रमुख कंपनियों में डी.एम.सी.एफ.एस. - पुणे, प्रगतिशील बायोटेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, फ्लिपकार्ट, उत्कर्ष माइक्रोफाइनेंस, जस्ट डायल और शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड शामिल हैं।

## दुर्गेश ब्यौहार 'विद्या वाचस्पति' उपाधि से विभूषित

**जबलपुर।** नगर के जाने-माने संगीत साधक और साहित्यकार, इंजी. डॉ. दुर्गेश ब्यौहार 'दर्शन' को विगत दिवस काशी विद्यापीठ वाराणसी (बनारस) द्वारा विद्या वाचस्पति उपाधि से विभूषित किया गया। यह उपाधि उन्हें अयोध्या में आयोजित एक भव्य समारोह में काशी विद्यापीठ के कुलाधिपति डॉ. सुखमंगल सिंह मंगल द्वारा, कुलपति डॉ. ओमप्रकाश पांडेय निर्भय, सचिव इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक, अयोध्या के संभागायुक्त अजयकांत सैनी तथा आबूधाबू से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार जयकृष्ण मिश्रा, डॉ. श्याम कुंवर भारती एवं अनेक विशिष्टजनों और नागरिकों की उपस्थिति में प्रदान की गई। इस उपाधि से विभूषित होने पर परिजनों, प्रियजनों, मित्रजनों, साहित्य प्रेमियों, संगीत प्रेमियों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है।



## रानीताल हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां प्रारंभ

**जबलपुर।** रानीताल हनुमान मंदिर के पं. धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रेल 2025 शनिवार चैत्र पूर्णिमा को तीन दिवसीय विश्व स्तरीय आयोजन प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर गेट नं. 02 राइट टाउन में किया जाएगा, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। पुजारी ने निवेदन किया है कि स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर में आयोजनों के नाम पर राशि लेकर भक्तजनों से छल कपट करने वालों से बचें। दानदाता दान के लिए मंदिर में संपर्क करें।



## जैन महिला परिषद ने आचार्यश्री विद्यासागरजी के स्मृति दिवस पर किया वस्त्र वितरण

**सिहोरा।** आचार्य विद्यासागर जी के समाधि दिवस को यादगार बनाने के लिए अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद द्वारा ग्राम दर्शनी के मंदिर प्रांगण में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आचार्य श्री को विनयांजलि अर्पित की एवं ब्रह्मचारिणी विमलेश दीदी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर आरती की गई। रात्रि में सभी बहनों ने आरती भजन का आयोजन किया। आयोजन में परिषद की अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन,सचिव श्रीमति रानी जैन,कोषाध्यक्ष श्रीमति सारिका जैन, किरण जैन, विजया जैन, अनिता जैन, प्रज्ञा जैन, नीतू सिंघई, रूपाली जैन, नीतू जैन, सुधा जैन, ममता जैन, संध्या जैन का सराहनीय सहयोग रहा।



## युवा पत्रकार शिवम अवधिया हॉनर अवॉर्ड से सम्मानित

**बरगी।** पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भोपाल में भव्य अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर के युवा पत्रकार शिवम अवधिया को कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा द्वारा हॉनर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित किया गया और निर्भीक पत्रकारों को प्रोत्साहित किया गया।



# पावर जनरेटिंग कंपनी में महिला कर्मियों की सुरक्षा पर कार्यशाला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के तत्वावधान में कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप ने कहा कि पावर जनरेटिंग कंपनी महिला कार्मिकों की कार्य स्थल पर सुरक्षा के प्रति सदैव सजग है। महिला कार्मिकों की सुरक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या का कंपनी द्वारा अविलम्ब समाधान किया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कार्यशाला महिला कार्मिकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।



उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा 100 से अधिक महिला अधिकारियों व कार्मिकों को कार्य स्थल पर सुरक्षा विषय पर चार सत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर पावर जनरेटिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन, पावर मैनेजमेंट कंपनी के अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश अग्रवाल, पावर जनरेटिंग कंपनी के अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक कुमार तिवारी, कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षक मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की अधिवक्ता सुनंदा केशरवानी सहित प्रतिभागी उपस्थित थे।

## 2 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस ने सब्जी मंडी बाउंड्रीवॉल के पास सट्टा पट्टी लिख रहे दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पट्टी और नगद 6 हजार 250 रुपए जब्त किए है। गौरीघाट थाना प्रभारी श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि साकेत धाम नई बस्ती गौरीघाट निवासी 28 वर्षीय प्रभु अहिरवार और कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर निवासी 50 वर्षीय नरेश चक्रवर्ती गत दिवस सब्जी मंडी बाउंड्रीवॉल के पास सट्टा पट्टी लिख रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपी प्रभू अहिरवार और नरेश चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर प्रभू अहिरवार के पास से 3 सट्टा पट्टी, नगद 2 हजार 300 रूपये और नरेश चक्रवर्ती से सट्टा रसीद व नगद 1 हजार 950 रूपये जब्त किए है। दोनों ने पूछताछ पर एक सप्ताह से पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी उमेश पटैल के कहने पर सट्टा पट्टी लिखना व शाम को सट्टे का हिसाब उमेश पटैल को देना जिसके एवज में उमेश द्वारा 350 रूपये प्रतिदिन मजदूरी देने की बात स्वीकार की। पुलिस को देखकर वहीं खड़ा उमेश पटेल मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों सटोरियों से नगद 4 हजार 250 रूपये जब्त करते हुए सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 49 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों को दी विदाई

# विदाई कोई भी हो उसमे द्रवित होना स्वभाविक है : एसडीओपी लोकेश

**पाटन।** नगर स्थित तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने अपने बड़े भाई बहनों को भावभीनी विदाई देने के लिए समारोह का आयोजन किया जिसमें आमंत्रित अतिथि एवं प्रबुद्ध जनों के रूप में पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर , शासकीय शोभा सिंह महाविद्यालय पाटन की प्राचार्य सुनीता शर्मा उपस्थिति रही। एसडीओपी डाबर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की विदाई के समय हृदय का द्रवित हो जाना स्वाभाविक ही है किंतु इसे दुख के रूप में ना लेकर हमें आगामी जीवन पथ पर बढ़ाने के लिए तैयार होना चाहिए। प्राचार्या सुनीता शर्मा ने कहा कि आज आपकी विदाई की बेला है किंतु आज के बाद से आपके जीवन का एक नया अध्याय भी शुरू होने वाला है आप विद्यालय को छोड़कर महाविद्यालय की शिक्षा से परिचित होंगे उस परिवेश से परिचित होंगे जहां पर आपको नित्य नवीन उपक्रम देखने के लिए मिलेंगे। संस्था के प्राचार्य चरण सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए अनुशासन चरित्र आचरण आदि पर विशेष बात करते हुए कैरियर गाइडेंस से संबंधित विषय भी छात्रों के सामने रखा एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के मेजर मुकेश पटेल और विद्यालय के प्रताप नामदेव,ब्रजेश विश्वकर्मा, जसपाल सिंह, अनिल पटेल, नीरज पटेल, नारायण केसरवानी, हेमंत शर्मा, आदि शिक्षक एवं छात्र - छात्राएं और स्कूल परिवार उपस्थित रहा।



### साझेदार बनाने का झांसा देकर 32 लाख की ठगी

# डेयरी फार्म संचालक 2 युवकों को चपत लगाकर फरार

**जबलपुर।** डेयरी व्यवसाय में साझेदार बनाने के नाम पर एक शातिर बदमाश ने डेयरी फार्म दिखाया और दो लोगों से 32 लाख रुपए साझेदारी और व्यवसाय बढ़ाने के नाम पर ले लिए। बाद में डेयरी फार्म किसी को बेच दिया और पैसे हड़प लिया। गढ़ा पुलिस ने लिखित शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीवनी नगर निवासी 23 वर्षीय संजय रजक ने लिखित शिकायत की, कि जिसमें कहा गया कि उसकी गंगानगर स्थित एमपी ऑनलाईन की दुकान है और चंदन कालोनी निवासी उसके मित्र सौरभ दुबे की पंडा मढिया के पास मेडीकल शॉप है जहां पर आरोपी गगन वैष्णव अक्सर मिलता था। लिहाजा दोनों की उससे अच्छी जान पहचान हो गई थी। लाल बिल्डिंग नगर निवासी गगन वैष्णव का पूर्णिमा डेयरी व पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय था उसने दोनों से अपना व्यवसाय बढ़ाने के नाम पर पूंजी कम पड़ने की बात कही और दोनों को पूंजी लगाने पर व्यवसाय में हिस्सेदार बनाने का झांसा दिया। एक दिन आरोपी गगन संजय रजक व सौरभ दुबे को अपना डेयरी फार्म दिखाने ले गया जहां पर भैंसे व गायें बंधी हुई थी और डेयरी फार्म का लीज इकरारनामा वाट्सअप पर भेजा। उसके बाद संजय और सौरभ दोनो को उसके व्यवसाय पर विश्वास हो गया। संजय और सौरभ दुबे ने सौरभ की मेडिकोज की दुकान पंडा मढिया गढा से डेयरी फार्म के लिए अलग अलग ट्रांसजेक्शन यूपीआई व नेट बैंकिंग के माध्यम से किये। गत 5 जुलाई 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक उसने 15 लाख रुपये तथा सौरभ दुबे ने 17 लाख रुपये इस प्रकार कुल 32 लाख रुपये यूपीआई व नगदी के माध्यम से दियें। कुछ दिन बाद उन्हें पता चला कि गगन वैष्णन ने डेयरी फार्म किसी को विक्रय कर दिया है। इसके बाद गगन वैष्णव से पैसे मांगने लगे तो वह हीलाहवाली करने लगा और बाद में उसका मोबाइल भी बंद आने लगा। बाद में पता चला कि गंगा नगर लाल बिल्डिंग के पते पर किराए से रहता था और मकान खाली कर चला गया। उसका मूलनिवास करेली जिला नरसिंहपुर में था लेकिन वह वहां से भी लापता है।

पुलिस ने आरोपी गगन वैष्णव के विरुद्ध धारा 420, 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### दोस्त के साथ मिलकर पति को लगाई 38 लाख की चपत

# पत्नी ने असली जेवर बेचकर घर में रख दिए नकली

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत एक शादीशुदा युवती ने अपने दोस्त के साथ मिलकर ससुराल वालों को 38 लाख की चपत लगा दी। पति की नौकरी और खुद की नौकरी लगवाने के नाम पर दोस्त के खाते में पैसे ट्रांसफर कराए और घर में रखे असली सोने के जेवर खुदबुर्द कर नकली जेवर रख दिए। घर वालों ने जब लोन लेने के लिए जेवर गिरवी रखे तो पता चला कि सारे जेवर नकली है। पुलिस ने युवती और उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आस्था अपार्टमेंट राईट टाउन निवासी 30 वर्षीय आदित्य मिश्रा की शादी नरसिंहपुर निवासी पूजा दुबे से चार साल पहले 2021 में हुई थी। आदित्य प्रायवेट नौकरी करता था और पूजा का दोस्त नरसिंहपुर निवासी आकाश नेमा अक्सर घर आया जाया करता था। पूजा उसे अपना फैमिली मेंबर की तरह बताती थी। पूजा ने अपने पति को विश्वास में लिया और बोला कि आकाश नेमा नौकरियां लगवाता है। 6 अप्रैल 2022 को आकाश ने बोला कि वह आदित्य की पटवारी की नौकरी लगवा देगा और उसकी पत्नी पूजा की संविदा वर्ग 2 में सरकारी नौकरी दिलवा देगा। आदित्य उसकी बातों में आ गया। अपनी और पत्नी की नौकरी लगवाने के लिए उसने आकाश नेमा के इंडस्लेंड बैंक के खाता में 17 अगस्त 2022 से 7 फरवरी 2024 तक कुल 38 लाख रूपये की राशि खाते में ट्रांसफर कर दी। पैसों की जरुरत पड़ने पर आदित्य के पिता रूद्र प्रसाद एवं बहन गोल्ड लोन हेतु घर के पुस्तैनी जेवर लेकर एसबीआई बैंक शाखा गोटेगांव में पहुंचे वहां जेवर चैक करने पर पुश्तैनी जेवर नकली निकले।

**श्रीमती कुसुम ओंडेला-** रक्षा कॉलोनी रांझी निवासी श्रीमती कुसुम ओंडेला का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।



**श्री देवेंद्र कुरारिया-** विजय नगर निवासी श्री देवेंद्र कुरारिया (75) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार रा नी ता ल श्मशान भूमि में किया गया।



**श्री रतनसी भाई पटेल-** कछपुरा पुष्पनगर निवासी श्री रतनसी भाई पटेल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजिन्दर कौर ढिल्लो-** मदनमहल गुरूद्वारा के पास निवासी श्री अमरजीत सिंह ढिल्लो की धर्मपत्नी श्रीमती रजिन्दर कौर ढिल्लो (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आनंद कुमार-** कजरवारा निवासी श्री आनंद कुमार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव चरण कनौजिया-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री शिव चरण कनौजिया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बीना बाई क्षत्री-** चेरीताल कन्या शाला के पास निवासी श्री रामकृष्ण क्षत्री की धर्मपत्नी श्रीमती बीना बाई क्षत्री (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शारदा देवी श्रीवास्तव-** जय नारायण का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री रामाधार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी श्रीवास्तव (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुम्मी लाल रजक-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री सुम्मी लाल रजक (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय कुमार यादव-** पार्वती नगर कृष्णा टाउन महाराजपुर निवासी श्री अजय कुमार यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कनन गांगुली-** सविता ग्रीन एवेन्यू कजरवारा निवासी श्री कनन गांगुली (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मगन रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मगन रैकवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री कविता लालवानी-** वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री गोपाल दास लालवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता लालवानी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री त्रिवेणी प्रसाद साहू-** आजाद व्यायाम शाला आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री त्रिवेणी प्रसाद साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सीता तिवारी-** नेपियर टाउन निवासी श्री पीएस तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सीता तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला बाई-** समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री रवींद्र मराठा की धर्मपत्नी श्रीमती सरला बाई मराठा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता देवराव पोगड़े-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री देवराव पोगड़े की धर्मपत्नी श्रीमती ममता देवराव पोगड़े (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद बंशकार-** झिन्ना पिपरिया ढीमरखेड़ा निवासी श्री किशोरी बंशकार के पुत्र श्री गोविंद बंशकार (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप




### टाटा स्टील ने टी स्टील होल्डिंग्स में शेयर खरीदे

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड के 191 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर 30 करोड़ डॉलर (2,603.16 करोड़ रुपये) में खरीदे हैं। टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड घरेलू इस्पात कंपनी टाटा स्टील की सिंगापुर स्थित इकाई है। टाटा स्टील ने एक नियामकीय सूचना में कहा, ''कंपनी ने आज यानी 20 फरवरी, 2025 को टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (टीएसएचपी) में प्रत्येक 0.157 डॉलर अंकित मूल्य वाले 1,91,08,28,025 साधारण इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण किया है।

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स को मिला जीएसटी प्राधिकरण से नोटिस




**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में कथित विसंगति के लिए पंजाब में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्राधिकरण से 14.08 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे मोहाली स्थित पंजाब कार्यालय के सहायक आयुक्त का 20 फरवरी 2025 की तारीख का एक मूल्यांकन नोटिस मिला। इसमें 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' पर देयता का आरोप लगाया गया है, जो वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान उसके द्वारा दावा किए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से मेल नहीं खाता।

### टॉरेंट समूह को गुजरात टाइटंस में हिस्सेदारी लेने मंजूरी




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने स्वास्थ्य सेवा और बिजली क्षेत्र में कार्यरत टॉरेंट समूह को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। सीसीआई को बुधवार को सौंपे गए नोटिस में कहा गया, "प्रस्तावित संयोजन लक्ष्य (इरेलिया स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) की 67 प्रतिशत शेयरधारिता (पूरी तरह से तरल आधार पर) की खरीद और अधिग्रहणकर्ता (टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स) द्वारा नियंत्रण से संबंधित है।"

### सात अरब डॉलर के चमड़े के निर्यात का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने कहा कि उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 तक इस क्षेत्र का निर्यात बढ़ाकर सात अरब डॉलर करना और भारत को शीर्ष पांच वैश्विक निर्यातकों में शामिल कराना है। सीएलई के चेयरमैन आर के जालान ने कहा कि चमड़ा उद्योग ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जुझारूपन दिखाया है और यह तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही।

### वॉलमार्ट फोन-पे भारत में आईपीओ लेकर आएगी




**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोन-पे ने देश के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी का मूल्य वर्ष 2023 में आयोजित अंतिम वित्तपोषण दौर के दौरान 12 अरब डॉलर था। फोन-पे ने एक बयान में कहा, "कंपनी अपने संभावित आईपीओ के संबंध में प्रारंभिक कदम उठा रही है और भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही है।

# इंश्योरेंस प्रीमियम का पेमेंट अब होगा यूपीआई से, 1 मार्च से शुरू होगी सुविधा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब इंश्योरेंस का प्रीमियम चुकाना काफी आसान होने जा रहा है। आईआरडीएआई ने प्रीमियम पेमेंट की नई सुविधा का ऐलान किया है। इसका नाम बीमा-एएसबीए है। यह सुविधा 1 मार्च से शुरू होगी। यह सुविधा यूपीआई पर आधारित होगी। इसका मतलब है कि यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे करोड़ों लोग इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे।

बीमा-एएसबीए पॉलिसीहोल्डर को फंड बैंक अकाउंट में ब्लॉक करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि प्रीमियम का पैसा तुरंत पॉलिसीहोल्डर के बैंक अकाउंट से नहीं कटेगा। इरडाई ने इस बारे में 18 फरवरी को सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सभी इंश्योरेंस कंपनियों को अपने ग्राहकों को 1 मार्च से बीमा-एसबीए की सुविधा ऑफर करनी होगी। खास बात यह है कि इंश्योरेंस कंपनी के पॉलिसी इश्यू करने के बाद ही उसके अकाउंट से पैसा बीमा कंपनी को ट्रांसफर होगा।

इंश्योरेंस पेमेंट की इस सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए ग्राहक को इंश्योरेंस कंपनी के प्रपोजल फॉर्म में इस सुविधा को सेलेक्ट करना होगा। 1 मार्च से सभी इंश्योरेंस कंपनियों के प्रपोजल फॉर्म में यह सुविधा दी गई होगी। खास बात यह है कि लाइफ और हेल्थ दोनों तरह की इंश्योरेंस कंपनियां ग्राहकों को यह सुविधा ऑफर करेंगी। इसके लिए इंश्योरेंस कंपनियों को सभी प्रमुख बैंकों के साथ एग्रीमेंट करना होगा।

### तुरंत अकाउंट से नहीं निकलेगा पैसा

ग्राहक के प्रपोजल फॉर्म में इस सुविधा को सेलेक्ट करने के बाद बीमा कंपनी यूपीआई के जरिए वन-टाइम मैनडेट क्रिएट करेगी। इसके बाद प्रीमियम का अमाउंट ग्राहक के बैंक अकाउंट में ब्लाक हो जाएगा। यह पैसा ग्राहक के बैंक अकाउंट से तभी कटेगा, जब इंश्योरेंस कंपनी उसे पॉलिसी इश्यू कर देगी। अगर किसी वजह से ग्राहक बीमा कंपनी के पॉलिसी प्रपोजल को स्वीकार नहीं करता है तो प्रीमियम का पैसा ग्राहक के बैंक अकाउंट से नहीं कटेगा। ग्राहक के प्रपोजल को रिजेक्ट करने पर ब्लॉक किया गया अमाउंट अपने आप रिलीज हो जाएगा।




- आईआरडीएआई ने प्रीमियम पेमेंट की नई सुविधा का किया ऐलान
- बीमा-एएसबीए पॉलिसीहोल्डर को फंड बैंक अकाउंट में ब्लाक करने की देता है सुविधा

### सुविधा के लिए कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना होगा

इंश्योरेंस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि इस सुविधा के इस्तेमाल के लिए ग्राहकों को कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना होगा। इसके अलावा पॉलिसीहोल्डर्स को फंड की ब्लॉकिंग, डेबिट और रिलीज के बारे में रियल टाइम जानकारी मिलेगी। इसका मतलब है कि ग्राहक को पता चल जाएगा कि उसके बैंक अकाउंट में प्रीमियम का पैसा ब्लॉक कर दिया गया है।

## कृषि मंत्री चौहान ने कहा, अनुकूल मौसम के कारण अच्छी फसल

# देश में इस साल होगी गेहूं की बंपर फसल स्टॉक रखने की सीमा को किया गया सख्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि अधिक रकबे में खेती और अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण भारत में चालू रबी सत्र के दौरान गेहूं की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। भारत ने वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 1,132.92 लाख टन गेहूं का उत्पादन किया था। चौहान ने कहा, ''इस साल हमारे यहां गेहूं का बंपर उत्पादन होगा। फसल की सेहत अच्छी है।'' फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के रबी सत्र में गेहूं का रकबा 320 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि पिछले साल यह रकबा 315.63 लाख हेक्टेयर था। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने भी अधिक रकबे के कारण वर्ष 2024-25 में गेहूं का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद जताई है।

### स्टॉक सीमा को कड़ा किया गया

कृषि सचिव ने कहा कि अब तक फसल की स्थिति अच्छी है और दिन-रात का तापमान सामान्य है। बृहस्पतिवार को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं की स्टॉक रखने की सीमा को कड़ा किया गया है।

**खास बातें**

- वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 1133 लाख टन उत्पादन किया गया था
- वर्ष 2024-25 के रबी सत्र में गेहूं का रकबा 320 लाख हेक्टेयर रहा
- दिन-रात का तापमान सामान्य होने से अच्छी फसल



### जमाखोरी रोकने स्टॉक सीमा लगाई गई थी

समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए, भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों व थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू गेहूं पर स्टॉक सीमाएं लगाईं।

### खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार

विभाग ने यह भी कहा कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। वह कीमतों को नियंत्रित करने और देश में आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। देश में उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए यह उचित हस्तक्षेप करता है।

### खुदरा दुकान में स्टॉक सीमा पांच टन

31 मार्च तक लागू होने वाली संशोधित स्टॉक सीमा के अनुसार, व्यापारी एवं थोक विक्रेता पहले के 1,000 टन के मानदंड के मुकाबले केवल 250 टन गेहूं रख सकते हैं। खुदरा विक्रेताओं के लिए, स्टॉक सीमा को प्रत्येक खुदरा दुकान के लिए चार टन तक संशोधित किया गया है। पहले यह सीमा पांच टन थी।

### स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा

सभी गेहूं स्टॉकिंग संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति को अद्यतन करना आवश्यक है। सरकार ने कहा कि कोई भी संस्था जो पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई गई या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती पाई गई, उस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 और 7 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिनों के अंदर स्टॉक को सीमा में लाना होगा

इसमें कहा गया है, ''यदि उपरोक्त संस्थाओं के पास स्टॉक उपरोक्त निर्धारित सीमा से अधिक है, तो उन्हें अधिसूचना जारी होने के 15 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा।''

# उपग्रह स्पेक्ट्रम नीति में कंपनियों के साथ भेदभाव न हो : मित्तल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारती समूह के चेयरमैन सुनील मित्तल ने शुक्रवार को कहा कि ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में उपग्रह संपर्क के लिए स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दिया जा सकता है, लेकिन जब शहरी क्षेत्रों की बात आती है तो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और सरकार को एक ऐसी नीति लाने की जरूरत है जो रेडियो तरंगों के आधार पर सेवा देने वालों के साथ भेदभाव न करे।

- ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दे

मित्तल ने कहा कि दुर्गम व वंचित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रह संपर्क की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''हम इसका पूरी तरह स्वागत करते हैं।'' दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज मित्तल ने 'एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव' 2025 के अवसर पर यह बात कही। मित्तल ने कहा, '' दुनिया के ऐसे कई स्थान हैं और कई लोग अब भी दुर्गम क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां तक पहुंचने जरूरत है। ऐसा करने का एकमात्र तरीका उपग्रह ब्रॉडबैंड संपर्क है।'' मित्तल ने कहा, '' हम अग्रणी कंपनियों में से एक हैं और अपनी मंजूरियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और हम पहले से ही दुनिया के कई हिस्सों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक शानदार पहल है और हमने पहले ही इसके लिए अनुमति मांगी है... जैसे ही हमें हरी झंडी मिलेगी, हम अपनी सेवाएं शुरू कर देंगे।'' मित्तल ने कहा कि समूह इस बात पर बहुत स्पष्ट है कि सभी ग्रामीण, दुर्गम क्षेत्रों के लिए स्पेक्ट्रम साझा आधार पर दिया जाना चाहिए।

### भारत में दुनिया की सबसे कम दरें


भारत में दुनिया में सबसे कम दूरसंचार दरें हैं, जहां उपयोगकर्ता ढाई से तीन डॉलर में 30-60 जीबी डेटा प्रति माह का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा, '' मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि देश की सेवा के लिए बीएसएनएल सहित तीन से चार संचालक होंगे... मेरा मानना है कि सही संख्या तीन से चार है, इससे अधिक नहीं।''

# शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 425 अंक टूटा

**मुंबई।** वाहन शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख और शुल्क लगाने की चेतावनियों ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रही

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अल्ट्राटेक सीमेंट भी नुकसान में बंद हुए। दूसरी ओर लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी शामिल हैं।



### घरेलू बाजार में कमजोर रुख

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में व्यापक आधार पर कमजोर रुख जारी रहा, जिसका मुख्य कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को लेकर निवेशकों की चिंता थी। अगर अमेरिका में लंबे समय तक ब्याज दरें अधिक रहीं, तो उभरते बाजारों में नकदी बाधित हो सकती है।

### भारत में बेचो, चीन में खरीदों की नीति

नायर ने कहा, ''भारत फिलहाल अपने एशिया के अन्य उभरते देशों से पीछे है, क्योंकि एफआईआई निकासी अधिक बनी हुई है। 'भारत में बेचो, चीन में खरीदो' की रणनीति फिलहाल लाभ दे रही है।'' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

### रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 86.71 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 86.71 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के कारण रुपया नुकसान में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजार और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के कारण शुक्रवार को भारतीय रुपये में गिरावट आई। हालांकि, कच्चे तेल में नरमी ने गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 86.50 पर सकारात्मक रुख के साथ खुला। सत्र के दौरान इसका शुरूआती लाभ जाता रहा और यह कारोबार के दौरान 86.77 के निचले स्तर पर आ गया।

बेराइट्स, फेल्सपार, अभ्रक और क्वार्ट्ज प्रमुख खनिजो में शामिल

# सरकार ने प्रमुख खनिजों के रूप में किया वर्गीकृत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने बेराइट्स, फेल्सपार, अभ्रक और क्वार्ट्ज को 'प्रमुख' खनिजों की श्रेणी में शामिल करने की शुक्रवार को घोषणा की। इस कदम से ऐसे संसाधनों की खोज व वैज्ञानिक खनन को बढ़ावा मिलेगा जो कई महत्वपूर्ण खनिजों का प्राथमिक स्रोत हैं।

- कदम से खोज व वैज्ञानिक खनन को बढ़ावा मिलेगा

इससे पहले इन्हें 'गौण' खनिजों के रूप में वर्गीकृत किया जाता था। आधिकारिक बयान के अनुसार, ''खान मंत्रालय ने 20 फरवरी 2025 के राजपत्र अधिसूचना के तहत खनिजों बेराइट्स, फेल्सपार, अभ्रक और क्वार्ट्ज को गौण खनिजों की सूची से प्रमुख खनिजों की श्रेणी में डाल दिया है। सरकार के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की शुरुआत के बाद यह कदम उठाया गया है। इस मिशन का मकसद देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज व खनन करना है, जिसमें विभिन्न खानों और अन्य जगहों से इन खनिजों को निकालना शामिल है।



### चार माह में पंजीकृत होगी

बयान में कहा गया, ये खदानें धीरे-धीरे भारतीय खान ब्यूरो में पंजीकृत होंगी और इन्हें प्रमुख खनिजों के रूप में विनियमित किया जाएगा। इसके लिए चार महीने की अवधि यानी 30 जून तक का प्रावधान किया गया है। इन खनिजों की खदानों से राजस्व राज्य सरकार को पहले की तरह ही मिलता रहेगा।

# बजाज ऑटो नीदरलैंड इकाई पर करेगी 15 करोड़ यूरो निवेश

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड के निदेशक मंडल ने नीदरलैंड स्थित अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स बीवी में 15 करोड़ यूरो (1,364 करोड़ रुपये) तक के निवेश को मंजूरी दे दी है।


कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना बताया कि निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स बीवी, नीदरलैंड (बीएआईएच बीवी) में 15 करोड़ यूरो तक का निवेश करने की मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने कहा कि यह निवेश इक्विटी पूंजी, वरीयता पूंजी, ऋण - 'परिवर्तनीय या अन्यथा' के रूप में हो सकता है। 31 मार्च 2026 तक कोष की जरूरतों के आधार पर पूंजी निवेश एक या अधिक किस्तों में किया जाएगा।

हालांकि कंपनी ने ''निवेश अवसरों'' के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी लेकिन यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है, जब बजाज ऑटो वित्तीय संकट से जूझ रही ऑस्ट्रियाई बाइक विनिर्माता कंपनी केटीएम एजी को बचाने की कोशिश कर सकती है।

# सोना 700 रु. टूटकर 88,750 रु. प्रति 10 ग्राम पर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। इसके साथ मूल्यवान धातु रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपये घटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण भी गिरावट को बल मिला। स्थानीय बाजार में चांदी की भी कीमत 300 रुपए गिरकर एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 225 रुपये घटकर 85,799 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।



## ईवी इंपोर्ट ड्यूटी 110 प्रतिशत से घट कर 15 प्रतिशत होनी संभव

# सरकार की ईवी पॉलिसी में बड़े बदलाव की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इलेक्ट्रिकल पॉलिसी पर एक बड़ी खबर आई है। देश में ईवी पर बनाई गई पॉलिसी को स्मेट पॉलिसी कहते हैं। सरकार ने ये पॉलिसी बनाई ही उन कंपनियों के लिए है जो प्रीमियम क्वालिटी के इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाती हैं और जो ग्लोबल मैन्युफैक्चरर हैं। सरकार चाहती है कि ऐसी बड़ी कंपनिया भारत में आएं, भारत में मैन्युफैक्चरिंग करें और शुरू के कुछ सालों में इंपोर्ट ड्यूटी में छूट का फायदा उठाएं। शर्त ये है कि अगर टेस्ला जैसी कोई कंपनी भारत में निवेश का कमिटमेंट करती है और कहती है कि वह देश में कम से कम 500 अरब डॉलर निवेश करेगी तो उसे शुरुआत में हर साल 8000 यानी 5 साल में लगभग 40,000 गड़ियों पर 15 फीसदी की कंसेशनल रेट पर इंपोर्ट ड्यूटी चुकानी होगा। यानी अभी जो गाड़ियां 110 फीसदी ड्यूटी पर इंपोर्ट की जाती है उनको 15 फीसदी के कंसेशनल रेट पर इंपोर्ट किया जा सकेगा।

- पॉलिसी उनके लिए जो प्रीमियम क्वालिटी के इलेक्ट्रिक वाहन बनाते हैं



### चार्जिंग में भी 5 फीसदी की राहत मिलेगी

सरकार ने ईवी पॉलिसी में कुछ छोटे-मोटे बदलाव और किए हैं। जैसे अगर देश में कोई कंपनी पहले से मौजूद है लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक असेंबली लाइन भी लगाना चाहती तो वह भी इस स्कीम का फायदा उठा सकती है। साथ चार्जिंग में भी उनको 5 फीसदी तक की रहत मिल सकती है। कंपनियों को इसके लिए 120 दिनों में अर्जी देनी होगी।

### कंपनियों की समस्याओं का होगा समाधान

*एक दम सरल शब्दों में कहें तो इन शर्तों को पूरा करने पर इंपोर्ट ड्यूटी 110 फीसदी से घटकर 15 फीसदी हो सकती है। जानकारों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से टेस्ला जैसी बड़ी कंपनियों की कई शंकाओं का समाधान होगा। इस मुद्दे पर सरकार ने पिछले कई महीनों में तमाम स्टेक होल्डरों के साथ सलाह मशविरा किया है। इसके बाद ही इस तरह की नीति लाने का फैसला किया गया है।*

### टेस्ला ने रूचि नहीं दिखाई

मिली जानकारी के मुताबिक इस मुद्दे पर अब तक 3-4 कंसल्टेशन हो चुके हैं। टेस्ला में इनमें अब तक कोई खास रुचि नहीं दिखाई है। लेकिन यूरोपियन और कोरियन मैन्युफैक्चरर्स की और से इंटरेस्ट दिखा है। साथ ही वियतनाम की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी विनफास्ट ने भी इसमें रुचि दिखाई है।

# काइनेटिक ग्रुप का इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विनिर्माण क्षेत्र में दस्तक

एजेंसी ⏭ मुंबई

वाहन कलपुर्जा विनिर्माता काइनेटिक ग्रुप ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर में 50 करोड़ रुपये के निवेश से बैटरी उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के साथ ईवी बैटरी विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। पुणे की कंपनी ने कहा कि यह सुविधा दोपहिया और तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए 60,000 रेंज-एक्स ब्रांड की बैटरी का उत्पादन करेगी। इसमें कहा गया है कि इस संयंत्र में एलएफपी (लिथियम-आयन फॉस्फेट) और एनएमसी (निकल मैंगनीज, कोबाल्ट), दोनों प्रकार की बैटरियां बनाई जाएंगी।

- 60,000 रेंज-एक्स ब्रांड की बैटरी का उत्पादन करेगी



### सालाना वृद्धि दर तेजी से बढ़ रही

फिरोदिया ने कहा कि स्वचालन और स्मार्ट प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, यह सुविधा विश्वसनीय, कुशल और स्वच्छ ऊर्जा समाधान सुनिश्चित करती है। कंपनी ने कहा कि भारत में ईवी बाजार 28.52 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2029 तक 18.319 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे इस सुविधा को लाभ होगा, क्योंकि यह दोपहिया वाहनों के लिए बैटरी की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।

## चिंतन

# वोटर टर्नआउट फंडिंग का 'सच' सामने लाए सरकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत को लेकर कोई भी बात तथ्य की कसौटी पर तोलकर बोलनी चाहिए। दूसरी पारी में शपथ लेने के बाद से वे लगातार भारत की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तेजी से वैश्विक भूराजनीतिक समीकरण को बदल रहे ट्रंप को भारत के बारे में किसी भी राजनीतिक शैली में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने संबंधी अमेरिकी वित्त पोषण को लेकर ट्रंप के दावे तथ्यों की कसौटी पर कितने खरे हैं, इसकी जांच निश्चित ही होनी चाहिए। अमेरिका को पहले अपनी यूएसएड (अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी) की ऑडिट करनी चाहिए, फिर तथ्य के आधार पर भारत के बारे में अपनी बात कहनी चाहिए। भारत सरकार को भी देश में यूएसएड के कामकाज व फंडिंग की जांच करनी चाहिए। जिस प्रकार एलन मस्क नीत अमेरिकी प्रशासनिक सुधार विभाग ने भारत में वोटर टर्नआउट को लेकर यूएसएड की ओर से फंडिंग की बात उछाली है, उसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने उस बात को दोहराया और अपनी पूर्ववर्ती जो बाइडन सरकार की ओर इशारा करते हुए यूएसएड फंडिंग के जरिये भारत में चुनावी प्रक्रिया में दखल की बात कही, उसके बाद भारत सरकार का गंभीर होना लाजिमी है। लेकिन इन्वेस्टिगेटिव मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क और ट्रंप जिस फंडिंग की बात कर रहे हैं, वो मालदोवा और बांग्लादेश के लिए की गई थी, भारत को नहीं। इस फंडिंग की वजह से दोनों जगह सत्ता प्रभावित हुई। सवाल है कि इस फंडिंग का सच सामने आना चाहिए। देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और दूध का दूध व पानी का पानी करना चाहिए। भारतीय नीतियां, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, भारत की राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक व धार्मिक विविधताएं विदेशी एजेंसियों व राष्ट्रों के निशाने पर रही हैं। चूंकि भारत अभी तेजी से उभरता शक्तिशाली राष्ट्र है, इसलिए इसे अस्थिर करने की कोशिश भी तेजी से होगी। भारत सरकार को वोटर टर्नआउट के लिए कथित अमेरिकी फंडिंग के दावे को गंभीरता से लेते हुए एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए भारत को किसी के दबाव में भी नहीं आना चाहिए। भारतीय प्रवासियों के साथ अमानवीय सलूक कर अमेरिकी सरकार ने विश्व में भारत का छविभंजन ही किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान जैसे को तैसा टैक्स की धमकी भी ग्लोबल ट्रेड व विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ ही है, साथ ही यह आतिथ्य परंपरा का भी अपमान है। भारत को अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। भारत को लेकर ट्रंप प्रशासन की जल्दबाजी वैश्विक कूटनीति के भी अनुरूप नहीं है। अमेरिका अगर भारत पर दबाव बनाने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है, तो यह बहुत ही बचकाना है। भारत को अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आते हुए प्रतिक्रियात्मक रुख अपनाना चाहिए। प्रवासियों को भेजने के तरीके, रेसिप्रोकल टैक्स, वोटर टर्नआउट फंडिंग आदि मसले को लेकर भारत का बोल्ड रुख होना चाहिए। विश्व के अनेक देश देख रहे हैं कि अमेरिकी व्यवहार पर भारत का जवाबी व्यवहार कैसा है? भारत को महाशक्ति की रेस में आगे बढ़ना है, जमना है, तो ग्लोबल व्यवहार के प्रति उसी मात्रा में प्रतिक्रियात्मक बनना होगा। भू राजनीतिक व सामरिक-कूटनीतिक परिदृश्य में भारत अभी अनेक पिछड़े व विकासशील देशों के लिए उम्मीद है। इसलिए भी अमेरिकी दावों की जांच कर ट्रंप प्रशासन के सच को सामने लाना जरूरी है।



विश्लेषण
राजकुमार सिंह

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा।

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा आठ महीने में पूरी तरह उबर गयी है। चार जून, 2024 को आए लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े 'स्पीड ब्रेकर' की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, तीन दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था। पर तीसरी बार, तेलुगु देशम् पार्टी और जनता दल यूनाइटेड जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है। बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी।

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा। लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरूआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के तीन प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खासकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हुई 'लाडली बहन' योजना से प्रेरित होकर 'मुफ्त रेवड़ी राजनीति' को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में 'इंडिया' में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से 'चुनाव जिताऊ' मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के



बावजूद, उसे जबर्दस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया।

महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया। मध्य प्रदेश की तर्ज पर 'लाड़की बहन' योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी। दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था।

2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को आठ सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गयी तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी।

ऐसे में दिल्ली का चुनावी मोर्चा, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बावजूद, भाजपा के लिए सबसे दुष्कर माना जा रहा था। इसलिए दिल्ली में आप से 40 सीटें छीन कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनावी 'बूस्टर डोज' साबित हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ीं कांग्रेस और आप के एक-दूसरे के विरुद्ध ताल ठोंकने से भी मदद मिली, लेकिन इस जीत के लिए भाजपा ने एक साथ कई मोर्चों पर काम किया। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिये बड़ी भूमिका निभायी।

आप के परंपरागत वोट बैंक में और भी आकर्षक 'रेवड़ी-वायदों' से सेंध लगायी तो स्थानीय नेतृत्व को आगे करते हुए वेतन आयोग एवं आयकर राहत से अपने वोट बैंक का विस्तार किया। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है। पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा।

निगम की 11 खाली सीटों के लिए उप चुनाव होने हैं, जबकि आप के तीन पार्षद भाजपा तोड़ चुकी है। ऐसे में पिछली बार सिर्फ तीन वोट से जीती आप के लिए इस साल अप्रैल में अपना मेयर बना पाना बहुत मुश्किल होगा। इसी साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां फिलहाल नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड- भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। इस गठबंधन में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं, जबकि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की मौजूदगी से भी अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को ही मिलेगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
प्रशांत पोळ




# संपूर्ण समाज का कल्याण ही सनातन का सही अर्थ

राष्ट्रीय राजमार्ग 44, बंगलुरु से रीवा और उसके भी आगे जाने वाला राजमार्ग। इस रास्ते पर, इन दिनों अलग-अलग राज्यों की नंबर प्लेट लगाए हुए हजारों वाहन.. इन सबका महाकाय प्रवाह बना हुआ है। लगभग प्रत्येक वाहन पर भगवा ध्वज है। किसी के झंडे पर श्रीराम का चित्र बना है, तो किसी ने उस पर हनुमान जी को पसंद किया है। रास्ते में भगवे झंडे की अनेक छोटी-छोटी दुकानें हैं। जिनके वाहन पर यह नहीं हैं, वह गाड़ी रोककर खरीद रहे हैं। रास्ते के सभी ढाबे, होटल, पेट्रोल पंप, लोगों से भरे पड़े हैं। जहां भी थोड़ा पानी, पेड़ की छांव या मंदिर दिखा, दूर से आने वाली गाड़ियां वहीं पर रुक जाती हैं। हजार से ज्यादा किलोमीटर का यह महामार्ग, इन दिनों उत्सवी वातावरण में हैं। दिन-रात प्रवास करने वाले लोगों में गजब का उत्साह है। इतने लंबे, थका देने वाले प्रवास के बावजूद उन सबके चेहरे पर आनंद है। जाने वालों के चेहरे पर उत्सुकता छलक रही है, तो वापस आने वाले लोगों के चेहरे पर कृतार्थता..! इन प्रवासियों में सभी भाषाओं के, सभी आयु वर्ग के, सभी आर्थिक स्तर के लोग शामिल हैं। इनमें कोई भेदभाव नहीं हैं। ट्रक में भरकर जा रहे कर्नाटक के भाविकों से वैसा ही व्यवहार हो रहा है, जैसा इनोवा में चल रहे तेलंगाना के प्रतिष्ठित परिवार से। इस समय यह सारे लोग सनातन की अक्षुण्ण यात्रा के सहप्रवासी हैं। यह सभी, प्रयाग कुंभ के यात्री हैं। रास्ते में अनेक स्थानों पर लोगों ने निःशुल्क रहने की व्यवस्था की है। अनेक स्थानों पर भंडारे चल रहे हैं। स्थान-स्थान पर कुंभ यात्रियों के स्वागत के बैनर लगे हुए हैं। सिवनी से आगे प्रयाग तक, सरकार ने इस महामार्ग के सभी टोल खोल दिए हैं। अब यह पूरा रास्ता निःशुल्क है। हालांकि रास्ता सुगम नहीं है। हजारों-लाखों प्रवासियों के कारण रास्ते पर जाम लगना या रास्ते को कुछ समय के लिए विवशतावश बंद करना, यह आम बात है। केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र से आने वाले सभी भाविकों को इसका पूरा अंदाज है। यह यात्रा कष्टप्रद है, 10-20 किलोमीटर चलना पड़ता है, इन सबकी उन्हें जानकारी हैं। किंतु फिर भी वह सारे आनंदित हैं। प्रमुदित हैं..! यह अद्भुत है। किसी भी परिपेक्ष में, किसी भी मानक पर, किसी भी कसौटी पर यह शब्दशः अभूतपूर्व है..! देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत इससे पहले कभी नहीं देखी थी। पिछले कुंभ में भी नहीं। 56 करोड़ से ज्यादा सनातनी, गंगा जी में डुबकी लगा चुके हैं। अर्थात, कुंभ मेला समाप्त होने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, किंतु आधे से ज्यादा देश कुंभ हो आया है। यूरोप में सबसे ज्यादा जनसंख्या का देश है - जर्मनी। जर्मनी में 8.45 करोड़ लोग रहते हैं। मजेदार बात यह कि पूरे जर्मनी की लोकसंख्या से भी ज्यादा सनातनी श्रद्धालुओं ने मात्र एक दिन में प्रयाग महाकुंभ में, गंगा जी में स्नान किया है। विश्व अचरज भरी नजरों से भारत को देख रहा है। सनातन की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को देखकर वे भौचक हैं। वे अब भारत को और अच्छे से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस कुंभ ने भारत के अर्थतंत्र को जबरदस्त गति दी है। कुंभ की आलोचना करने वालों की समझ में शायद यह बात नहीं आई है। कुंभ का प्रभाव मात्र प्रयागराज, या काशी या अयोध्या तक ही सीमित नहीं है, प्रयाग को जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर लाखों लोगों के जीवन में, यह कुंभ आत्मविश्वास का प्रकाश लाया है। टूरिस्ट एजेंसी वाले, टैक्सी,बस, ट्रक वाले, ड्राइवर, पेट्रोल पंप, ढाबे वाले, छोटी-छोटी वस्तुएं बेचने वाले, होटल चलाने वाले, सब्जी -फल की बिक्री करने वाले, झंडा बेचने वाले, टायर का काम करने वाले.. सभी आनंद में हैं। प्रत्येक दुकानदार ने बड़े ही गर्व के साथ अपने प्रतिष्ठान पर भगवा झंडा लहराया है। इस पूरी ताकत को हिंदुत्व की (या सनातन की) शक्ति समझना गलत होगा। यह सारे भाविक हैं। श्रद्धालु हैं। आस्थावान हैं। किंतु इनमें से अनेक को अभी भी हिंदुत्व या सनातन का अर्थ ठीक से समझा नहीं हैं। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम व्यक्तिगत आस्था/श्रद्धा/कर्मकांड को ही सनातन समझ बैठते हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हर्षित उत्तर प्रदेश, हिंदुत्व के विरोधियों को चुनकर देता है। बांग्लादेश के हिंदू नरसंहार पर हिंदू खामोश रहता है। सनातन को दी हुई गालियों को चुपचाप सहन कर लेता है। सनातन का, हिंदुत्व का सही अर्थ है, संपूर्ण समाज का, राष्ट्र का, समष्टि का कल्याण। इस कल्याण के लिए जो आवश्यक है, वह सब करना, यही सनातन है। इस लोक कल्याण को नष्ट और भ्रष्ट करने वाली ताकत का सामना करना, उसे पराजित करना, यही है सनातन। इस महाकुंभ के माध्यम से जागृत हुई यह चेतना, राष्ट्र हित में निश्चित प्रवाहित होगी..!

(लेखक अभियंता, चिंतक और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन सिर्फ परिस्थिति है, उसका अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अक्सर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

## निजी स्वार्थ में दूसरों को नहीं देना चाहिए कष्ट



संकलित
प्रेरणा

मृत्यु अटल सत्य है और एक दिन सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकता है। इसीलिए गलत काम करने से बचना चाहिए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे जीवन में कभी दुखी नहीं होते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक दुखी व्यक्ति विद्वान संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव मुझे कोई ऐसा सूत्र बताए, जो मुझे जीवनभर याद रहे और मेरी सारी समस्याएं खत्म हो सके। मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं रोज आपके प्रवचन सुनने यहां आऊं। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि ठीक है, मेरे साथ चलो। संत के साथ ही वह व्यक्ति भी चल दिया। संत उस व्यक्ति को लेकर श्मशान पहुंचे। उस व्यक्ति ने पूछा कि गुरुजी आप मुझे ये कहां लेकर आ गए हैं? संत ने कहा कि हम यहां कुछ देर रुकेंगे। थोड़ी ही देर में एक धनी व्यक्ति की अर्थी वहां आई और उसके कुछ देर बाद एक गरीब व्यक्ति की अर्थी लेकर कुछ लोग पहुंचे। अमीर और गरीब, दोनों लोगों के शवों को श्मशान में जला दिया गया। इसके बाद संत उस व्यक्ति को लेकर अपने आश्रम लौट आए। संत ने उससे कहा कि तुम कल फिर आना। मैं तुम्हें कल उपदेश दूंगा। अगले दिन सुबह-सुबह ही वह व्यक्ति फिर से संत के पास पहुंच गया। संत उसे लेकर श्मशान पहुंचे। संत ने अमीर की चिता से एक मुट्ठी राख उठाई और एक मुट्ठी राख गरीब की चिता से उठाई। दोनों मुट्ठियों की राख दिखाते हुए संत ने कहा कि ये देखो, अमीर हो या गरीब, दोनों एक समान हैं, दोनों में बिल्कुल भी अंत नहीं है।

## सटाकाः रोने तक की मनाही



## आज की पाती

### रैगिंग एक बदनुमा दाग

हमारी मानसिकता कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब भी कोई बड़ी दुर्घटना या अनहोनी होती है तो मीडिया तो अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए उसे आम जन तक पहुंचाता है, पर हम एक बार समाचार पढ़ कर या तो व्यथित होते हैं या फिर क्षणिक क्रोधित होते हैं और फिर अगले ही पल भूल जाते हैं कि क्या हुआ था। इसे संवेदनहीनता ही कहा जाएगा। कई राज्यों में रैगिंग को लेकर जो नित नए अमानवीय यातनाओं के आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, वो पूरी मानवता को शर्मिंदा करने वाले हैं। केरल में ही एक के बाद एक रैगिंग की ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ताजा मामला तिरुवनंतपुरम के कार्यावत्तोम गवर्नमेंट कॉलेज का है जहां सात सीनियर्स स्टूडेंट्स ने जूनियर स्टूडेंट को पानी में थूक मिलाकर पिलाया।

**- रमेश अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### नए क्षितिज की शुरुआत



पूर्वोत्तर की वास्तविक क्षमता को विकसित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने एक नए क्षितिज की शुरुआत की है जिसमें प्रगति और क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत भविष्य की ओर साथ-साथ चलती है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### त्रिवेणी संगम में डुबकी



आज त्रिवेणी संगम में मेरे डुबकी लगाने के अनुभव का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता, जो सिर्फ नदियों का संगम नहीं है - यह करोड़ों संतानियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### बीजेपी की बी टीम



कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहाँ बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### मातृभाषा का हैंडल




अपनी मातृभाषा का हैंडल छोड़ना नहीं। जो अपनी भाषा में सोचता, बोलता और जीता है, वो अपनी पहचान कभी नहीं खोता। मिट्टी से जुड़ा इंसान, दुनिया में कहीं भी रहे, दिल से वही रहता है, जहाँ से चला था।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# ट्रंप के रुख के बाद जेलेंस्की के समर्थन में यूक्रेनवासी


यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूक्रेनवासी उतने ही उदास और तनावग्रस्त हैं, जितने मॉस्को द्वारा युद्ध शुरू करने से ठीक पहले थे। अब, वे केवल अपने पुराने दुश्मन के बारे में चिंतित नहीं हैं। यूक्रेन के लिए चौंकाने वाला नया खतरा उसके एक समय के सबसे अच्छे सहयोगी, अमेरिका से है, जिसका समर्थन कमजोर पड़ता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकने का संकल्प जताते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वर में स्वर मिलाते दिख रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया था कि यूक्रेन का नेतृत्व एक 'तानाशाह' कर रहा है जिसने रूस के साथ युद्ध शुरू किया। इसके बाद यूक्रेनी लोग जेलेंस्की के प्रति समर्थन जता रहे हैं, जिन्होंने रूस की 'गलत सूचनाओं' को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। कीव की 25 वर्षीय तकनीकी कर्मचारी कैटरीना करौश ने कहा, ''हां, वह एक आदर्श राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन वह तानाशाह भी नहीं हैं।'' लंबे समय से चली आ रहीं चुनौतियों के बावजूद, यूक्रेन के लोगों ने अमेरिका से भारी सैन्य समर्थन के साथ रूस को अपने देश पर कब्जा करने से रोका हुआ है, भले ही इसका लगभग पांचवां हिस्सा अब रूस के नियंत्रण में है।



## ऑफ बीट

# लोग जनरेटिव एआई से पूछ रहे स्वास्थ्य पर सवाल

ज्यादातर लोग अपने रोज़मर्रा और पेशेवर जीवन में मदद के लिए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की ओर रुख कर रहे हैं। चैटजीपीटी सबसे मशहूर और व्यापक रूप से उपलब्ध जनरेटिव एआई टूल में से एक है। यह किसी भी सवाल का मुफ़्त में सटीक और विश्वसनीय जवाब देता है। लोगों के लिए जनरेटिव एआई टूल की मदद से स्वास्थ्य के बारे में जानने की बहुत संभावना है। लेकिन उत्तर हमेशा सही नहीं होते। स्वास्थ्य सलाह के लिए सिर्फ चैटजीपीटी पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है और अनावश्यक चिंता का कारण बन सकता है। जनरेटिव एआई अब भी अपेक्षाकृत एक नयी प्रौद्योगिकी है, और लगातार बदल रही है। हमारा नया अध्ययन इस बारे में पहला ऑस्ट्रेलियाई डेटा प्रदान करता है कि स्वास्थ्य संबंधी सवालों के जवाब देने के लिए कौन चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा है, और किस उद्देश्य से। परिणाम लोगों को यह बताने में मदद कर सकते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य के लिए इस नयी प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें, और इसे सुरक्षित रूप से उपयोग करने के लिए आवश्यक नए कौशल – दूसरे शब्दों में, ''एआई स्वास्थ्य साक्षरता'' का निर्माण करें। स्वास्थ्य के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कौन करता है?



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### भगवान श्री कृष्ण ने मित्र सुदामा के चरण आंसुओं से धोएं

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम घाना में चल रही भागवत कथा में कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा का प्रसंग सुनाया। भगवान श्री कृष्ण महाराजा होने के बाद भी अपने मित्र के आने की सूचना मिलने पर तुरंत दौड़कर मित्र को गले लगाकर बहुत रोए। मित्र सुदामा को सिंहासन में बैठकर उनके चरणों को आंसू से धोया है । भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की अनोखी मिसाल बनाई है। कथावाचक का भाजपा नेता अनिल पांडे ने सम्मान कर आशीर्वाद लिया है। इस दौरान सरपंच रोशन कोल ,सचिव शंकर लाल साहू , राम प्रसाद शुक्ला ,लखन शुक्ला अरविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही ।

### प्रौढ़ के पास से 8 हजार रूपए का गांजा जब्त

**कटनी।** कुठला पुलिस ने एक प्रौढ़ के पास से गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मदनपुरा रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध हालात मे मिला जो पुलिस को देखकर घबराने लगा जिसका नाम पता पूछा तो अपना नाम राम भरोस परौहा पिता विश्वनाथ उर्फ विषेश्वर प्रसाद परौहा 54 वर्ष निवासी झुकेही थाना अमदरा जिला मैहर का रहने वाला बताया जिसके पास रखे एक थैले में रखे सामान के बारे मे पूछताछ की गई जो सामान के बारे में बताने में आना कानी करने लगा । तलाशी लेने पर 773 ग्राम पदार्थ गांजा कीमती 8,000 रुपये मिला। गांजा जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिक्ष के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक ताहिर खान, नन्दकिशोर, सुनील पाण्डेय, आरक्षक मनोज सिंह राजपूत एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही है ।

### स्वयंसेवकों को शिक्षा और रोजगार संबंधी दी जानकारी

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भनपुरा कला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता सहित जन जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है। शिविर में उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस स्टॉप के साथ पहुँचे। थाना प्रभारी ने शिक्षा का महत्व बताते हुए स्वयंसेवकों को जागरूक किया। इसके अलावा थाना प्रभारी ने रोजगार संबंधी जानकारियां भी स्वयंसेवको को दिया।

### नगर निगम इस बार भी टॉप फाइव में शामिल

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में कटनी नगर निगम द्वारा इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी जिलों को पीछे छोड़कर टॉप फ़ाइव रैंकिंग में अपना स्थान बनाये रखा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के कुशल मार्गदर्शन में इस बार ताजा रैंकिंग में कटनी नगर निगम ने पुनः टॉप फाइव रैंक हासिल कर जारी रैंकिंग में सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के मामले में 94.34 के स्कोर के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया है।

### अजा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी

**कटनी।** आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल द्वारा 09 जनवरी 2025 में दिये गये निर्देशानुसार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के नवीन, नवीनीकरण आवेदन के लिये अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये एम.पी.टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल 25 फरवरी 2025 तक खोला गया है। निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय जिला छिंदवाड़ा के संस्था प्रमुखों से संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन एम.पी. टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल में निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

---

#### एसपी के निर्देश पर विभिन्न स्थानों में चलाया गया अभियान, काटे चालान

# ओवरलोड सवारियां बैठाने वाले ई रिक्शा-ऑटो चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर सहित राष्ट्रीय राजमार्गों में सवारी वाले तिपहिया वाहन चालक न सिर्फ यातायात नियमों को तार तार कर रहे हैं बल्कि लोगों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। ओवरलोड सवारियां बैठाना एवं तेज रफ्तार आदत में शुमार है। आटो एवं ई रिक्शा की लापरवाही का खामियाजा कई बार सवारियों को भोगना पड़ता है। यातायात नियमों का माखौल उड़ाकर वाहन चलाने वाले आटो एवं ई रिक्शा चालकों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है।



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमे क्षमता से अधिक सवारी को परिवहन कराया जा रहा था। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में टीम के द्वारा ऑटो/ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित कर शहर के विभिन्न प्वाइंटों एवं फिक्स प्वाइंट ड्यूटी में तैनात यातायात पुलिस कर्मी को अपने अपने प्वाइंट में चल रहे ओवर लोड ई रिक्शा चालकों को समझाइश देने एवं आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की समझाइश दी गई जिस पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी यातायात के नेतृत्व में ऑटो, ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध रोको टोको अभियान चलाया गया। कार्यवाही पन्ना नाका, माधव नगर, मुख्य स्टेशन, चांडक चौक, मुड़वारा स्टेशन एवं शहर के सभी प्रमुख मार्गों में की गई। जिसमे कई वाहनों के चालान बनाए गए। चालानी कार्यवाही में जुर्माना भी वसूल किया गया। राहुल पांडे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, यदि यात्रियों के परिवहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो पुलिस प्रशासन सख्ती से कार्यवाही करेगा। जिले में कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे, एस.आई.राम कुमार झारिया, आरक्षक डुमन दास, आरक्षक मनोज दुवेदी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारी उपस्थित थे।

### ज्यादा कमाई के लालच में हादसे को दिया जा रहा न्यौता

गौरतलब है कि यातायात नियमों को दरकिनार कर ज्यादा कमाई के लालच में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे हैं। नाबालिग तक ई रिक्शा एवं आटो को दौड़ रहे हैं। कई तिपहिया वाहन चालक वाहनों के अंदर तेज आवाज में गाने भी बजाते हैं। हाइवे समेत नगर की सड़कों पर बिना लाइसेंस नाबालिग चालक धड़ल्ले से ऑटो चला रहे हैं। वहीं शासन के नए नियम लागू होने के बाद भी नगर की सड़क पर ऑटो बिना मानक पूरा किए फर्राटा भर रहे हैं। आटो एवं ई रिक्शा चालक अधिक कमाई के लालच में तीन वारी के स्थान पर आठ से दस सवारियां तक बैठा लेते है। क्षमता से अधिक सवारियों के बैठने से हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है। वहीं सवारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

---

## कवर फसल एवं प्लास्टिक मल्चिंग का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉक्टर सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से दिया जा रहा है। कवर फसल मुख्य रूप से फसल उपज के बजाय मिट्टी के लाभ के लिए उगाई जाती है। कवर फसलों का उपयोग आमतौर पर खरपतवारों को दबाने मिट्टी के कटाव का प्रबंधन करने मिट्टी की उर्वरता एवं गुणवत्ता में सुधार और कीटों तथा रोगों के लिए नियंत्रित करने में मदद के लिए उपयोग किया जाता है। घांस फलियां और चौड़ी पत्ती वाली गैर फलियों वाली फसलों का उपयोग किया जाता है। मिट्टी में सुधार के लिए मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता नाइट्रोजन स्थिरीकरण एवं नमी संरक्षण आवश्यक है। मल्चिंग, आच्छादन के अंतर्गत भूमि में नमी संरक्षण खरपतवार नियंत्रण तथा भूमि के कटाव को रोकने एवं फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए मल्चिंग किया जाता है। जैविक मल्चिंग के अंतर्गत पत्तियां घास की कतरन पीट मोस लकड़ी के टुकड़े पेड़ों की छाल की कतरन एस्ट्रा मल्च पाइन एस्ट्रा कार्डबोर्ड। अखबार आदि तथा कृत्रिम पदार्थ के अंतर्गत रबर एवं प्लास्टिक मल्चिंग के उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## कार की टक्कर से बालिका की थमी सांसें

**कटनी।** सड़क किनारे खड़ी एक चार वर्षीय मासूम बालिका को कार चालक ने टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद बालिका को अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। हादसा बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजासलैया में हुआ। घटना की जानकारी लगते ही बाकल पुलिस हरकत में आई और कार चालक की तलाश में घेराबंदी शुरू कर दी। कुछ देर के अंदर ही आरोपी कार चालक कार सहित गिरफ्तार हो गया। बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया कि गत शाम लगभग 4 बजे ग्राम राजासलैया निवासी 4 वर्षीय मुस्तबिया पिता नसीम शाह सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 19 सीसी 5320 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर बाकल की तरफ भाग निकला।

---

*स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम नैगवां के समीप हुआ हादसा*

## हाईवे में बस ने तीन कारों को मारी टक्कर, हादसे में पांच को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस ने सामने चल रही तीन कारों को एक के बाद एक टक्कर मार दी। हादसे में तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार लगभग आधा दर्जन श्रृद्धालू घायल हो गए। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैगवां के समीप हुआ।



### 5 यात्रियों को मामूली चोट

स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम नैगवां के समीप रात लगभग 8 बजे श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज जा रही बस क्रमांक एन एल 01 बी 2483 तेज रफ्तार से जाते हुए सामने अपनी ही दिशा में सामने चल रही एक के बाद एक तीन कारों को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार प्रयागराज जा रहे लगभग पांच श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए खुलवाया जा रहा है। घटना में कोई भी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है सभी को सामान्य चोटें आई हैं। टक्कर के कारण दो कारें अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बस को जप्त करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

### वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने लिया जायजा

एक के बाद एक हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते सहित शहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी ब्लैक स्पॉट पर पहुंचे। अधिकारियों ने ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते हुए हादसों के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर ने एनएचआई के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

---

### सुव्यवस्थित यातायात बनाये रखने दी गई हिदायत



यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से एवं चौकी के स्टाफ द्वारा हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान नेशनल हाईवे 43 पर स्थित गाँवों में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों को सड़क से अलग करवाया एवं वाहन चालकों, दुकानदारों एवं आमजन को सुगम यातायात का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गयी साथ ही दुकानदारों को यह हिदायत दी गयी कि वे अपना सामान दुकान के अंदर ही रखेंगे सड़क पर नहीं रखेंगे एवं वाहन चालक व आमजन भी सड़क के किनारे खाली जगह पर ही अपने वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ा करें।

---

## पेयजल समस्याओं से निजात दिलाने 8 ग्राम पंचायतों में 27 लाख से होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ,बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ में विभिन्न प्रकार के निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु 27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की है। ग्रीष्मकाल की आहट मिलते ही पेयजल की समस्याओं से निजात दिलाने विकासखंड बहोरीबंद की 8 ग्राम पंचायतों में बोर खनन के कार्य कराए जाएंगे।

### इन पंचायतों में होंगे कार्य

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत के द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेशों के मुताबिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पचपेड़ी और देवरी पाठक में तीन-तीन लाख रुपए की लागत से सीसी नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ की खजुरा ग्राम पंचायत में 7 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य होगा। जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बाकल और चांदन खेड़ा में तीन-तीन लाख रुपए की लागत से तालाब जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत गुदरी, डिहुटा, कूड़न में दो, बरही, मटवारा, कौड़ियां और खिरहनी में एक लाख रुपए की लागत से बोर खनन के कार्य कराए जाएंगे।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने संबंधित ग्राम पंचायतों को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया है तथा निर्धारित शर्तों के मुताबिक तय समय सीमा में तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कराए जाने हेतु निर्माण एजेंसी एवं तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रशासकीय स्वीकृति आदेश, डिस्टिक प्लानिंग कमेटी में अनुमोदित कार्य योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री के द्वारा प्रदाय तकनीकी स्वीकृति के अनुसार जारी किए गए हैं।

---

*वरिष्ठ पार्षद ने प्रमुख सचिव को पत्र लिख जांच करने की मांग*

## अनुपयोगी एवं अवैध खरीदी से बिगड़ गई स्थिति, जांच कर दोषियों पर हो कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. शासन के स्थानीय निधि संपरीक्षा के संचालक एवं क्षेत्रीय संचालक के साथ साथ नगर निगम आयुक्त को एक पत्र लिखकर यह अवगत कराया है कि नगर निगम कटनी में विभिन्न विभागों में नियमों का उल्लघंन करते हुए लाखो, करोड़ों रुपये की अनुपयोगी सामाग्रियॉं क्रय की गई है । यह सामाग्रियॉं क्रय करने में म.प्र. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट इन कौंसिल के कामकाज का संचालन एवं पदाधिकारियों की शक्तियॉं एवं कत्र्तव्य) नियम 1998 का नियम 5 (तीन) एवं भण्डार क्रय नियमों एवं अन्य विधि नियमों का पालन नहीं किया गया है ।

पत्र में यह आरोपित किया गया कि खरीदी गई सामाग्रियों की खुले बाजार से निविदा आंमत्रित करके नहीं खरीदी गई । पत्र में यह आरोपित किया गया कि खरीदी गई सामाग्रियों में विद्युत सामाग्री, सार्वजनिक फोर-वे मूत्रालय, मोबाईल टॉयलेट, सीवर क्लीनिंग मशीन, एस गैस एनालाईजर, ब्रिथिंग अर्पाटस सिलेण्डर, सक्सन कम जेटिंग मशीन आदि खरीदी गई है, जिनका कहीं अता पता नहीं है ।

इसी प्रकार कटनी एम.एस.डब्ल्यू. के द्वारा हर 06 वर्ष में कचड़ा परिवहन वाहन खरीदे जाने थे लेकिन उनके द्वारा नहीं खरीदे गये । इस पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कटनी एम.एस. डब्ल्यू के ठेकेदार को अवैध फायदा पहुॅंचाने के लिए नगर निगम मद से कचड़ा वाहन खरीद कर कटनी एम.एस. डब्ल्यू को दे दिये हैं जबकि उसे खरीद करने के लिए डी.पी.आर. एवं अनुबंध में कोई उल्लेख नहीं है तथा कोई बजट प्रावधान भी नहीं था तथा नीतिगत मामला होने एवं पूरे नगर से संबंधित होने के कारण भी म.प्र. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट ऑफ कौंसिल के कामकाज का संचालन एवं पदाधिकारियों की शक्तियॉं एवं कत्र्तव्य) नियम 1998 का नियम 5 (तीन) के अंतर्गत निगम परिषद की कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई । इस राशि का कोई समायोजन भी नहीं किया गया । निगम विरुद्ध खरीदी एवं निगम परिषद की सक्षम स्वीकृति न होने के बावजूद उक्त खरीदी कार्यों के भुगतान के बिलों का अनुमोदन कटनी के वरिष्ठ संपरीक्षक, स्थानीय निधि संपरीक्षा कटनी के द्वारा भी कर दिया गया है और अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया गया है।

मिथलेश जैन द्वारा आरोपित किया गया है कि नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा की अनुपयोगी व अवैध खरीदी से नगर निगम की वित्तीय स्थिति पूर्णतः गड़बड़ा गई है । करोड़ों रुपये की एफ.डी.आर. तोड़कर उक्त राशियों से भुगतान किया गया है । महापौर एवं मेयर इन कौंसिल को जानकारी होने के बावजूद भी उनके द्वारा इस संबंध में न तो जॉंच बैठाई गई है और न ही कार्यवाही की गई है । पत्र में मांग की गई है कि उच्च स्तरीय जॉंच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जावे।

---

#### जीआईएस - 2025, भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कटनी के 250 उद्योगपति होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी भी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होनें के लिए कटनी जिले के करीब 250 अद्योगपति शामिल होंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए, नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किना फांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

जीआईएस भोपाल में विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीआईएस में विश्व बैंक का नेतृत्व कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो क़ौमे कर रहे हैं। उनके साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल परिवर्तन के वरिष्ठ विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त निवेश संवर्धन एजेंसियों के संगठन (डब्ल्यूएआईपीए) का प्रतिनिधित्व उप कार्यकारी निदेशक दुष्यंत ठाकोर करेंगे।

जीआईएस भोपाल में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसियों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें महानिदेशक श्री हिरोयुकी कितामुरा के नेतृत्व में जेट्रो (जापान), निदेशक सुश्री सीमा भारद्वाज के प्रतिनिधित्व में जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट और इन्वेस्ट ओटावा का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में इतालवी व्यापार एजेंसी, कनाडा की व्यापार आयुक्त सेवाएं, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया) और मैट्रेड (मलेशिया) का भी प्रमुख प्रतिनिधित्व है, जो मध्यप्रदेश में मजबूत क्रॉस-महाद्वीपीय निवेश रुचि को दर्शाता है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को द्विपक्षीय चौंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन मिला है, जो प्रमुख आर्थिक साझेदारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रबंध निदेशक श्री स्टीफन हालुसा के नेतृत्व में इंडो-जर्मन चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर (जीआईआईसी) भारत-जर्मन आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण विशेषज्ञ लेकर आए हैं। सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा किया जाता है। इसके अध्यक्ष श्री मनीष त्रिपाठी हैं, जो प्रौद्योगिकी और निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जीआईएस की विविध द्विपक्षीय भागीदारी में चेयरमैन श्री रमेश अय्यर के नेतृत्व में कोरिया में भारतीय चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसीके), अध्यक्ष श्री जे.जे. सिंह के प्रतिनिधित्व वाले इंडो-पोलिश चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईपीसीसीआई) और इंडिया जिबूती चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) शामिल हैं। ये चौंबर सीमा पार निवेश को सुविधाजनक बनाने और मध्यप्रदेश और उनके संबंधित क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाने में बहुमूल्य विशेषज्ञ लेकर आए हैं।

जीआईएस में शामिल होने वाले रूस के उल्यानोवस्क क्षेत्र के गवर्नर रुस्किख अलेक्सई युरेविच रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेतृत्व शामिल हैं।

---

## 1 अप्रैल की स्थिति में जारी हुई सभी संवर्ग की अंतरिम वरिष्ठता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने बताया की 1 अप्रैल की स्थिति में सभी संवर्गों की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है जिसमें प्राचार्य संवर्ग, व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला एवं माध्यमिक शिक्षकों की राज्य स्तरीय अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन करते हुए सर्व संबंधितों से सूची में विसंगतियों के संबंध में दावा आपत्तियां मंगाई गयी है।

उक्त आदेश के परिपालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पदक्रम सूची को विकासखण्ड स्तर पर सूचना पटल में प्रकाशित करने एवं सभी संबंधितों को अवलोकन कराएं यति इसी लोकसेवक की जानकारी सूची त्रुटिपूर्ण है तो उसे सुधार हेतु आवेदन प्राप्त कर प्रमाण सहित अभ्यावेदन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए है।

जिला स्तर पर 1 अप्रैल की स्थिति में सहायक शिक्षक सहायक शिक्षक विज्ञान एवं प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक विज्ञान की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है सर्व संबंधितों से सूची में विसंगतियों के संबंध में ठावा आपत्तियां मंगाई गयी है जिसके परिपालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पदक्रम सूची को विकासखण्ड स्तर पर सूचना पटल पर प्रकाशित करने एवं सभी संबंधितों को अवलोकन कराते हुए किसी लोक सेवक की जानकारी सूची में त्रुटिपूर्ण है तो उनसे सुधार हेतु आवेदन प्राप्त कर प्रमाण सहित अभ्यावेदन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश है।

## अनेक चौराहों पर बनी जाम की स्थिति

- रानीताल, बल्देवबाग, गेट नंबर 2 व शंकराचार्य चौक से निकलना हुआ मुश्किल
- बड़े हादसे के इंतजार में जिला प्रशासन

# जबलपुर में फेल होती यातायात इंजीनियरिंग

हरिभूमि, जबलपुर।

कहने को तो शहर महानगर का रूप ले रहा है, लेकिन अभी वह प्रसव वेदना से गुजर रहा है, जिससे आम आदमी बीते कई वर्षो से जूझ रहा है परंतु वेदना है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। सड़कों पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से भी प्रशासन सबक लेने तैयार नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि कोई बड़े हादसे के इंतजार में बैठा है। दरअसल, प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर शहर में बन रहा है और लगभग बनकर भी तैयार है, परंतु जिस भी इंजीनियर ने फ्लाईओवर के नीचे की डिजाइन को तैयार किया है वह काबिले तारीफ माना जा रहा है, इसका कारण यह है कि यहां पर कुछ चौराहे ऐसे तैयार कर दिये हैं जिन्हें अब जनता भी 'भूल भुलैया चौक' कहने लगी है। फिर वह



बल्देवबाग हो या रानीताल गेट नंबर 2, यही नहीं रानीताल में तो पता ही नहीं चलता है कि जाना कहां से है और आना कहां से है।

### रानीताल में हो रही आये दिन दुर्घटनाएं

यातायात के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक बन चुके रानीताल चौक पर आये दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं। यहां पर किसी को भी नहीं मालूम है कि कहां से जाएं जिससे सुरक्षित निकला जा सके। क्योंकि चारों तरफ से वाहन आते और जाते हैं। कौन कहां से निकले इसके लिए कोई चिन्ह भी नहीं बनाए गए हैं। ऐसा लगता है कि प्रशासन ने जनता को उनके हवाले छोड़ दिया है।

### विश्व का सबसे बड़ा चौराहा

शहर में इंजीनियरों की दिमाग की दाद अब शहर की जनता भी देने लगी है। छोटी लाइन फाटक पर नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करके चौराहा बनाया है। इस चौराहा का नाम 'आदि शंकराचार्य जी' दिया गया है। आम जनता भी इस चौराहा को विश्व का सबसे बड़ा चौराहा मानने लगी है, परंतु जाम की स्थिति ज्यों की त्यों बनी रहती है। खास तौर से चौराहे पर बना दी गई वाहन पार्किंग और रोटरी से आम जनता परेशान हो गई है, क्योंकि यह रोटरी सिर्फ और सिर्फ नेताओं की ब्रांडिंग करने का काम कर रही है।

### वसूली से फुर्सत मिले तो संभालें कमान!

कहने को शहर में यातायात पुलिस के तीन थाना हैं, जिनमें यातायात कर्मी भी मौजूद हैं, वहां तक की डीएसपी व टाउन इंस्पेक्टर (टीआई) की पोस्ट भी है, परंतु इतने बड़े चौराहों पर मजाल है की कोई यातायात कर्मी नजर आ जाए, या फिर यातायात को दुरुस्त करने की कोशिश करता मिल जाए, जबकि ये चौराहे संवेदनशील हो गए हैं, यहां पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कहा जा रहा है कि यातायात वालों को वसूली से फुर्सत मिले तो वह चौराहों पर यातायात की कमान संभालें।



# थैलेसीमिया और सिकलसेल पीड़ित बच्चों के लिए लगाई गुहार

**जबलपुर।** अनुवांशिक बीमारियों थैलेसीमिया और सिकलसेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों को हर महीने, 15 दिन या सप्ताह में रक्त चढ़ाना पड़ता है, इसी ब्लड पर ही उनका जीवन निर्भर है। शीर्ष रक्तदाता हर तीन माह में इनके लिए रक्तदान करके इनके जीवन संघर्ष में इनका लगातार साथ दे रहे हैं। लेकिन शासकीय अस्पतालों में इन्हें तथा माता- पिता को अनेक परेशानियों और दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों, रक्त फ़िल्टर और दवा की कमी जैसी अनेक बातों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए इन्होंने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी तथा डॉ. संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस बात का भी आग्रह किया कि सभी गाइनोकोलॉजिस्ट को जंचकी के समय टेस्ट अनिवार्य करने को कहें, जिससे ऐसे बच्चे ही जन्म न लें। शतकवीर रक्तदाताओं सरबजीत सिंह नारंग, अजय घोष, विकास खंडेलवाल, नीलेश गुप्ता, डॉ. संजय असाटी, रूपाली सिंघई शहडोल, शैलेष जैन, महेंद्र जैन बरेला, राहुल तिवारी, भीष्म सदरंगानी, इलुविंदर सिंह छाबड़ा, कपिल थडानी, अमर पटेल, नेहा शर्मा, नवदीप प्रिंसी जैन, परी शर्मा आदि नियमित रक्तदाता इस मौके पर मौजूद रहे।

# झुग्गी वासियों को सम्मान देने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार

**जबलपुर।** तीन दशक के अंतराल में भारत की राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार चुनी गई, सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के झुग्गी वासियों को शामिल कर पार्टी ने सबका साथ सबका विकास का नारा सार्थक किया है। प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर ने बताया कि भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने शीर्ष नेतृत्व और दिल्ली प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए इसे अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों का सम्मान बताया। भाजपा का अंत्योदय का



मार्ग इन्हीं झुग्गियों में दिखाई देता है। भाजपा सरकार इनके उत्थान के लिए निरंतर कृतसंकल्पित है। ज्ञातव्य है कि दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण में दिल्ली के झुग्गी बस्तियों के निवासियों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने केजरीवाल के झूठे प्रपंच को तोड़कर विकास करने वाली पार्टी भाजपा को चुना है। आने वाले समय में सरकार की योजनाओं से वो लाभान्वित होंगे। समस्या मुक्त सुविधा युक्त बस्तियों का मार्ग प्रशस्त होगा। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, जिला संयोजक ठाकुर बाबू सिंह, सह संयोजक अनंत पाण्डेय, आशीष शुक्ला, निखिल ठाकुर, अरुण वंशकार, शैलेन्द्र सिंह एवं अनेक प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

# ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला में आज व कल भी होंगे ऑपरेशन

**जटिल ऑपरेशनों की सर्जरी का हुआ लाइव प्रसारण**

**जबलपुर।** हितकारिणी डेंटल कॉजेल में पिछले दो दिन के सेमिनार एवं हेंड्स ऑन कार्यशाला के पश्चात आज 21 फरवरी को जबलपुर हॉस्पिटल में लाईव सर्जरी प्रारंभ की गई जिसमें 5 वर्षीय बालिका के चेहरे एवं नाक के ऊपर ब्रेन से निकले ट्यूमर का ऑपरेशन अमेरिका से पधारे डॉ. घाली, डॉ. स्तवन पटेल एवं न्यूरो सर्जन डॉ. प्रशांत कुशवाहा द्वारा किया गया, निश्चेतना डॉ. दीपमाला के द्वारा दी गई। जबलपुर के आसपास के आदिवासी क्षेत्र से आई इस बालिका को जन्मजात यह चेहरे का ट्यूमर था जिसे मेनिन्गोएनसेफेलोसील कहा जाता है। चेहरे को सामान्य करने के बाद इस बालिका के माता-पिता की खुशी देखते ही बनती है। आज ही दूसरा केस में एक 24 वर्षीय युवती जिसको टेम्पोरोमेन्डीबुलर एन्कायफोसिस की वजह से निचला जबड़ा और ठुड्डी तिरछी हो गई थी, उसके जबड़े की सर्जरी करके एवं बोन ग्राफ्ट के माध्यम से उसके चेहरे को सुडौल बनाया गया। इस ऑपरेशन को मुंबई रिलायंस एवं जसलोक हॉस्पिटल के वरिष्ठ मेक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. जे.एन. खन्ना एवं डॉ. सूरज आहूजा द्वारा किया गया। निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. भरत श्रीवास्तव ने इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक कराया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यशाला नियोजक डॉ. राजेश धीरावाणी, कार्यशाला अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे, सचिव संयोग पाठक, चिकित्सा संयोजक डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. आदित्य धीरावाणी ने सहयोग हेतु शप्रकाश धीरावाणी-डायरेक्टर जबलपुर हॉस्पिटल एन्ड रिसर्च सेंटर, हितकारिणी सभा सचिव विश्वमोहन को धन्यवाद प्रेषित किया। शनिवार एवं रविवार को भी ऑपरेशन जारी रहेंगे।

# शिवजी की आराधना से मिलता है सच्चा सुखः स्वामी अशोकानंद



**जबलपुर।** स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी की पुण्य स्मृति में दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा, श्री शिवमहायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण का आयोजन कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी अशोकानंद महाराज के सानिध्य में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी में प्रातः 09 बजे से सैंकड़ों की संख्याओं में रूद्री शिवलिंग का निर्माण किया। दोपहर 12 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात स्वामी अशोकानंद महाराज के द्वारा शिव महापुराण की कथा का महत्व बताते हुए कहा कि हम सभी को शिव जी की अराधना करना चाहिए, शिव की आराधना करने से सच्चे सुख की प्राप्ति होती है। इस अवसर पं. प्रत्युशूल पाण्डे, पं. महेश दत्त शास्त्री, पं. हरिनारायण मिश्रा, पं.अनिल तिवारी, पं. प्रमोद तिवारी, पं. श्रीचंदन दत्त, दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, आशीष राव, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती सावित्री शाह, श्रीमती संतोषी ठाकुर, सौरभ गोयल, सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आयकर अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**जबलपुर।** आयकर विभाग द्वारा शुक्रवार को देशव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत देशभर के आयकर कार्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इसी कड़ी में श्रीमती सविता बुंदस, प्रधान आयकर आयुक्त के मार्गदर्शन में आयकर कार्यालय, जबलपुर में भी रानी दुर्गावती चिकित्सालय की ब्लड बैंक प्रभारी श्रीमती पुष्पलता हैरिसन एवं उनकी टीम के सहयोग से आज दोपहर 2:30 बजे से रक्तदान शिविर प्रारंभ हुआ। इस शिविर में आयकर कार्यालय एवं जीएसटी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक भूरा, संयुक्त आयकर आयुक्त भरत शेगांवकर, संयुक्त आयकर आयुक्त सुनील कुमार, सहायक आयुक्त जीएसटी श्रीमती सुनी ए कुमार, आयकर अधिकारी संतोष साहू, आयकर अधिकारी, महेश शुक्ला, आयकर अधिकारी आशीष गुप्ता, आयकर निरीक्षक दीपक कुशवाहा, संजीव जैन की सक्रिय भूमिका रही।

# सेंट मेरीस उमावि विदाई समारोह में जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर पर की पुष्पवर्षा



**जबलपुर।** सेंट मेरीस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन रेवे. फादर शाजीपी जोशुआ एवं प्रिंसिपल मीनाती एस चार्ल्स के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा रेवे. फादर शाजीपी जोशुआ, प्रिंसिपल मीनाती एस चार्ल्स, कक्षा 12वीं के कक्षा शिक्षक एवं अपने सीनियर्स पर पुष्पा वर्षा एवं तिलक लगाकर किया गया। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स की विदाई पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए वेलकम डांस, मोटिवेशनल सोंग, पंजाबी डांस मोटिवेशन एवं दिल को छू लेने वाले नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रबंधन कमेटी द्वारा विद्यार्थियों को गिफ्ट एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सेक्रेटरी आदरणीय एडमिन सर ने अपना कीमती समय देकर विद्यार्थियों के इस कार्यक्रम को और विशेष बना दिया। वाइस प्रेसिडेंट रेव फादर शाजी पी जोशुआ द्वारा विद्यार्थियों को शुभाशीष देते हुए सही मार्ग पर जीवन जीने हेतु प्रेरित किया गया। प्राचार्य महोदया द्वारा विद्यार्थियों को विपरीत स्थितियों में भी खुद पर विश्वास कायम रखने हेतु बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उनके सुनहरे भविष्य हेतु शुभाशीष प्रदान की गई।

# प्रधानमंत्री 23 को रखेंगे कैंसर अस्पताल की आधारशिला

## बागेश्वर धाम में 26 फरवरी को होगा 251 कन्याओं का विवाह

**जबलपुर।** सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखे जाने के साथ ही बुंदेलखंड के 17 जिलों को शीघ्र ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कृपा पात्र आयोजन समिति के सदस्य निशांत नायक ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया कि 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे। वहीं बुंदेलखंड के महाकुंभ के रूप में बागेश्वर धाम में शुरू हो रहे महामहोत्सव में 26 फरवरी को 251 कन्याओं का विवाह होगा, इस महोत्सव में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बेटियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगी।



विधायक अभिलाष पांडेय ने बताया कि यह हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है कि बागेश्वर धाम एवं बुंदेलखंड की पावन भूमि पर कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण होने जा रहा है एवं 251 कन्याओं का विवाह बागेश्वर धाम एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कराया जा रहा है, निश्चित ही यह हमारे क्षेत्र और बुंदेलखंड के लिए गौरव की बात है। 23 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैंसर हॉस्पिटल के भूमि पूजन में सम्मिलित होने बुंदेलखंड की पावन धरा बागेश्वर धाम आ रहे हैं, इस दौरान हम सब उनका आतिथ्य करने तत्पर हैं। मैं बागेश्वर धाम शिष्य मंडल सदस्य के नाते आप सभी से अपील करता हूँ कि इस पावन पुनीत कार्य में अवश्य सम्मिलित हों। पत्रकार वार्ता में अभिलाष पांडेय, श्याम मिश्रा, विपिन साहू, दिनेश पटेल, मनीष चड्ढा, सत्येन्द्र भट, आलोक, अरविंद, निखिल, विनायक, आशीष सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मातृभाषा समाज की रीढ : अरुण शुक्ल

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर अरुण शुक्ल संभागीय नोडल अधिकारी ने कहा की मातृभाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि यह समाज संस्कृति, परंपरा और पहचान का एक महत्वपूर्ण अंग है . इस कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास एवं डॉ. महेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ. तरूणेन्द्र प्रसाद साकेत, डॉ.




नीलिमा, डॉ. सुनीता, डॉ. रश्मि बुनकर, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ लगभग 55 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संत गजानन महाराज का 33वां प्रकटोत्सव मनाया

**जबलपुर।** यादव कॉलोनी स्थित गजानन महाराज के मंदिर में गुरुवार 20 फरवरी को 33वां प्रकटोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिनभर धार्मिक आयोजन हुए। दोपहर 12:00 बजे से आरती एवं हवन के कार्यक्रम तथा दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया गया। शाम 4:00 बजे गजानन महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा कमला नेहरू वार्ड के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए वापस गजानन मंदिर पहुंची।



# श्रीमद् भागवत कथा समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**जबलपुर।** भव्य दिव्य अलौकिक, भक्ति श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर चरगवां ग्राम पंचायत परासिया में 13 फरवरी से 19 फरवरी तक कथावाचक पूज्य गुरुदेव पं. ब्रह्मानंद तिवारी के श्रीमुख से धर्म लाभ प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। 20 फरवरी को प्रसाद वितरण एवं सुगम्य भंडारा का आयोजन पूर्वान्ह 11 बजे से किया गया। मुख्य यजमान डेलन प्रसाद पटेल, गयाप्रसाद गैनाबाई पटेल, लेखराम गुड्डीबाई पटेल, केवल प्रसाद ताराबाई पटेल एवं अजय रागिनी पटेल (सरपंच), दिलीप अंजली पटेल ने स्वागत वंदन किया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत शुक्ला 'बबुआ भैया' (महामंत्री म.प्र. कांग्रेस कमेटी), राम पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी), ठाकुर विक्रम सिंह (पूर्व जनपद अध्यक्ष पाटन), चन्द्र किरण गोस्वामी (अध्यक्ष -जनपद पंचायत जबलपुर), मुन्नीबाई उइके (सदस्य जिला पंचायत जबलपुर), मुकेश पटेल (मालगुजार पड़रिया), प्रकाश शुक्ला, सहित ग्राम पंचायत परासिया के अन्य सदस्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गोंधल एवं फ्यूजन की धूम के साथ दिया पारिवारिक एकता का संदेश

## महाराष्ट्र कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन, 'उड़ान सफलता की' आयोजित

**जबलपुर।** "विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास का आधार होती है, जिसके लिए वार्षिक स्नेह सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है, जहाँ पर विद्यार्थी अपनी आंतरिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हैं, जो जीवन में उनके आत्मविश्वास को दृढ़ता प्रदान करती है।" उक्त उद्गार महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन (कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एण्ड मैनेजमेंट) गोलबाजार जबलपुर में आयोजित 'उड़ान सफलता की' वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाष पाण्डे, विधायक उत्तर



मध्य विधानसभा ने व्यक्त किये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय चिंतक एवं प्रसिद्ध लेखक प्रशांत पोळ ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति के दर्शन लोक नृत्य एवं गीतों व नाटकों के माध्यम से एक ही मंच पर हो जाते हैं एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिये सीढ़ियों का काम करते हैं। प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ, समाज सेवी, जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश शासन डॉ. जितेन्द्र जामदार ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर एक विवेकानन्द बसते हैं, केवल उन्हें खोजने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के लिये जीवन का सबसे बेहतरीन समय होता है उनकी कॉलेज लाईफ जिसमें वे जीवन में संघर्षों का सामना करना सीखते हैं। थकावट और तनाव दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है, सभी विद्यार्थियों का एक साथ मिलकर मौज-मस्ती के साथ सांस्कृतिक उत्सव मनाना।

इस अवसर पर प्रो. संजय तिवारी, प्रो. अतुल दुबे, प्रो. शैलेन्द्र बसेड़िया, प्रो. नरेन्द्र शुक्ला सहित महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल के समस्त पदाधिकारी, सदस्यों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./2517/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 21-2-2025
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आयोध्या प्रसाद जाट पिता श्री दालचंद्र जाट निवासी- म.नं. 225, दुर्गा साईं मंदिर के पास, कंजर मोहल्ला, अरविन्द्र वार्ड जबलपुर म.पं. द्वारा नगर निगम मकान नं. 1545, महर्षि अरविन्द वार्ड तह. व जिला जबलपुर स्थित नजूल ब्लॉक नं. 37, प्लाट नं. 24/2, का विक्रय प्लाट रकवा 740 वर्गफुट पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 586, दिनांक 17/10/2014 के माध्यम से कय की गई भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि चन्दूलाल, लालदास वल्द गुलाब, श्रीमति संतोषी पति बेड़ीलाल चौधरी, व अन्य के नाम दर्ज है। तत्संबंध में फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 11-3-2025 तक कार्यालय नायब तहसीलदार तहसील महोदय जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-21-2-2025
पेशी दिनांक-11-3-2025
मुद्रा
नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**

मैं, मनमोहन सिंह गुर्जर पिता श्री बालकिशन गुर्जर, निवासी-म.नं. 624/1 आमानपुर रोड, गौरैया प्लाट, वीर सावरकर वार्ड, पुरवा, जबलपुर (म.प्र.), आधार नं. 8692 7213 0823। यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 8692 7213 0823 में मेरा नाम मनमोहन सिंह गुर्जर (MANMOHAN SINGH GURJAR) दर्ज है। यह कि मेरे पासपोर्ट क्र. M1249619 में मेरा नाम मनमोहन सिंह (MANMOHAN SINGH) दर्ज है। यह कि मनमोहन सिंह गुर्जर (MANMOHAN SINGH GURJAR) एवं मनमोहन सिंह (MANMOHAN SINGH) दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के है। अतः अब से मुझे मनमोहन सिंह गुर्जर (MANMOHAN SINGH GURJAR) के नाम से जाना-पहचाना एवं पढ़ा-लिखा जावे।
सही नाम-मनमोहन सिंह गुर्जर
(MANMOHAN SINGH GURJAR)
गलत नाम-मनमोहन सिंह
(MANMOHAN SINGH)

**नाम सुधार सूचना**

मैं, शारदा सिंह गुर्जर पति श्री मनमोहन सिंह गुर्जर, निवासी- म.नं. 624/1, आमानपुर रोड, गौरैया प्लाट, वीर सावरकर वार्ड, पुरवा, जबलपुर (म.प्र.), आधार नं. 3788 4705 9320। यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 3788 4705 9320 में मेरा नाम शारदा सिंह गुर्जर (SHARDA SINGH GURJAR) दर्ज है। यह कि मेरे पासपोर्ट क्र. M0860866 में मेरा नाम शारदा सिंह (SHARDA SINGH) दर्ज है। यह कि शारदा सिंह गुर्जर (SHARDA SINGH GURJAR) एवं शारदा सिंह (SHARDA SINGH) दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। अतः अब से मुझे शारदा सिंह गुर्जर (SHARDA SINGH GURJAR) के नाम से जाना-पहचाना एवं पढ़ा-लिखा जावे।
सही नाम-शारदा सिंह गुर्जर
(SHARDA SINGH GURJAR)
गलत नाम-शारदा सिंह
(SHARDA SINGH)

# संस्कृति विश्वविद्यालय में सनातन धर्म और शिक्षा पर होगा शोध

## जगतगुरु सतीशाचार्य जी के मार्गदर्शन में

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय की शिक्षा समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय में सनातन पर शिक्षा और शोध कराने का निर्णय लिया है। इस विशेष शिक्षा को दष्टिगत रखते हुए अनंतश्री विभूषित जगदगुरु रामानंदाचार्य पेशेवर पीठाधीश्वर के स्वामी जगतगुरु सतीशाचार्य जी महाराज को प्रो. चांसलर नियुक्त किया हैं जिसे जगतगुरु जी ने आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया।

जगतगुरू के इस निर्णय से उनके अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई। समूचा हिन्दू समाज गुरुदेव के इस निर्णय पर अपने आपको गौंसवान्वित महसूस कर रहा है। 'जगतगुरु स्वामी सतीश आचार्य जी की विद्वता , ज्योतिष शास्त्र में निपुणता, वेद-पुराण पर वर्षो से किए गए शोध को देखते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता जी का निर्णय समूचे सनातनियों, वैष्णवों एवं धर्म में अभिरुचि तरेने वाले तमाम लोगों के लिये अनूठा व सराहनीय कदम है।



संस्कृति विस्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि जगतगुरु सतीशाचार्य जी के निर्देशन और देखरेख में यह महत्वपूर्ण और सामाजिक कार्य किया जाएगा। बताते चलें कि जगतगुरु सतीशाचार्य जी महाराज को सनातन के ऊपर विशेष ज्ञान प्राप्त हैं और बड़े बड़े आयोजनों में वे अपने व्याख्यान देते रहते हैं। अभी हाल ही में उन्होंने एक बड़ी सभा में कुम क्या है, इसका क्या महत्व है, सनातन धर्म में गंगा, यमुना, सरस्वती और त्रिवेणी की क्या महिमा है, और कुटुंब प्रबंधन 'पर इसका क्या प्रभाव और लाभ हैं. इसका व्याख्यान कर अपने जान से सबको लाभांवित किया था। पूज्य सतीशाचार्य जी महाराज वैदिक शास्त्र, प्राचीन ज्योतिष, अंक शास्त्र के ज्ञाता है। वर्षो की गहन-तपस्या के इन्होंने अनेक सिद्धियां प्राप्त की हैं जिसके आधार पर ये सनातन धर्म कौन और भी बेहतर तरीके से जानते हैं।

उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास हैं कि इनके मार्गदर्शन से सनातन धर्म की गूढ़ बातों की जानकारी लौगों को होगी और जिन चीजों से अभी हिन्दू समाज अनभिज्ञ हैं उनकों शोध के द्वारा वैज्ञानिक तरीके से समझाई जाएगी। जिससे वे सनातन पर्म को भलीं भांति समझ सके। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमबी चेट्टी, सीईओ डॉ श्रीमती मौनाकी शर्मा आदि ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सनातन की शिक्षा और शोध कराने की सोच को साधुवाद दिया है।

## स्कोडा के पहले ब्रांड सुपरस्टार बने रणवीर सिंह



**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने हाल ही में अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक पेश करने के बाद, अब एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने पावरहाउस रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रांड सुपरस्टार' घोषित किया है। यह भागीदारी अपने साथ स्कोडा के अंदाज़ वाले और लोगों पर आधारित कैम्पेन लेकर आ रही है, जिनमें रणवीर सिंह स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रशंसकों तथा ग्राहकों को आकर्षित करेंगे।

## विकास को गति देना हमारा उद्देश्य : सिंह




**कटनी।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उमरिया, कटनी में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया, इसके साथ ही प्रदेश में 51 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1052 आउटलेट हो गए हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, "हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करना और क्षेत्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि में योगदान देना है।" ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे।

### अंधेरे के देवता से कनेक्शन

# सूर्य का 1 चक्कर लगाने में इस ग्रह को लगता है 248 साल का वक्त



**वॉशिंगटन।** हर दिन कुछ नया करने और कुछ अनोखा खोजने के इच्छुक लोगों की दुनिया में कमी नहीं हैं। 18 फरवरी 1930 को ऐसे ही एक जिज्ञासु अमेरिकी वैज्ञानिक क्लाइड टॉमबा ने एक बौने ग्रह की खोज की थी। पहले इसे ग्रह मान लिया गया था, लेकिन बाद में इसे ग्रहों के परिवार से बाहर कर दिया गया। इस ग्रह का नाम रखने के लिए सुझाव मांगे गए तो 11वीं में पढ़ने वाली एक लड़की ने इसे प्लूटो नाम दिया। उसका कहना था कि रोम में अंधेरे के देवता को प्लूटो कहते हैं और इस ग्रह पर भी हमेशा अंधेरा रहता है, इसलिए इसका नाम प्लूटो रखा जाए। प्लूटो को सूर्य का एक चक्कर लगाने में 248 साल लग जाते हैं। प्लूटो और उसके सबसे बड़े चंद्रमा, चारोन के निर्माण को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ हैं। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि इन दोनों का मिलन एक 'चुम्बन और कब्जा' प्रक्रिया के जरिए हुआ था। इस हाइपोथिसिस के अनुसार, लगभग 4.5 अरब वर्ष पहले, प्लूटो और चारोन के बीच एक टक्कर हुई। इस टक्कर की वजह से वे अस्थायी रूप से एक साथ जुड़े और फिर अलग हो गए और अपनी वर्तमान कक्षाओं में एडजस्ट हो गए।

### यह नाइट्रोजन की बर्फ से ढका रहता है

सूर्य की रोशनी को प्लूटो तक पहुंचने में लगभग पांच घंटे का समय लगता हैं। आकार में यह हमारे चंद्रमा का एक तिहाई हैं। कभी-कभी यह वरुण (नैपच्यून) की कक्षा के भीतर पहुंच जाता है। यह नाइट्रोजन की बर्फ से ढका रहता हैं। प्लूटो सौर मंडल के अवशेष मलबे से बना है। प्लूटो को नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता है।

# अडाणी ग्रुप पांच साल में केरल में 30 हजार करोड़ का निवेश करेगा : करण अडाणी

## विजिन्जम पोर्ट, त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट और कोच्चि में लॉजिस्टिक्स हब की योजनाएं





हरिभूमि न्यूज,कोच्चि।

अडाणी ग्रुप अगले पांच सालों में केरल में 30 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा। यह घोषणा अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने शुक्रवार को 'इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट' में की। इस निवेश से राज्य के विकास को एक नई दिशा मिलेगी और स्थानीय आर्थिक गतिविधियाँ तेज होंगी। इस मौके पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, मंत्रीगण, उद्योगपति उपस्थित थे।अडाणी ग्रुप पहले ही केरल के विजिन्जम पोर्ट पर 5,000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है। इस परियोजना के तहत ग्रुप विजिन्जम पोर्ट का विकास कर रहा है। इसके अतिरिक्त, अडाणी समूह त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे की क्षमता को 4.5 मिलियन से बढ़ाकर 12 मिलियन यात्रियों तक पहुंचाएगा, इसके लिए 5,500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

### लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स हब का निर्माण होगा

करण अडाणी ने यह भी घोषणा की कि ग्रुप कोच्चि में एक लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स हब बनाएगा, जो राज्य में व्यापार और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा. इसके साथ ही, कोच्चि में सीमेंट निर्माण क्षमता का भी विस्तार किया जाएगा, जिससे स्थानीय उद्योग को मजबूती मिलेगी। इस घोषणा के साथ अडाणी ग्रुप ने केरल में अगले पांच सालों में कुल 30,000 करोड़ रुपए के निवेश का संकल्प लिया है। यह निवेश राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के साथ-साथ स्थानीय विकास की गति को तेज करेगा।

### समिट में 3,000 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद

करण अडाणी के उपरोक्त बयान के बाद अब समिट में लगभग 3,000 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो राज्य के विकास के लिए अपनी योजनाओं को साझा करेंगे और निवेश के अवसरों पर विचार करेंगे। हमारे चेयरमैन गौतम अदानी के शब्दों में बुनियादी ढांचा क्षेत्र राष्ट्र के लिए संपत्ति बनाने और राष्ट्र निर्माण के बारे में है। केरल विकास और प्रगति के एक मॉडल के रूप में उभर रहा है और अदानी समूह में हम इस यात्रा का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

# अंडा-ब्रेड खाकर 83 लाख बचा चुकी है लड़की, 24 की उम्र में बनाया रिटायरमेंट प्लान



**लंदन।** आमतौर पर जिस उम्र में लोग पैसे कमाने की शुरुआत करते हैं और अपने शौक पर जीभर के खर्चा करते हैं। उस उम्र में लड़की ने अच्छी-खासी सेविंग कर ली है। अब वो लोगों को पैसे बचाने के टिप्स दे रही है। अब वो लोगों को पैसे बचाने के टिप्स दे रही है। लोग ये जानकर हैरान है कि लड़की ने अपने ब्रेकफास्ट पर कभी ज्यादा पैसे ही नहीं खर्च किए। एक रिपोर्ट के मुताबिक मिया मैकग्राथ नाम की 24 साल की लड़की ने 83 लाख रुपए अपने खाते में सेव कर लिए हैं। मिया फैशन इंडस्ट्री में अकाउंट मैनेजर का काम करती है। ग्लैमरस माहौल में रहकर भी वो कोई ज्यादा खर्चा नहीं करती है। वो अपने लिए घर से ही खाना लेकर जाती है और बाहर से कुछ नहीं खाती। यहां तक कि कॉफी खरीदने के बजाय वो बना लेती है और हमेशा पानी की बोतल अपने साथ रखती है। यंग होने के बाद भी मेकअप और स्किनकेयर प्रोडक्ट्स पर पैसे खर्च करना वो बर्बादी मानती है।

अपने लिए सस्ती क्रीम, पाउडर और मेकअप लेती है और महंगे कपड़े के बजाय सेकेंड हैंड कपड़ों से काम चला लेती है।मिया कहती है कि अगर आपको 40 साल की उम्र तक रिटायर होकर आराम की ज़िंदगी जीनी है, तो आपको कुछ त्याग करने होंगे। इन्हीं में से एक ये है कि वो लंबे समय से सिर्फ एक ही सस्ता सा नाश्ता खा रही है – अंडा और ब्रेड।

# पेट में 'जुड़वां' लेकर पैदा हुआ बच्चा, कोख से निकलते ही हुई 'डिलीवरी', कुदरत का रहस्यमय खेल!

**वॉशिंगटन।** दुनिया में कई बार कुछ ऐसी घटनाएं दिख जाती हैं, जिन्हें हम एक बार तो पचा भी नहीं पाते हैं। ऐसी ही एक अविश्वसनीय घटना इस वक्त सुर्खियों में है, जिसे पचा पाना सबके बस की बात नहीं है। आप इसे कुदरत का चमत्कार कह लें या फिर विज्ञान का खेल। लेकिन, ऐसी घटनाएं रोज़-रोज़ नहीं होती हैं। आमतौर पर मां के गर्भ में बच्चे पलते हैं, लेकिन एक बच्चा तो 'प्रेग्नेंट' होकर ही इस दुनिया में आया। कुदरत के खेल भी निराले हैं। कभी-कभी ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं, जिनकी कल्पना भी शायद हमने पहले नहीं की हो।कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक नवजात बच्चे के पेट में जुड़वां बच्चे पलते हुए मिले। डॉक्टर भी ये देखकर हैरान रह गए। 32 साल की महिला ने इस बच्चे को जन्म दिया है, जो है तो लड़का, लेकिन उसके पेट में दो जुड़वां बच्चे पल रहे थे। है ना अजीब?



### इस कंडीशन को कहते हैं क्या?

इस अजीबोगरीब कंडीशन को 'फीटस इन फीटू' कहा जाता है, जिसके बारे में वैज्ञानिक और डॉक्टर भी ज्यादा कुछ नहीं बता पाते हैं। इससे जुड़ी हुई थ्योरी कहती है कि मां के गर्भ में कई बच्चे होते हैं, तो कई बार उनके विकास के दौरान ऐसा हो जाता है। इससे पहले भी साल 2023 में चीन में एक तीन साल की बच्ची के दिमाग के अंदर एक भ्रूण पल रहा था, जो 4 इंच तक बढ़ गया था। बच्ची के सिर का साइज बढ़ने लगा, तो माता-पिता उसे डॉक्टर के पास ले गए। स्कैन में भ्रूण देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए और एक लंबे ऑपरेशन के बाद उन्होंने इसे बाहर निकाला।

### बच्चे के पेट में 'जुड़वां बच्चे'

*इस बच्चे का जन्म 1 फरवरी को हुआ है, जो 35 हफ्ते का स्वस्थ बच्चा है। बच्चे की स्कैनिंग करने वाले डॉक्टर ने बताया कि स्कैनिंग के वक्त ही उन्होंने बच्चे के साथ कुछ अजीबोगरीब चीज देखी। उसके पेट में एक दो भ्रूण थे, जिसमें से एक की कुछ हड्डियां और बाल थे, जबकि दूसरा भ्रूण बच्चे के पेट के निचले हिस्से में था। ये दुनिया के कुछ 200 दुर्लभ केसेज़ में से एक है, जब बच्चे के शरीर के अंदर दूसरे भ्रूण पलने लगे हों। राहत की बात ये है कि बच्चे के जन्म के बाद ही उसके पेट से दोनों भ्रूण निकाल लिए गए, जो सर्वाइव करने लायक विकसित नहीं थे। अब बच्चा और उसकी मां, दोनों ही स्वस्थ हैं।*

# पढ़ाई के लिए बाप-बेटे का एग्रीमेंट

**नई दिल्ली।** परीक्षाओं का मौसम है और छात्र तैयारियों में जुटे हुए हैं। माता-पिता भी इस वक्त अपने बच्चों को समय दे रहे हैं और उन्हें परीक्षा में अच्छा करने के लिए मोटिवेट कर रहे हैं। हर किसी का बच्चों को पढ़ाई के लिए पुश करने का तरीका ज़रा अलग होता है। कोई बच्चों को कुछ दिलाने का वादा करता है तो कोई उन्हें कहीं घुमाने क लालच देता है। हालांकि, कुछ माता-पिता अलग ही स्तर पर मोटिवेशन दे रहे होते हैं। आमतौर पर माता-पिता अपने बच्चों से उनके करियर को लेकर बातचीत करते ही हैं, लेकिन एक पिता ने अपने बेटे के लिए जो एग्रीमेंट तैयार किया है, वैसा शायद ही आपने पहले कभी देखा होगा। इंटरनेट पर ये खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस एग्रीमेंट में कोई छोटी-मोटी चीज़ नहीं, बल्कि एक एडमिशन पर पूरा फ्यूचर प्लान ही बता दिया गया है। रेडिट पर एक यूज़र ने बताया है कि उसके पापा ने किस तरह उससे लिखित में समझौता लिया है।



### लोगों ने दी दिलचस्प प्रतिक्रिया


इस मज़ेदार पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और साथ ही इस पर लोगों के रिएक्शन की बाढ़ आ गई। हर कोई अंकल के इस समझौते पर कुछ न कुछ प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने मज़ाक में लिखा- 'मेरे पापा ने कहा था कि अगर मैं आईआईटी में चला गया तो वो नौकरी से रिटायर हो जाएंगे।' दूसरे ने लिखा-' अंकल प्रेशराइज़ ज्यादा कर देते हैं।'

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की


**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5786



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5785 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5796

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5795 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# आयुष्मान के साथ पर्दे पर जमेगी जोड़ी


**मुंबई।** शरवरी वाघ के हाथ एक बड़ी फिल्म लग गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार सूरज बड़जात्या की फिल्म में वह आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी। बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक सूरज बड़जात्या को पारिवारिक और रोमांटिक कहानियों को बड़े पर्दे पर पेश करने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उनकी अगली फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक शरवरी वाघ को आयुष्मान खुराना के साथ सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म के लिए कास्ट किया गया है। निर् हम साथ-साथ हैं, मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार शरवरी ने इस भूमिका के लिए सूरज बड़जात्या की तरफ से तय किए गए सभी मानदंडों को पूरा किया है। खासकर फिल्म में मासूमियत और संवेदनशीलता को शानदार तरीके से व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें इस भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाया। एक इंडस्ट्री सूत्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, पिछले साल से ही शरवरी को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह है। अब उन्हें सूरज बड़जात्या की फिल्म में नायिका के तौर पर चुना जाना शरवरी की प्रतिभा की सबसे बड़ी स्वीकृति है। यह साबित करता है कि वह भारत के सबसे बेहतरीन नए कलाकारों में से एक हैं।

पिछले दो साल से चल रही चर्चा के बाद आखिरकार क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक में सौरव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता का नाम तय हो गया है। हिंदी में बनने वाली इस बायोपिक में सौरव गांगुली की भूमिका निभाएंगे राजकुमार राव।

# राजकुमार राव निभाएंगे सौरव गांगुली का किरदार



## तृप्ति डिमरी का नाम भी चर्चा में

सौरव गांगुली की बायोपिक को बॉलीवुड के निर्माता लव रंजन प्रोड्यूस कर रहे हैं और इसका निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी (लूटेरा फेम) करेंगे। खबरों के मुताबिक, सौरव गांगुली की पत्नी डोना गांगुली की भूमिका के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का नाम सामने आ रहा है। बताया जाता है कि सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली के अनुरोध पर इस भूमिका के लिए तृप्ति डिमरी का नाम चर्चा में आया है। हालांकि, अभी तक डोना गांगुली की भूमिका में तृप्ति डिमरी के चयन को लेकर निर्माता लव रंजन ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है।


तपन बक्सी ▶▶ मुंबई

21 फरवरी को सौरव गांगुली की 28वीं शादी की सालगिरह के दिन यह खबर सामने आई। हालांकि, शादी की सालगिरह से एक दिन पहले का दिन सौरव गांगुली के लिए अच्छा नहीं था। वे एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोलकाता से बर्धमान जा रहे थे, तभी उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई।

हालांकि, सौभाग्य से सौरव और उनके साथी सुरक्षित बच गए। 21 फरवरी को बर्धमान में खड़े होकर ही सौरव गांगुली ने अपनी बायोपिक में अभिनेता के नाम की घोषणा की। बर्धमान में खड़े होकर सौरव गांगुली ने कहा, 'मेरी बायोपिक में राजकुमार राव अभिनय करेंगे, यह खबर मुझे मिली है। लेकिन राजकुमार राव की तारीख को लेकर कुछ समस्या है। यह समस्या हल होते ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी और इसे रिलीज़ होने में एक साल लगेगा।'

दो साल पहले सौरव गांगुली की हिंदी बायोपिक में सौरव की भूमिका के लिए रणबीर कपूर का नाम सामने आया था। लेकिन कुछ दिनों बाद साफ हो गया कि रणबीर कपूर इस भूमिका में नहीं होंगे। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का नाम सामने आया। बताया जाता है कि मुंबई में सौरव गांगुली की बायोपिक के लिए आयुष्मान खुराना का स्क्रीन टेस्ट भी हुआ था। लेकिन, फिल्म के प्रोड्यूसर लव रंजन ने अंततः आयुष्मान खुराना को इस भूमिका के लिए नहीं चुना। हालांकि, यह साफ नहीं हुआ कि आयुष्मान खुराना को इस भूमिका से क्यों बाहर किया गया। इससे पहले, मई 2024 में रिलीज़ हुई हिंदी फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव ने आंध्र प्रदेश के नेत्रहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन तुषार हिरनंदानी ने किया था। 35 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 62 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। फिल्म में दिखाया गया था कि कैसे एक नेत्रहीन किसान परिवार में जन्मे श्रीकांत बोला ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद, 2024 में आई हिट फिल्म 'स्त्री 2' में अभिनय करने के बाद राजकुमार राव ने निर्देशक शरण शर्मा की फिल्म "मिस्टर एंड मिसेज माही' में जाह्नवी कपूर के साथ एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई। 2025 के अप्रैल में राजकुमार राव की एक और हिंदी फिल्म 'भूल चुक माफ' रिलीज़ होने जा रही है, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री वामिका गब्बी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# इन पुरस्कारों के लिए मिल चुका है नामांकन

**लॉस एंजिल्स।** एलियट पेज के अब तक के कॅरियर में एक अकादमी पुरस्कार, तीन ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार, एक गोल्डन ग्लोब पुरस्कार, दो प्राइमटाइम एमी पुरस्कार और एक स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड पुरस्कार के लिए नामांकन मिल चुका है। एलियट का जन्म 21 फरवरी 1987 को कनाडा में हुआ। पेज का जन्म एक महिला के रूप में हुआ था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना जेंडर बदल लिया। इससे पहले एलियट का नाम एलन था। एलियट की जिंदगी शुरू से ही काफी संघर्षपूर्ण रही है। उन्हें अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जिसमें उनके साथ बिना मर्जी के संबंध बनाने की कोशिश शामिल हैं।



# जुआ खेलते पकड़ा गया सिंगर तो चप्पल मारकर गिराया ड्रोन

**नई दिल्ली।** सिंगर ड्रेक का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस वीडियो में उनके अपार्टमेंट के अंदर एक ड्रोन देखा गया जिसे देखकर वे चौंक गए और उन्होंने उस पर चप्पल से निशाना साधने की कोशिश की। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कई यूजर्स ने इस क्लिप पर रिएक्शन दिए हैं और शेयर किया है कि यह पूरी तरह से नाटक जैसा लग रहा है। क्लिप में ड्रोन कैमरे ने सिंगर के लैपटॉप को को दिखाया, जिसमें एक जुआ खेलने वाली साइट खुली हुई थी। जैसे ही ड्रेक कमरे ने एंट्री ली वह ड्रोन को देखकर चौंक गया और अपनी चप्पल से उस पर निशाना साधा। ड्रोन उस हमले से बच गया और अपार्टमेंट से बाहर निकल आया। एक्स पर वीडियो पर रिएक्शन देते हुए एक शख्स ने कमेंट किया, यह इतना नाटक जैसा है कि यह गलत है कि उसने सोचा कि हम इस पर यकीन करेंगे। एक ने ड्रोन ऑपरेटर की परछाई देखी और लिखा- सब प्लान्ड है, ड्रोन पायलट कोने में बैठा है।



# 25 फरवरी को लेंगी सात फेरे...

**मुंबई।** अभिनेत्री प्राजक्ता कोली ने कई सालों तक वृषांक कनाल को डेट करने के बाद अब शादी करने का फैसला लिया है। इस फैसले से प्राजक्ता फैंस बेहद खुश हो गए हैं। सगाई करने के दो साल बाद यह जोड़ी अब शादी करने जा रही है। प्राजक्ता कोली ने बताया कि वे 25 फरवरी को अपने मंगेतर वृषांक खनल से शादी करेंगी। एक यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर से बॉलीवुड अभिनेत्री बनी प्राजक्ता ने कहा कि वृषांक मेरे लिए ये रिंग लाए, कहां से लाए नहीं पता, लेकिन ये वाकई बहुत सुंदर हैउन्होंने बताया कि वृषांक नेपाल से हैं। काठमांडु शहर उन्हें बेहद पसंद है। वह एक वकील हैं, जो कि इन्वेस्टमेंट बैंक में काम करते हैं। वे और वृषांक 13 साल से एक साथ हैं। जब प्राजक्ता 18 साल की थीं और वृषांक 22 साल के थे, तब उन दोनों की मुलाकात हुई थी।



# ऑनलाइन जज किए जाने पर भड़कीं प्रीति

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट पर सवाल उठाने वाले ट्रोल्स को खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने एक्स पर की गई एक नई पोस्ट में, बढ़ती निराशावादिता और सोशल मीडिया टॉक्सिटी के बारे में बताया है। उन्होंने ये भी बताया है कि किस तरह से लोग किसी सेलिब्रिटी की पोस्ट पर जल्दी से फैसला ले लेते हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके पहले एआई चौटबॉट इंटरैक्शन को 'पेड प्रमोशन' नौटंकी माना गया। अपनी पोस्ट में लिखा 'आइए इसे हकीकत बनाएं और लोगों को वैसे ही लें जैसे वे हैं, न कि जैसा हम सोचते हैं कि उन्हें होना चाहिए! हमें लगता है कि हमें बस बातचीत करनी चाहिए और एक -दूसरे से बात करके खुश होना चाहिए। अब मुझसे ये मत पूछना कि मैंने जीन से शादी क्यों की? मैंने उनसे शादी की, क्योंकि मैं उनसे प्यार करती हूं।

## टीवी मसाला



# आयशा जुल्का की डिश पर जजेज ने किया रूड कमेंट

**नई दिल्ली।** सेलेब्स कुकिंग कंपटीशन रियलिटी शो सेलिब्रिटी मास्टरशेफ और भी रोमांचक होता जा रहा है। किचन में मौजूद सभी सेलेब्स कंटेस्टेंट्स के बीच स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए कड़ी टक्कर देखी जा रही है। ऐसे में इन सभी सेलेब्स कंटेस्टेंट्स के बीच नोक-झोंक भी हो रही है। वहीं, शो के जज अपने चैलेंज से कंटेस्टेंट्स को बड़ी चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में कंटेस्टेंट्स के पास जज को लुभाने के लिए स्वादिष्ट खाना बनाने के अलावा कोई चारा नहीं है। इस बार जजों का चैलेंज थोड़ा टफ है। जज ने कंटेस्टेंट्स को एक बार फिर दो टीमों में बांट दिया और उन्हें अपनी डिशेज को थिएटर में बेचने को कहा है। एक्ट्रेस कंटेस्टेंट आयशा जुल्का की डिश देख जज विकास खन्ना का मूड खराब हो जाता है। विकास खन्ना ने आयशा जुल्का की डिश को लेकर कहा है कि इसे तो कोई फ्री में भी नहीं खाएगा। शो का नया प्रोमो जारी किया गया है। इसमें विकास खन्ना को कंटेस्टेंट्स को नया चैलेंज देते देखा जा रहा है। विकास खन्ना कह रहे हैं कि दो ग्रुप में बटी टीमों को मास्टरशेफ स्टाइल में खाना बनाना है। इन डिश को खाने के लिए दर्शक मास्टरशेफ करंसी का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, प्रोमो में कंटेस्टेंट ऊषा नंदकर्णी कहती हैं, 'इनका चैलेंज, हमारी टेंशन'. विकास खन्ना के चैलेंज को स्वीकार कर सभी खाना बनाना शुरू कर देते हैं। तभी घर की दो कंटेस्टेंट में नोक-झोक हो जाती है।

## प्रोड्यूसर ने एक्ट्रेस के सामने रखी घटिया शर्त

**नई दिल्ली।** मायानगरी मुंबई में अपने एक्टिंग के सपने को साकार करने लिए कई युवा इस चमचमाती हुई दुनिया का हिस्सा बनने के लिए यहां पहुंचते हैं। कुछ जान पहचान से आसानी से पहुंच जाते हैं, तो किसी को एक छोटा सा रोल पाने के लिए चप्पलें घिसनी पड़ती हैं। ये जानते हुए भी एक्टिंग में कॅरियर बनाना कोई आसान काम नहीं हैं। फिर अपनी किस्मत आजमाने आते हैं। 30 साल की एक हसीना ने भी एक्टिंग कॅरियर किस्मत अजमाने की कोशिश की, लेकिन प्रोड्यूसर की डिमांड सुन तो होश फाख्ता हो गए। ये और कोई नहीं, बल्कि टीवी एक्ट्रेस आयशा कपूर हैं। एक प्रोड्यूसर ने एक रोल के लिए उनके सामने अजीब डिमांड रख डाली थी और वो डिमांड पूरी नहीं कर सकीं, तो उसको शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि एक्टिंग की दुनिया में एंट्री करना किसी के लिए भी आसान नहीं है। पहला ब्रेक पाने के लिए भी कई पापड़ बेलने पड़े थे।



# 'अमिताभ-धर्मेंद्र के सामने मैं कुछ भी नहीं, फिर भी बनाई इनके बीच जगह'

**नई दिल्ली।** गोलमाल से लेकर छोटी सी बात जैसी तमाम कल्ट फिल्में देने वाले अमोल पालेकर आज भी एक्टिंग की दुनिया में अपना जलवा दिखा रहे हैं। दोनों ने यहां 'आर्ट एक्टिविजम एंड एक्टिंग' सेशन में कई सारी इंट्रेस्टिंग बातें कीं। अमोल पालेकर पिछले 50 सालों में ऐसी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं जो आम इंसानों की कहानी बताती रही हैं।

## एक्टर के तौर पर बढ़ जाती है समाज के प्रति जिम्मेदारी



अमोल पालेकर ने बताया कि उनके और श्याम बेनेगल की शुरुआत एक साथ हुई थी। इस दौरान उन्होंने ये भी बोला कि एक्टर्स और फिल्म मेकर्स की ये जिम्मेदारी बनती है को वो समाज के प्रति उत्तरदायी रहें। उन्होंने श्याम बेनेगल की तारीफ करते हुए कहा कि वो ऐसी ही फिल्में करते थे। और, ऐसा हम सभी को करना चाहिए। क्योंकि, ऐज ऐन एक्टर हमारी रिस्पॉन्सिबिलिटी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने ये भी कहा कि एक समय ऐसा भी आया था कि जब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लोग ऐसा कहने लगे थे कि हमारा काम एंटरटेनमेंट देना है, न कि ये सब करना।

## डेढ़ पन्ने की कहानी में बना डाली 2 घंटे की फिल्म रजनीगंधा

*अमोल पालेकर ने बताया कि उनकी फिल्म रजनीगंधा के डायरेक्टर ने उन्हें सिर्फ डेढ़ पन्ने की स्क्रिप्ट देकर 2 घंटे की फिल्म बनाने का ऑफर किया। अमोल कहते हैं कि ये सवाल मैंने जब डायरेक्टर बासु दा से पूछा कि कैसे करेंगे, तो उन्होंने कहा कि आप क्या तैयार हो। तो मैंने कहा हां और बस बन गई फिल्म। उन्होंने बताया कि ये फिल्म अलग थी, इसमें हीरो उस जमाने के हीरोज की तरह नहीं था।*

## मीडिया ने दिया था मुझे बॉय नेक्स्ट डोर वाला लेबल

चितचोर, छोटी सी बात, और रजनीगंधा जैसी फिल्में लोगों को बहुत पसंद आ रही थीं। मीडिया ने तब मुझे बॉय नेक्स्ट डोर वाला लेबल दे दिया। मतलब ऐसा इंसान जो हमारे आसपास का फील हो। ये वो जमाना था जब अमिताभ बच्चन बहुत पॉपुलर हो गए थे, राजेश खन्ना का दौर खत्म नहीं हुआ था। धर्मेंद्र और जितेंद्र जैसे बडे नाम भी थे। इनकी तुलना में मैं कुछ भी नहीं था, इसलिए लोगों को मैं पसंद आया। क्योंकि, लोगों को मैं उनके बीच का लगता था। इसी वजह से मेरी 3 फिल्में सिल्वर जुबली हुईं।

# 17 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी 'इमरजेंसी'

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शक इस फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जो पोस्ट साझा की है, उसमें कंगना और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी नजर आ रही हैं। पोस्ट में कंगना रनौत ने लिखा है '17 मार्च को नेटफिलिक्स पर रिलीज हो रही है।' फैंस 'इमरजेंसी' को 17 मार्च को नेटफिलिक्स पर देख सकते हैं। फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 21.65 करोड़ की कमाई की है। फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। फिल्म की कहानी ऐतिहासिक आपातकालीन दौर के आस-पास घूमती है। भारत में 1975 से 1977 तक आपातकाल लगाया गया था। कंगना रनौत ने इस फिल्म में अदाकारी करने के साथ इस फिल्म का निर्देशन भी किया है। फिल्म में



अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और मिलिंद सोमन हैं। 'इमरजेंसी' फिल्म काफी पहले रिलीज होने वाली थी, लेकिन सिख बिरादरी के विरोध की वजह से इसे वक्त पर रिलीज नहीं किया जा सका। सिख बिरादरी का इल्जाम था कि फिल्म में सिखों की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है।

कॅरियर की शुरुआत बतौर बाल कलाकार फिल्म 'नल दमयंती'से की थीं

# नूतन का बोल्ड अंदाज देख चौंक गए थे दर्शक

नई दिल्ली। निर्देशक कुमारसेन समर्थ और अभिनेत्री शोभना समर्थ की बेटी थीं अदाकारा नूतन। अपने एक्टिंग कॅरियर में नूतन ने एक से बढ़कर एक उम्दा किरदार निभाए। वह किरदारों में ढल जाने वाली एक बेहतरीन अदाकारा थीं। शुक्रवार को अभिनेत्री नूतन की पुण्यतिथि (21 फरवरी 1991) थी। नूतन ने अपने कॅरियर की शुरुआत बतौर बाल कलाकार फिल्म 'नल दमयंती'से की थी। आगे चलकर नूतन ने फिल्मों में मुख्य नायिका के रोल किए। नूतन इतनी शिद्दत से अपने किरदार निभाती थीं दर्शक बस उन्हें देखते ही रह जाते थे, उनकी तारीफ करते नहीं थकते थे।

## दिल्ली का ठग

फिल्म 'दिल्ली का ठग (1958)' में नूतन ने किशोर कुमार के साथ अभिनय किया था। इस फिल्म में वह एक तैराक आशा के रोल में नजर आईं। फिल्म में जब नूतन की एंट्री होती है तो वह एक स्विमिंग कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेती हुई नजर आती हैं। ऐसे में इस सीन में नूतन की एंट्री स्विम सूट में होती है। इस सीन ने 50 के दशक में दर्शकों के बीच तहलका ही मचा दिया था। नूतन का बोल्ड अंदाज देखकर दर्शक हैरान रह गए थे।



## सुजाता

फिल्म 'सुजाता (1959)' छुआछात की समस्या के ईद-गिर्द बुनी गई एक प्रेम कहानी है। इस फिल्म में एक अछूत महिला सुजाता के रोल में नूतन नजर आई थीं। फिल्म में सुजाता की पीड़ा को उन्होंने बहुत ही उम्दा तरीके से पर्दे पर उकेरा था। इस फिल्म के लिए नूतन को बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

## बंदिनी

साल 1963 में फिल्म 'बंदिनी'में नूतन ने कल्याणी नाम की महिला का किरदार निभाया था। यह एक दर्द भरी प्रेम कहानी वाली फिल्म थी। फिल्म में कल्याणी एक खून के इल्जाम में जेल में है। वहां एक जेल के डॉक्टर (धर्मेंद्र) को उससे प्रेम हो जाता है। लेकिन, कल्याणी डॉक्टर के प्रेम को नहीं स्वीकारती है। दरअसल, अतीत में वह किसी और व्यक्ति से प्रेम करती थी। इस फिल्म में नूतन पर कई गीत फिल्माए गए जो आज भी बहुत चर्चित है। इन्हीं में एक गीत 'ओ मेरे मांझी' भी शामिल है।

## पेइंग गेस्ट

1957 में रिलीज हुई देव आनंद की फिल्म 'पेइंग गेस्ट' में नूतन ने शांति का किरदार निभाया। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। जहां नूतन गंभीर किरदारों को बखूबी निभा लेती थीं, वहीं 'पेइंग गेस्ट' में उन्होंने रोमांस के साथ कॉमेडी भी की। इस फिल्म में शांति के रोल में दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया।

## ये फिल्में भी रहीं खूब चर्चित

सुनील दत्त के साथ 1965 में 'खानदान'और 1967 में फिल्म 'मिलन' में नूतन नजर आईं, दोनों ही फिल्मों में उन्होंने राधा नाम की लड़की का रोल किया। दोनों ही फिल्म अलग-अलग जॉनर की थीं। लेकिन, सुनील दत्त और नूतन की जोड़ी को पर्दे पर काफी पसंद किया गया। वहीं, मैं तुलसी तेरे आंगन की (1978) और सौदागर (1973) में भी नूतन ने यादगार किरदार निभाए।

### दोनों टीमें एकदिवसीय प्रारूप में संघर्ष करते नजर आ रही

# चैम्पियंस ट्रॉफी : इंग्लैंड का सामना सितारों के बिना उतरी आस्ट्रेलियाई टीम से आज

एजेंसी ▶▶| लाहौर

खराब फॉर्म से जूझ रही इंग्लैंड टीम का सामना चैम्पियंस ट्रॉफी में शनिवार को अपने पहले मैच में एशेज प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलियाई टीम से होगा जो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से उनके बगैर खेल रही है। दोनों टीमें एक दिवसीय प्रारूप में संघर्ष करती नजर आ रही है। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को पिछली दो श्रृंखलाओं में श्रीलंका (0. 2) और पाकिस्तान (1 . 2) ने हराया। दूसरी ओर कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम ने 2023 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद से कोई वनडे श्रृंखला नहीं जीती है । जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम को भारत ने 3- 0 से हराया ।

### आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोट के कारण बाहर

पिछली बार सितंबर 2024 में दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की वनडे श्रृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-2 से जीती थी । उसके बाद से हालांकि आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोटों के कारण टीम से बाहर है । उनके तेज गेंदबाजों की धुरंधर तिकड़ी पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं।



### मार्श व ग्रीन चोट के कारण बाहर

हरफनमौला मिचेल मार्श (कमर की चोट) , कैमरन ग्रीन (चोट) के अलावा मार्कस स्टोइनिस अचानक संन्यास के ऐलान के कारण बाहर हैं । ऐसे में देखना है कि इस मिनी विश्व कप में क्या कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ की आस्ट्रेलियाई टीम अतीत की सफलता दोहरा पाती है ।

### स्मिथ को संभालनी होगी ओपनिंग पारी

मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं और उन्हें पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी । आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड पर भी नजरें होंगी जिन्होंने 2022 की श्रृंखला में यहां 101 और 89 रन बनाये थे । हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल ट्रेंट ब्रिज में 154 रन की नाबाद पारी खेली थी ।

### इंग्लैंड के पास त्रिकोणीय तेज आक्रमण

इंग्लैंड के पास जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स के रूप में त्रिकोणीय तेज आक्रमण है जबकि आदिल रशीद स्पिन का जिम्मा संभालेंगे । हेड ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,'' हम अच्छी शुरूआत सुनिश्चित करेंगे । सलामी बल्लेबाज के और पर मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा ।''

**डकेट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर बेन डकेट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ शानदार फॉर्म में थे । जो रूट इंग्लैंड की बल्लेबाजी की धुरी हैं और वह अपनी उपयोगिता फिर साबित करना चाहेंगे ।

### संभावित टीमें

**आस्ट्रेलिया** : स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबोट, एलेक्स कारी, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगुर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा
**इंग्लैंड** : जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट, बेन डकेट, जैमी स्मिथ, जो रूट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड ।
**मैच का समय** : दोपहर 2 . 30 से ।

# सभी चयन ट्रायल कैमरे के सामने होंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये भारतीय टीम के चयन में पारदर्शिता लाने की कवायद में सभी चयन ट्रायल अब कैमरे के सामने होंगे जिसमें खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद होंगे । खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले कुछ अर्से में चयन से जुड़े मसलों के अदालत तक जाने के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने मेरिट के आधार पर चयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये यह फैसला लिया है । सूत्र ने कहा ,'' अक्सर यह देखा जाता है कि चयन मामलों को लेकर विवाद होते हैं और वे अदालत तक जाते हैं जिससे खिलाड़ियों पर असर पड़ता है । इसलिये हमने अब से सारे चयन ट्रायल कैमरे के सामने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कराने का फैसला लिया है ।'' सूत्र ने कहा ,'' चयन प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय और साई के अधिकारी मौजूद होंगे ।'' सूत्र ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों और खिलाड़ियों के बीच समन्वय को बढावा देने के लिये दिल्ली के विभिन्न स्टेडियमों में महासंघों को कार्यालय खोलने के लिये जगह दी जायेगी ।

क्रिकेट

# मुंबई को हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में

- फाइनल में विदर्भ का सामना केरल से होगा
- मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी फाइनल में

एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के पांच विकेट की मदद से विदर्भ ने शुक्रवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को 80 रन से हराकर चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ फाइनल में केरल का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी ने दो रन की बढ़त हासिल करके पहली बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पुणे के रहने वाले 22 वर्षीय स्पिनर दुबे ने 127 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही मुंबई की टीम 325 रन पर आउट हो गई। विदर्भ ने इस तरह से पिछले साल मुंबई के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। विदर्भ को फाइनल में पहुंचाने में दुबे ने अहम भूमिका निभाई है। वह इस सत्र में अभी तक 66 विकेट ले चुके हैं। अब वह एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के बिहार के आशुतोष अमन के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं।

विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले वह 2017-18 और 2018-19 में चैंपियन बना था। मुंबई के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आखिर तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। शार्दुल ठाकुर ने फिर से अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा नमूना पेश करते हुए 124 गेंद पर 66 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है।

एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/24-25/2252 दिनांक : 21.02.2025
सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से फ़रवरी 2025 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना

नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र. सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से "कोयले " की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमे कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है । "फ़रवरी 2025" के लिये दिनांक "28.02.2025" को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्ते एनसीएल की वेबसाइट "www.nclcil.in", सर्विस प्रोवाइडर "सर्व श्री एमएसटीसी" की वेबसाइट www.mstcecommerce.com, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।
R-97 महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली

कोहली ने छह पारियों में 137 रन बनाए है

# कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर दबाव बना रहे : कुंबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर बहुत अधिक दबाव बना रहे हैं और उन्होंने इस स्टार बल्लेबाज को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी है। कोहली ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप में जो छह पारियां खेली हैं उनमें वह केवल 137 रन ही बना पाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, '''मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं। वह जिस तरह से अपनी पारी आगे बढ़ा रहे हैं उसमें आप इसे देख सकते हैं। उन्हें इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।''पूर्व कप्तान ने कहा, ''रोहित शर्मा को देखिए वह खुलकर खेलते हैं क्योंकि आगे काफी बल्लेबाज हैं और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह से विराट को भी किसी चीज की चिंता किए बिना खुलकर खेलने की जरूरत है।'' कुंबले ने कहा, ''सभी खिलाड़ी अपने करियर में मुश्किल दौर से गुजरते हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखकर मुझे ऐसा लगता है कि वह खुद पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं।''

**कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर**

क्रमांक. 143/स्था/अराज/2025/ // सूचना // जबलपुर दिनांक 18/02/2025

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल द्वारा ने.सु.च.बो. मेडिकल कॉलेज जबलपुर के स्टॉफ नर्स (नर्सिंग ऑफिसर) के रिक्त पदो पर भर्ती हेतु जारी चयन सूची दिनांक 27 जनवरी 2022 के तहत एवं उक्त के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 2211/2023 शहनाज खातून एवं अन्य विरूद्ध म.प्र. शासन में पारित आदेश दिनांक 13/04/2024 के परिपालन में मध्यप्रदेश शासन लोकस्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल का आदेश क्रमांक 1618 एफ 6/5/0001 / 2024 / मेडि-सत्रह (2) भोपाल दिनांक 05/12/2024 के तहत प्राप्त स्वीकृति के परिपालन में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई चयन सूची में मेरिट के आधार पर संबंधित चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 06/01/2025 से 07/01/2025 तथा 27/01/2025 से 28/01/2025 को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया था, उक्त दिनांक को जो अभ्यार्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं हो पाये हैं उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 28/02/2025 शुकवार, प्रात: 10 :30 बजे दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समयावधि में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यार्थी की उम्मीदवारी स्वत: निरस्त समझी जावेगी । एवं किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जावेगा ।
नोट:-1. भर्ती से संबंधित समस्त जानकारी हेतु चिकित्सा महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.nscbmc.ac.in पर विजिट करें।

अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
मेडिकल कॉलेज जबलपुर
G-23348/24

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. NO/PWD/08/PRO NO. 578 Dated 21/02/2025

/ /द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_401253_1 Dated : 24/02/2025 | संभाग क्रमांक 08 अंतर्गत शीतलामाई वार्ड कुचबंधिया मोहल्ले में वीरमना परिसर का सार्वजनिक गेट मरम्मत एवं मार्बल व अन्य कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>3.28 लाख | 2000/-<br>3300/- | 10/03/2025 |
| 2 | 2025_UAD_401253_2 Dated : 24/02/2025 | सं.क्र. - 08 अंतर्गत शीतलामाई वार्ड टी.आई.टी. कॉलोनी अनुराग चटर्जी के घर से दुबे जी के घर तक एवं बाजू वाली गली में सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>3.52 लाख | 2000/-<br>3600/- | |
| 3 | 2025_UAD_401253_3 Dated : 24/02/2025 | सं.क्र. 08 अंतर्गत शीतलामाई वार्ड में विभिन्न स्थानों पर रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>4.21 लाख | 2000/-<br>4300/- | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म
नगर निगम, जबलपुर

# गिल के शतक से भारत को मिला आत्मविश्वास

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

शुभमन गिल इन दिनों एक दिवसीय क्रिकेट की 'रन मशीन' साबित हो रहे हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैच कहां खेला जा रहा है या विरोधी टीम कौन सी है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले मैच में उनके सामने चुनौती अलग थी ।

पिच धीमी थी और गेंदबाज लगातार बल्लेबाजों की कमियां तलाश रहे थे। इसके बावजूद गिल ने आठवां वनडे शतक जड़ा और भारत को छह विकेट से जीत दिलाई । उन्होंने 125 गेंद में शतक पूरा किया जो उनका सबसे धीमा शतक है लेकिन शायद कैरियर का सबसे महत्वपूर्ण भी । बरसों से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली के कैरियर के आखिरी दौर में गिल का फॉर्म भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैचों में भारत को उनसे इसी प्रदर्शन की जरूरत होगी । बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने कुछ बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाये जिसमें तेज गेंदबाज तंजीम हसन को लगाया पूल शॉट शामिल है ।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- अनूपपुर (म. प्र. )**
निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त ) अनूपपुर

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टलhttp://www.mptenders.gov.in/ पर अनूपपुर जिले के विभिन्न ग्रामों के बसाहटों में 400/200 मि.मी. व्यास, 200 मि.मी. व्यास, के 120 मीटर गहरे नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा के (Bill of Quantity) अनुसार निविदाऐं निम्नानुसार आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं

| क्र. | निविदा क्रमांक /दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर | नलकूप का प्रकार | नलकूप की संख्या | निविदा की लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू.में.) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403708_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत लोक विभाग (म.प्र.) मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 38/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403710_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | |
| 3 | 39/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403711_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | |
| 4 | 40/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403712_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | |
| 5 | 41/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403713_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | |
| 6 | 42/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403714_1 | 200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 22.86 | 45370/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | |
| 7 | 43/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED _403715_1 | 200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 22.86 | 45370/- | 5000/- | 30 दिन वषार्काल सहित | |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 07.03.2025 17.30 बजे,
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 07.03.2025 17.30 बजे, ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि : 10.03.2025 11.00 बजे
निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं ।विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित हैं । निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा । समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगें ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अनूपपुर (म. प्र.)
G-23327/24

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर- चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)**
क्र./2299/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 शिवपुर - चरचा, दिनाँक 21/02/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय निविदा)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165087 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad Shivpur Charcha under SBM 2.0 (2nd Call) | INR Rs. 356.73 Lakhs | INR Rs. 1.78 Lakhs (Rupees One Lakh Seventy Eight Thousand only) TDR/ FDR in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Construction Period - 15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 12.03.2025 by 04.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://cproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् शिवपुर - चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस :- 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500016676<br>120500016907 | श्री मोहम्मद इरशाद खान श्रीमती साबिया अंजुम खान पता मकान नंबर 227 वार्ड नंबर 27 मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वार्ड यकीनिया चौक पोस्ट ऑफिस मस्जिद के पास जबलपुर म.प्र. 482002 | प्लॉट नंबर 9,10,11,12,30,31,32 खसरा नंबर 17/2 मौजा कुदवारी एनबी 556 पटवारी हल्का नंबर 24/80 आरएनएम महाराजपुर तहसील पनागर जबलपुर म.प्र. 482001 क्षेत्रफल 5250 वर्ग फुट | 11.11.2024<br>21.02.2025 | 1,06,82,000.23<br>+ ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500016081 | श्रीमती आरती कुशवाह श्रीमती रुक्मणी कुशवाह पता खसरा नंबर 252/22 का हिस्सा नया डायवर्सन खसरा नंबर 252/29 मौजा अमखेरा एनबी 04 पटवारी हल्का नंबर 22/24 आरएनएम महाराजपुर तहसील पनागर जबलपुर म.प्र. 482004 | खसरा नंबर 252/22 का हिस्सा नया डायवर्सन खसरा नंबर 252/29 मौजा अमखेरा एनबी 04 पटवारी हल्का नंबर 22/24 आरएनएम महाराजपुर तहसील पनागर जबलपुर म.प्र. 482004 क्षेत्रफल 659 वर्ग फुट | 05.12.2024<br>19.02.2025 | 14,41,719.92<br>+ ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी। आज्ञा से
दिनांक : 22.02.2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : जबलपुर एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. 66-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक 20.02.2025 के तहत ई-निविदा। वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम/स्थान: "आसनसोल मंडल - सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में एससीएडीए प्रणाली के मौजूदा 12 अदद अत्यंत पुराने स्विचिंग पोस्ट आरटीयू के प्रतिस्थापना के संबध में दूरसंचार कार्य"। निविदा मूल्य: रु. 85,83,840.55; बयाना राशि: रु. 1,71,700; कार्य समापन अवधि: एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 180 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 17.03.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/ (ASN-348/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश**
नर्मदा रोड़, रामपुर पेट्रोल पम्प के पास, जबलपुर - 482001
दूरभाष- 0761-2666522 ई-मेल - spiu.dsdmp@gmail.com बेवसाईट- mpskills.gov.in

क्रमांक. कोविसं / वे. टेबल/ 2024-25/864 / जबलपुर दिनांक 19/02/2025

निविदा आमंत्रण

संचालक, कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश, नर्मदा रोड, रामपुर पेट्रोल पम्प के पास, जबलपुर मध्यप्रदेश, 482001 द्वारा की मध्यप्रदेश की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मशीन की आपूर्ति के लिए निमार्ताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाइन निविदायें (2 बिड सिस्टम) आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | विवरण | बिड सिक्यूरिटी | निविदा की कीमत |
|---|---|---|---|
| 1 | वेल्डिंग टेबल | राशि रुपए 4,00,000/- (चार लाख रुपए मात्र) | रुपए 2500/- + प्रोसेसिंग फीस |

2. ऑनलाइन निविदा (2 बिड सिस्टम) भरने के लिए विवरण https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। टेण्डर से संबंधित मुख्य तिथियां / समय निम्नानुसार है :-

| S.No. | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन कि दिनांक एवं समय | 25/02/2025, 16:00 Hrs |
| 2. | निविदा डाउनलोड / बिक्री कि दिनांक एवं समय | 25/02/2025, 16:00 Hrs |
| 3. | प्री बिड मीटिंग कि दिनांक एवं समय - कौशल विकास संचालनालय, रामपुर पेट्रोल पंप के पास, नर्मदा रोड, जबलपुर, मध्यप्रदेश 482001 | 05/03/2025,12:00 Hrs |
| 4. | निविदा जमा करने कि प्रारंभ तिथी एवं समय | 12/03/2025, 16:00 Hrs |
| 5. | निविदा जमा करने कि अंतिम तिथी एवं समय | 20/03/2025, 17:00 Hrs |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने कि तिथी एवं समय | 21/03/2025, 17:30Hrs |

ऑनलाइन निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ऑनलाइन निविदा की लागत राशि रुपए 2500/- + प्रोसेसिंग फीस (नॉन रिफन्डेबल) का भुगतान ऑनलाइन द्वारा https://www.mptenders.gov.in पर होना चाहिए । 4. अर्नेस्ट मनी की राशि ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in पोर्टल में जमा की जाना है । 5. निविदा में कोई भी परिवर्तन / संशोधन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध कराया जायेगा।

G-23313/24 संचालक, कौशल विकास मध्यप्रदेश, जबलपुर

# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन के खिलाफ प्रतिवाद दिवस

हरिभूमि जबलपुर।

केंद्र सरकार द्वारा लाये गए अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में शुक्रवार को जबलपुर के अधिवक्ताओं ने न्यायालीन कार्य से निरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया। हाईकोर्ट चौराहे से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी कलेक्टर को सौंपा है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हाई कोर्ट बार, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार व जिला बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में एक दिन की हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक-2025 के प्रविधान अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का हनन करने वालें है। जिसके कारण अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक वकालत पर कुठाराघात होगा। इसीलिए प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

## सूनी रही अदालतें, वकीलों ने नहीं की पैरवी





### काले कानून का विरोध : सैनी

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष व एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने कहा है कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एडवोकेट एक्ट अमेंडमेंट बिल-2025 का महज मध्यप्रदेश में ही नहीं संपूर्ण भारत में घोर विरोध किया जा रहा है। क्योंकि इसके जरिए अधिवक्तागणों पर वज्रपात किया गया है जो कि बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

### अधिनियम संशोधन की पुरजोर खिलाफत

एड तरुण रोहितास ने कहा कि अधिनियम में संशोधन अधिवक्ताओं की आवाज को दबाने का प्रयास है विगत 15 वर्ष से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की जा रही थी उसे पूरा न कर सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के खिलाफ बिल ला रही हैं जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, शैलेंद्र यादव, विनोद विश्वकर्मा, तरुण रोहितास, रविन्द्र दत्त, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा, आलोक जैन, निजामुद्दीन, प्रदीप परसाई, प्रवेश जैन, दुर्गा सिंह, आदित्य, प्रकाश पांडे, संजय सोनी, रविकांत भगत, रोहित जोशी, अरुण भगत, प्रमोद त्रिपाठी, प्रहलाद चौधरी, अमित साहू, सतीश चौधरी आदि उपस्थित थे।


---

पीएम मोदी के छतरपुर प्रवास को लेकर तैयारियां तेज

# पीएम की बुलेटप्रूफ कार श्रीधाम से जबलपुर पहुंची

हरिभूमि जबलपुर।

प्रधानमंत्री मोदी के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 4 बुलटप्रूफ कारें शुक्रवार सुबह श्रीधाम एक्सप्रेस से जबलपुर स्टेशन पहुंची। स्टेशन से ये कारें एसपीजी की सुरक्षा में छतरपुर के लिए सड़क मार्ग से रवाना हो गईं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 23 फरवरी को छतरपुर में होने वाले आगमन को लेकर मध्यप्रदेश सरकार ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा केंसर अस्पताल के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी 23 फरवरी को दिल्ली से भोपाल तक विमान द्वारा यात्रा करेंगे और फिर भोपाल से छतरपुर तक हेलीकाप्टर से पहुंचेंगे। हेलीपेड पर उतरने के बाद वे विशेष कारों द्वारा सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।



### देखते रहे गये यात्री

शुक्रवार को जब जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-1 पर इन चमचमाती कारों को उतारा जा रहा था, तो स्टेशन पर मौजूद लोग इन कारों को देख आश्चर्यचकित थे। खासकर वे लोग जो पहले से ही पीएम मोदी की स्पेशल कारों की चर्चा कर रहे थे।

### जिले से जा रहा पुलिस बल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को छतरपुर के बागेश्वर धाम में पूजा-अर्चन के बाद कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखने आ रहे हैं। इसके साथ ही 26 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 251 बेसहारा कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए जबलपुर जिला पुलिस के सैकड़ों जवानों को ब्रीफ के बाद छतरपुर के लिए रवाना किया जा रहा है। वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए हजारों जवानों को तैनात किया जा रहा है, जिसमें जबलपुर जोन से सैकड़ों पुलिस कर्मियों को छतरपुर भेजा जा रहा है। पुलिस लाइन के साथ सभी 36 थानों से सुविधा अनुसार बल भेजा जा रहा है। पुलिस अधिकारी यह भी देख रहे है कि बल की रवानगी से किसी थाना की रूटीन कानून व्यवस्था पर फर्क न पड़े।

### वेयर हाउस के पीछे से चल रहा था डीजल, पैट्रोल का अवैध कारोबार

जबलपुर। सिहोरा पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने ज्वलनशील पदार्थ डीजल, पेट्रोल के अवैध कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 205 लीटर डीजल एवं 20 लीटर पैट्रोले जब्त किया है। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि गत रात क्राईम ब्रांच और सिहोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनगवां में वेयर हाउस के पीछे पेट्रोल, डीजल छुपा कर रखे धनगंवा निवासी 56 वर्षीय मथुरा प्रसाद चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। वेयर हाउस की तलाशी करने पर तीन प्लास्टिक के डिब्बों में 205 लीटर डीजल और एक डिब्बे में 20 लीटर पेट्रो भरा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 287 भारतीय न्याय संहिता तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

मानव अधिकारों के हनन की शिकायत आयोग को भेजी

# रेलवे के आदेश का भी उल्लंघन कर रहा कछपुरा मालगोदाम

जबलपुर। रहवासी क्षेत्रों एवं शैक्षणिक संस्थाओं, स्कूल, कॉलेजों, धर्म स्थलों और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों से मालगोदामों को दूर रखने रेल मंत्रालय ने क्र. इआरबी 1/2026/23/19 दिनांक 8 अप्रैल 2016 को आदेश जारी कर दिए है लेकिन इस आदेश का उल्लंघन कर अभी घनी बस्ती में मालगोदाम स्थित है। इस पर मानव अधिकार आयोग को अधिकारों के हनन की शिकायत भी उपभोक्ता मंच द्वारा भेजी गई। मंच ने कहा है कि जबलपुर का कछपुरा मालगोदाम घनी बस्ती से सटा हुआ है। वहां पर स्कूल हैं, बाजू में ही ऐतिहासिक गुलौआ तालाब है। जबलपुर मास्टर प्लान में दर्शाया हुआ ग्रीन बेल्ट से यह मालगोदाम सटा हुआ है। इस मालगोदाम में अब रोजाना सैकड़ों ट्रकों की आवाजाही कर सीमेंट, फर्टिलाईजर, आयरनों तथा खाद्यान्न की अनलोडिंग, लोडिंग जारी है। परिणाम स्वरुप धूल, ध्वनि प्रदूषण, सीमेंट, फर्टिलाईजर तथा आयरन ओर से हो रहे जल एवं भूमिगत जल प्रदूषण इस समूचे क्षेत्र में खतरनाक स्थिति निर्मित हुई है। लगभग 20 हजार परिवारों के मानव अधिकारों का हनन हो रहा है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गाईड लाईन की अनदेखी

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2010 में गाईड लाईन तथा पर्यावरण प्रबंधन पर गाईड लाईन जारी की है लेकिन इस गाईड लाईन की अनदेखी जारी रखकर लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य जारी है। धूल ध्वनि तथा जल प्रदूषण की मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। अतः नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, तथा एड प्रभात यादव ने मप्र मानव अधिकार आयोग को ईमेल भेजकर तत्काल हस्तक्षेप करने का निवेदन किया है।

# सर्वश्रेष्ठ दैनिक पीएलएफ का रिकार्ड बना

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के चार ताप विद्युत गृहों ने 19 फरवरी को 90.74 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) अर्जित कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक पीएलएफ का रिकार्ड बनाया। इससे पूर्व पावर जनरेटिंग कंपनी का सर्वश्रेष्ठ दैनिक पीएलएफ 85.03 प्रतिशत था, जो कि सात वर्ष पूर्व 19 अप्रैल 2018 को अर्जित किया गया था।

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने चारों ताप विद्युत गृहों के अभयिंताओं व कार्मिकों इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।



### कुसुम 'ए' योजना में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना कुसुम 'ए' किसानों की आय को दोगुना करने और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अहम योजना है। योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। श्री तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुसार सभी पीपीए 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कर लें।

# अरशद ने बेचा था सुमित को कट्टा कारतूस

जबलपुर। ओमती पुलिस ने गत रात विक्टोरिया अस्पताल परिसर वैक्सीन भंडार तरफ देशी कट्टा लेकर गए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और दो कारतूस जब्त की है। ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर पिस्टल खोंसे विक्टोरिया अस्पताल परिसर वैक्सीन भंडार तरफ जा रहे बेलबाग टोरिया शिव साई मंदिर के पास निवासी 24 वर्षीय सुमित बेन को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और दो कारतूस जब्त किए है। पिस्टल के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त पिस्टल दो माह पूर्व मंडी मदार टेकरी में अपने दोस्त अरशद खान से 15 हजार में खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

साझेदार बनाने का झांसा देकर 32 लाख की ठगी

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के विरुद्ध शिकायत की जांच करें

- हाई कोर्ट ने सिवनी पुलिस को दिए निर्देश, अधिकारियों व श्रमिकों से मारपीट के आरोप का मामला
- यह भी कहा-संज्ञेय अपराध बनने पर एफआईआर दर्ज की जाए

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने सिवनी पुलिस को निर्देश दिए हैं कि विधायक दिनेश राय मुनमुन के खिलाफ शिकायत की जांच करें। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि जांच के बाद यदि संज्ञेय अपराध बनता है तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए।

याचिकाकर्ता सिवनी निवासी मोहसिन अली की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि विधायक दिनेश राय ने पेंच नहर का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंचाने से जुड़े मामले में अधिकारियों और श्रमिकों के साथ मारपीट की थी। याचिका में कहा गया था कि इस संबंध में शिकायत की गई। मामला संज्ञेय अपराध का है, इसके बावजूद पुलिस एफआइआर दर्ज नहीं कर रही है। भारतीय नागरिक संहिता के प्रविधानों के तहत यदि किसी अपराध में तीन से सात वर्ष की सजा का प्रावधान है तो डीएसपी की अनुमति से पुलिस को 14 दिन के भीतर उसकी प्रारंभिक जांच करना अनिवार्य है। अपराध बनता है तो प्रकरण दर्ज करना जरूरी है। इस मामले में 23 जून, 2024 को शिकायत की गई थी, लेकिन अभी तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।



कुण्डम में बाईकों में सीधी भिडंत

# सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की मौत

जबलपुर। कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम टुरका चिथरा नाला के पास एक बाईक ने दूसरी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाईक में बैठे दो युवकों बाईक सहित नीचे गिर गए और दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आ गई। दोनों को उपचार के लिए कुण्डम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनेरी पोड़ी निवासी 31 वर्षीय रामजीत यादव गत दिवस अपने जीजा राजेंद्र यादव से मिलने ग्राम सरसंवा परफेक्ट पोल्ट्री फार्म आया था, जो दूसरे दिन सुबह लगभग 8 बजे ग्राम सरसवां से अपने गांव पोड़ी परफेक्ट पोल्ट्री फार्म अपनी बाईक क्रमांक एमपी 17 जेड के 4458 से ग्राम टुरका निवासी 35 वर्षीय तिवारी उइके के साथ निकला था। जैसे ही लगभग 9 बजे दोनों ग्राम टुरका चिथरा नाला के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन आर 1425 के चालक ने उनकी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे रामजीत यादव एवं तिवारी उइके दोनों मोटर सायकल सहित नीचे गिर गये और दोनों के सिर मे गम्भीर चोटें आ गयी। घटना की सूचना मिलते ही रामजीत के जीजा राजेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और दोनों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी कुण्डम लेकर गए, जहां डाक्टर ने चैक कर दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ट्रैफिक थानों के हिसाब से ई-रिक्शा की होगी कलर कोडिंग

# ई-ऑटो रिक्शा संचालन के लिए अब परमिट लेना होगा जरूरी

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर शहर में ई-ऑटो रिक्शा की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ता जा रहा है। बढ़ते यातायात के कारण शहर की सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा हो रही है, और इससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जबलपुर ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर एक नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब शहर और देहात में चलने वाले ई-ऑटो रिक्शा के लिए परमिट लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

आरटीओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक जबलपुर में कुल 8 हजार ई-ऑटो रिक्शा का पंजीयन हो चुका है। इन पंजीकृत ई-ऑटो रिक्शा को शहर के तीन प्रमुख ट्रैफिक थानों - गढ़ा, घमापुर और मालवीय चौक - के तहत बांटा जाएगा। इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए अब इन रिक्शा के संचालकों को परमिट जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।



### तीन थानों के हिसाब से होगी कलर कोडिंग

आरटीओ अधिकारी जितेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि ई-रिक्शा के व्यवस्थित संचालन के लिए यातायात पुलिस द्वारा इन तीनों थानों में कलर कोडिंग की जाएगी। इस कलर कोडिंग के माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र में ई-रिक्शा की पहचान और संचालन में आसानी होगी।

### परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया

इस नई व्यवस्था के तहत, ई-रिक्शा संचालकों को अब परमिट प्राप्त करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा करने होंगे। इन दस्तावेजों में वाहन का पंजीयन प्रमाणपत्र, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और 200 रुपये का आवेदन शुल्क शामिल है। इन सभी दस्तावेजों के साथ ई-रिक्शा संचालक को आरटीओ कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा। इसके बाद, उन्हें अनुज्ञा पत्र (परमिट) जारी किया जाएगा, जो उनके ई-रिक्शा को वैध रूप से संचालन के लिए अनुमति देगा। इस प्रक्रिया के तहत ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के साथ-साथ ई-रिक्शा के संचालन को भी व्यवस्थित किया जाएगा।

### सुधार की उम्मीद

इस नई व्यवस्था के लागू होने से जहां एक ओर ट्रैफिक की स्थिति में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर ई-रिक्शा संचालकों के लिए भी एक कानूनी और सुव्यवस्थित ढांचा तैयार होगा। इस कदम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ई-रिक्शा के संचालन में कोई अव्यवस्था नहीं हो और यह केवल निर्धारित मार्गों पर ही चले। इसके अतिरिक्त, परमिट प्रक्रिया के जरिए शहर के प्रत्येक ई-रिक्शा की स्थिति और उसकी वैधता की निगरानी भी की जा सकेगी, जिससे सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिलेगी।

### संचालकों को मिलेगा सहयोग

आरटीओ कार्यालय द्वारा ई-रिक्शा संचालकों को विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जा रही है, ताकि वे समय पर आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकें और परमिट प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही, ई-रिक्शा संचालकों के लिए प्रशिक्षण और अन्य सहयोग भी प्रदान किया जाएगा ताकि वे इस नई व्यवस्था के तहत अपनी सेवाएं सही तरीके से दे सकें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240